सुप्रभात
रांची, बुधवार
05.02.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantralive.com
khabarmantra.net

माघ, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 205



12 'हेरी फेरी-3' कास्ट मेरे बिना रहेगी अधूरी : तब्बू

## न्यूज डायरी

### पीएम मोदी आज संगम में लगायेंगे डुबकी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी पांच फरवरी को प्रयागराज जायेंगे और पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह संगम में पवित्र स्नान करेंगे। पवित्र स्नान कर मां गंगा की पूजा-अर्चना करेंगे। महाकुंभ मेला का भ्रमण पौष पूर्णिमा 13 जनवरी से चल रहा महाकुंभ दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम हैष इसमें दुनिया भर से श्रद्धालु आते हैं।

### दो ट्रकों की टक्कर में दो की मौत, दो गंभीर

**चंदवा।** एनएच 75 (अब 39) रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बेकाबू रफ्तार का कहर फिर से देखने को मिला, जहां मंगलवार की अहले सुबह लगभग पांच बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाधुप-सेन्हा कांति झरना तोरणद्वार के समीप दो ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक ट्रक के चालक और दूसरे ट्रक के उपचालक की मौत हो गई। जबकि एक ट्रक के चालक व दूसरा ट्रक के खलासी गंभीर रूप से घायल है।

### एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की मतगणना आज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन चुनाव की दोबारा मतगणना बुधवार को होगी। निवार्ची पदाधिकारी मृणाल कांति राय ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने पर्यवेक्षक और निवार्ची पदाधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर कहा है कि एडवोकेट एसोसिएशन के चुनाव में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हुई है। इसलिए दोबारा मतगणना होगी। सात पदाधिकारी सहित नौ कार्यकारिणी सदस्यों के लिए 23 जनवरी को मतदान हुआ था।

### दिल्ली विधानसभा का चुनाव आज, सुरक्षा कड़ी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर 5 फरवरी को मतदान होगा। दिल्ली पुलिस मतदान से पहले ही कड़ी सतर्कता बरत रही है और पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ा दी है। दक्षिण जिला पुलिस ने देर रात गश्त की, जिसका नेतृत्व डीसीपी अंकित चौहान ने किया। यह गश्त चुनाव के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए चल रहे प्रयासों का हिस्सा थी। डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि सुरक्षाबलों की 15 कंपनियां तैनात हैं।

### पाकुड़ : सड़क हादसा में तीन लोगों की मौत

**पाकुड़।** महेशपुर प्रखंड के चंद्रपुरा-भेटाटोला मुख्य सड़क के बदमसीय गांव के निकट सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार युवकों की मौत हो गयी। मृत युवकों की पहचान महेशपुर प्रखंड के सिलमपुर गांव निवासी सद्दाम शेख (24), साजिर शेख (20) और सेनपुर गांव निवासी अजीम शेख के रूप में की गई है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 78500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 99000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




## बकाया राशि को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने दी केंद्र को चेतावनी

# हक नहीं मिला, तो बंद कर देंगे खदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड का केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों पर बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये को ले कर केंद्र सरकार को सख्त चेतावनी दी है। हमें पता है कि हक और अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है। हक-अधिकार की रक्षा के लिए कानूनी रास्ते भी अपनाये जायेंगे। 1.36 लाख करोड़ बकाया नहीं मिला तो बंद करना पड़ेगा खदान। उन्होंने कहा, 'अपने पर उतरे तो देश अंधकार में डूब जायेगा। उन्होंने कहा, जब भी केंद्र से पैसा मांगने जाते हैं तो कहा जाता है कि कोई बकाया नहीं है। यहां के सांसद लोगों ने भी मुंह पर टेप साट लिया है। कोई कुछ नहीं बोलता। लेकिन हम चुप बैठने वाले नहीं हैं। हमलोग झारखंडी है, हमें पता है कि हक और अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है। श्री सोरेन मंगलवार को यहां गोल्फ ग्राउंड रणधीर वर्मा स्टेडियम में बोल रहे थे।



- अधिकार मांगने से नहीं छीनने से मिलता है
- झारखंडी अपना हक-अधिकार लेना जानता है
- खदान के लिए जमीन की सही कीमत देनी पड़ेगी
- बकाया राशि पर यहां के सांसद कुछ नहीं बोलते
- जल्द शुरू होगा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम
- जमीन में गड़बड़ी करने वाले जायेंगे जेल

**1.36 लाख करोड़ हो गया बकाय :** सीएम ने कहा, जब से हमारी जमीन से कोयला निकाला जा रहा है, तब से आजतक इस राज्य को रॉयल्टी नहीं मिली है। केंद्र पर हमारा बकाया करोड़ों हो गया है। कई बार मांग चुके हैं, पर नहीं मिलता। बकाया राशि की मांग को लेकर अभी चिट्ठी लिखी गयी है। कानूनी रास्ते भी अपना रहे हैं। फिर भी हमें अपना हक नहीं मिला तो, वाध्य हो कर कोयला खदान को बंद भी करना पड़ेगा। समारोह में सीएम, कल्पना सोरेन, हफीजुल हसन, योगेंद्र महतो, मथुरा महतो, बेबी देवी, मिथिलेश ठाकुर सहित पार्टी के नेता-कार्यकर्ता शामिल थे।

## जमीन में गड़बड़ी करने वाले जायेंगे जेल

सीएम ने कहा कि पूरे झारखंड में जमीन दलालों का रैकेट फैला हुआ है। ऑनलाईन प्रक्रिया में उल्टा सीधा नाम चढ़ाकर चतुर लोग जमीन बेचने में लग गए हैं, जिसमें बीडीओ, सीओ भी शामिल हैं। ऐसी सूचना उन्हें मिल रही है। धनबाद में यह काम ज्यादा हो रहा है। बहुत जल्द इसे रोकने के लिए मुहिम शुरू करूंगा। इसमें जो भी बीडीओ, सीओ शामिल रहेंगे, उनपर कानूनी शिकंजा कसा जायेगा। उन्होंने कहा कि मईयां योजना के नाम पर भी कई एजेंट गांव गांव घूम रहे हैं। अलग अलग प्रलोभन देकर पैसा ऐंठने का काम करेगा। उनके झांसे में किसी महिला को आने की जरूरत नहीं है। सरकारी पैसे का सही उपयोग करो, इसे जमा कर गाय खरीदोऔर उससे अपनी आय बढ़ायें। यह योजना आधी आबादी को स्वावलंबी बनाने के लिए चलायी जा रही है।

### अभी तो चिट्ठी-पत्री लिख रहे हैं

सीएम ने कहा अभी राज्य की कमान हमारे हाथ में है, इसलिए नियमानुसार चिट्ठी पत्री कर रहे हैं। जरूरत पड़ी तो सरकार में रहते हुए कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और राज्य में कोयले का उत्पादन भी ठप करा देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिस स्थान से खनन का काम पूरा हो चुका है, वह जमीन भी हमें वापस नहीं की जा रही है। हमलोग इसे भी वापस लेकर रहेंगे। समारोह में पार्टी के महासचिव बिनोद पांडेय, सुप्रियों भट्टाचार्य, पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व मंत्री बेबी देवी, जिला अध्यक्ष लख्खी सोरेन, सचिव मन्नु आलम, रतिलाल टुडू, रमेश टुडू आदि मौजूद थे।

### जमीन की सही कीमत देनी ही होगी

सीएम ने कहा कि पिछले दिनों झारखंड दौरे पर आये केंद्रीय कोयला मंत्री से उनकी बात हुई थी। उन्होंने कहा यहां जमीन की कीमत बहुत अधिक है, इसे कम करने की जरूरत है। जमीन का मुआवजा देने में परेशानी आती है। इसपर उनसे साफ कह दिया कि जमीन की कीमत कम नहीं होगी। आपको खनन का काम करना है तो करें, अन्यथा छोड़ दें। सीएम ने कहा कि अब मूर्ख नहीं बनने वाले हैं, अपने हक और अधिकार के लिए हर लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। सीएम ने बजट पर भी केंद्र को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा, झारखंड को कुछ नहीं मिला। गरीब, किसान, मजदूर के लिए इस बजट में कुछ नहीं है। सिर्फ अमीरों को ध्यान में रखकर बजट पेश किया गया है। ये जुमले वाली सरकार हर बजट में लोगों को मूर्ख बनाने का काम करती है। मंईयां योजना से 50 लाख महिलाएं लभान्वित हो रही हैं। अब तो भाजपा भी हमारी नकल करने लगी है। पहले मुझे कहा जा रहा था कि वोट के लिए मुफ्त की रेवड़ी बांटी जा रही है।

# टोल प्लाजा का लाइट टावर गिरा, 2 की मौत


### पांच घायल, मृतकों में दोनों महिलाएं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची के नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित टोल प्लाजा का लाइट टावर एक ऑटो पर गिरने से दो महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे में ऑटो में बैठे पांच यात्री बुरी तरह से जख्मी हुए हैं। घायलों को स्थनीय लोगो की सहायता से पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया है। नगड़ी थाना प्रभारी अभिषेक राय ने बताया कि हादसे में दो महिलाओं की मौत हुई है, जबकि पांच घायल हैं। घायलों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

### ऑटो में आठ यात्री सवार थे

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेड़ो टोल प्लाजा के पास से यात्रियों से भर ऑटो गुजर रहा था। इसी दौरान टोल प्लाजा के पास स्थित लाइट टावर अचानक ऑटो पर जा गिरा। आटों में सवारी सभी यात्री दब गये। हादसे को देख स्थानीय और टोल कर्मी भागे भागे मौके पर पहुचे और ऑटो में दबे यात्रियों को निकालने में जुटे। इसी बीच नगड़ी पुलिस भी मौके पर पहुची। तब तक ऑटो में सवार दो महिलाओं की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा के पास स्थित लाइट टावर का अगला भाग जिसमें काफी सारे लाइट्स लगे रहते हैं, वही भाग ऑटो पर गिरा था। इस वजह से किसी को संभलने का मौका नहीं मिला। स्थानीय लोग और पुलिस की टीम सही समय पर मौके



पर पहुंचें नहीं तो हताहतों की संख्या और ज्यादा हो सकती थी। जिन दो महिलाओं की मौत हुई है उनकी पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। लाइट टावर कैसे गिरा, जिला प्रशासन इसकी जांच करा रहा है। इसकी जांच भी की जा रही है। मामले में जो भी दोषी होगा उस पर भी कार्रवाई की होगी।

# महाकुंभ का वैभव देख भूटान नरेश अभिभूत

- योगी के साथ संगम में लगायी डुबकी

एजेंसी

**महाकुंभनगर।** भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संग त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई और महाकुंभ का वैभव देख अभिभूत हो गये। भूटान के नरेश ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पावन संगम में 'पुण्य की डुबकी' लगाने मंगलवार को प्रयागराज पहुंचे। नामग्याल वांगचुक के साथ मुख्यमंत्री प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगायी। पुरोहितों ने मुख्यमंत्री और भूटान नरेश का विधिविधान से पूजन संपन्न कराया। मुख्यमंत्री और भूटान नरेश में गंगा मां को दुग्ध और माला अर्पित किया। दोनों ने मां गंगा की आरती उतारी। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से भूटान नरेश को छोटा चांदी का कलश सौंपा। (शेष 11 पर)



# मूर्ति विसर्जन में पत्थरबाजी, दो घायल

### पुलिस ने स्थिति को काबू में किया, घटना गोला के सोसो कलां गांव की

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोला/रामगढ़।** गोला थाना क्षेत्र के सोसो कलां गांव में सरस्वती मां की प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक समुदाय के लोगों ने पथरबाजी कर दी। पत्थरबाजी में दो लोग घायल हो गए। दोनों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। बताया गया कि उक्त गांव के केवट टोला में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा को विसर्जन के लिए श्रद्धालु निकले हुए थे। इसी क्रम में शमीम खान के घर के समीप दूसरे समुदाय के लोगों ने इस रूट से प्रतिमा को पार करने का विरोध जताया। दोनों समुदाय के लोगों के बीच जमकर उठा पटक होने लगीं। जमकर मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच बगल के बाउंड्री वॉल से पत्थर बाजी होने लगी। यसोदा देवी पति गोपाल चौधरी को गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और स्थिति को काबू में करते हुए मूर्ति का विसर्जन कराया। घायल दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया। दोनों समुदायों के लोगों से पुलिस मामले की विस्तृत जानकारी में जुटी है। बताया जाता है कि गोला थाना क्षेत्र में लो इन ऑर्डर की भारी कमी है। जिसके कारण इस तरह के मामूली सा त्यौहार में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इसके अलावा क्षेत्र में चोरी, बदमाशों द्वारा हवाई फायरिंग, हत्या आदि की घटना में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है। इस तरह की घटना यहां पहली बार हुई है। दूसरी ओर शांति समिति की बैठक में डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाता है। लेकिन प्रतिबंध पर पुलिस प्रशासन द्वारा किसी तरह का कोई पहल नहीं किया जाता है।

## सदन में बोले पीएम- हम संविधान को जीते हैं, जहर की राजनीति नहीं करते

# तुष्टीकरण खत्म कर संतुष्टीकरण नीति बनायी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा कि संविधान को मजबूती देने के लिए उसकी भावना को जीना पड़ता है और हम वो लोग हैं जो संविधान को जीते हैं, हम जहर की राजनीति नहीं करते। मोदी ने कहा है कि वह गरीबी को जानते हैं और गरीब का दर्द समझते हैं, इसलिए उनकी सरकार ने गरीबी की समस्या के समाधान की कई योजनाएं बनायी। गरीबों को फायदा पहुंचाने का काम पारदर्शी तरीके से किया है। पहले तुष्टीकरण की नीति अपनाकर कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया जाता था, लेकिन हमने संतुष्टीकरण की नीति अपनायी जिससे बिना भेदभाव के जिसका जो हक है उसे वह मिल रहा है। पीएम मंगलवार को संसद में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोल रहे थे। पर करीब 17 घंटे की चर्चा का जवाब देते हुए कहा, राष्ट्रपति ने (अभिभाषण में) संविधान के 75 वर्ष पूरे होने की विस्तार से चर्चा की है। (शेष 11 पर)



### तुष्टीकरण की नीति खत्म की

मोदी ने कहा कि पहले की सरकार में तुष्टीकरण का बोलबाला था। सिर्फ अपनों और कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया जाता था, लेकिन हमने संतुष्टीकरण की नीति अपनायी जिससे बिना भेदभाव के जिसका जो हक है उसे वह मिल रहा है। धन्यवाद प्रस्ताव पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए मोदी ने कहा कि पिछले दस साल में हर सप्ताह एक नया विश्वविद्यालय बना। हर दो दिन में एक नया कॉलेज खुला है। हम हर योजना के पीछे लगे हैं ताकि शत-प्रतिशत लागू हो ताकि जिसका जो हक है उसे मिले। इसमें बिना भेदभाव के जिसका जो हक है वह मिल रहा है यही सामाजिक न्याय है और संविधान का सम्मान है।

**हमने गरीबों को मजबूत बनाया :** मोदी ने कहा कि सरकार न सिर्फ गरीबों के हित के लिए काम कर रही है बल्कि पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक पैसे की बचत कर रही है। उस पैसे का इस्तेमाल विकास के काम में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों की समस्या के समाधान के लिए स्वास्थ्य कार्ड, शौचालय, हर में नल से जल, मृदा स्वास्थ्य कार्ड से न केवल गरीब लोगों के जीवन आसान हुआ है बल्कि उन्हें हजारों करोड़ रुपए की बचत हो रही है। डिजीटली प्रौद्योगिकी के जरिये करोड़ों की संख्या में फर्जी लाभार्थियों की छंटाई हुई है।

# झारखंड की फल और सब्जियां अब जायेंगी विदेश

### किसानों की आय बढ़ाने में जुटी सरकार

### वैश्विक मंच देने की तैयारी कर रही है निसा

सुधीर

**रांची।** झारखंड की फल और सब्जियां अब न सिर्फ देश बल्कि विदेशों में भी भेजी जायेगी। राष्ट्रीय माध्यमिक कृषि संस्थान नामकुम रांची (निसा) ने झारखंड की फलों और सब्जियों को वैश्विक मंच देने की तैयारी में जुटी है। राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के उदेश्य से सरकार ने न सिर्फ उन्हें मंच प्रदान कर रही है, बल्कि उनकी फलों और सब्जियों को विदेश भेजने की भी तैयारी कर रही है। झारखंड की फल और सब्जियां देश के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया, कनाडा, ब्रिटेन और अन्य यूरोपीय देशों में निर्यात की जायेगी।



### निसा के प्रयास की मंत्री ने की सराहना

राज्य से बड़ी मात्रा में उत्पादित कटहल, मटर, गोभी, अदरक, बैगन और कई अन्य सब्जियों का स्वाद विदेशों तक पहुंचाने के लिए निसा के प्रयासों की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड से कृषि उत्पादों के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। झारखंड एक ऐसा राज्य है, जहां प्राकृतिक रूप से जैविक खेती की जाती है। यहां के किसान खेतों में कीटनाशकों या रासायनिक खादों का इस्तेमाल कम ही करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के किसानों के बेहतर जीवन के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है।

### निसा ने आरकेवीवाई को भेजे दो प्रोजेक्ट

बताते चलें कि राज्य के किसान अपनी खेतों में बड़ी मात्रा में हरी सब्जियां उगाते हैं। सीजन में जब मांग से अधिक सब्जियां बाजार और मंडी में पहुंचती हैं, तो किसानों को उनका वाजिब दाम भी नहीं मिल पाता है। ऐसे में किसानों को हर साल आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में भारत सरकार की संस्था निसा ने राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) में दो प्रोजेक्ट को अनुमति के लिए भेजा है, ताकि झारखंड दुनिया के अग्रणी देशों के मानकों पर खरा उतर सके और अपने फलों और सब्जियों को विदेशों में निर्यात कर सके। (शेष 11 पर)

**लेबोरेटरी की होगी जरूरत :** निशा के निदेशक अभिजीत कर ने कहा कि या तो आप सब्जियों को सब्जी मंडी में भेजें या फिर आप उन्हें निर्यात करके ज्यादा पैसे कमा सकते हैं। सब्जियों और फलों के निर्यात के लिए कई मानकों को ध्यान में रखना पड़ता है, जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर का पैक हाउस बनाना, उदाहरण के लिए अगर आप अपने आमों को जापान, अमेरिका में बेचना चाहते हैं, तो उसे वेपर ट्रीटमेंट करना होगा। विभिन्न देशों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप अपने उत्पादों को तैयार करने के लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत पैक हाउस और फूड टेस्टिंग लेबोरेटरी की परियोजना को स्वीकृति के लिए भेजा गया है।

# रांची के नगड़ी में चली गोली चाचा और भतीजे की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी के नगड़ी इलाके में गोलीबारी की घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार नगड़ी थाना क्षेत्र के कतरपा गांव मे गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिया गया। इस गोलीबारी में बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप की मौत हो गयी। रिम्स में मौजूद मनोज की बहन प्रीति ने बताया कि वह घर में खाना खा रही थी, इसी दौरान गोली चलने की आवाज आयी। जब वे लोग दौड़ कर पहुंचे तो वहां बुधराम मुंडा और मनोज कच्छप दोनों जमीन पर गिरे हुए थे। दोनों को जल्दबाजी में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। 30 वर्षीय मनोज मुंडा और 32 वर्षीय मनोज कच्छप रिश्ते में चाचा भतीजा थे।

### प्रतिमा का विसर्जन हो रहा था

स्थानीय ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गांव में शाम के समय सरस्वती मा की प्रतिमा का विसर्जन किया जा रहा था। बुधराम मुंडा और मनोज भी विसर्जन जुलूस के काफी पीछे चल रहे थे, इसी दौरान गोली चलने की आवाज आयी। गोली बुधराम और मनोज दोनों को लगी हुई थी और वह जमीन पर तड़प रहे थे गोली किसने मारी यह किसी ग्रामीण ने देख नहीं पाया। रांची के ग्रामीण एसपी ने बताया गोलीबारी की घटना की जानकारी मिली है, मामले में जांच की जा रही है।

## एमआरएचएम में आयोजित विश्व कैंसर दिवस पर बोले स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी

# रेडिएशन व पान मसाले से फैल रहा है कैंसर का खतरा

- **आदेश नहीं मानने वाले निजी अस्पतालों पर होगी कार्रवाई**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि रेडिएशन और पान मसाले के सेवन से कैंसर फैल रहा है। उन्होंने बताया कि पान मसाले की बिक्री पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री मंगलवार को नामकुम के आइपीएच सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ निजी अस्पताल उनके आदेश की अवहेलना कर रहे हैं और चेतावनी दी कि यदि यह सब नहीं रुका तो वह खुद संबंधित अस्पतालों में ताला जड़ देंगे। मंत्री ने कहा कि वह चाहते हैं कि झारखंड के अस्पतालों में हाईटेक मशीनें लगाई जायें और इसके लिए काम चल रहा है। साथ ही, झारखंड के स्वास्थ्य के बजट में बड़ा बदलाव होने वाला है।

**सादा पान मसाले पर भी लगेगा प्रतिबंध :** मंत्री ने कहा कि उन्होंने झारखंड में सादा पान मसाले की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। राज्य में पान मसाला की खरीद-फरोख्त पर बैन रहेगा। जो लोग इसकी बिक्री करते हुए पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन के रेडिएशन से भी कैंसर का खतरा होता है, इसलिए सोते समय सिर के पास मोबाइल न रखें।

### जल्द ही सीएम रिम्स-2 की रखेंगे आधारशिला

डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जल्द ही रिम्स-2 की आधारशिला रखेंगे। विभाग इसकी तैयारी में जुटा है। इसके अलावा, राज्य में 300 नए एंबुलेंस भी देने की योजना है। गांवों में सहिया बहनों को बाइक एंबुलेंस दी जाएगी ताकि समय पर मरीजों को अस्पताल पहुंचाया जा सके। राज्य में कैंसर अस्पताल बनाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े और उन्हें आर्थिक नुकसान भी न हो।



### स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकार स्वस्थ झारखंड की दिशा में काम कर रही है। झारखंड के स्वास्थ्य क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार प्रयासरत है, ताकि राज्य के लोग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए राज्य में विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और इसके प्रचार-प्रसार के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ होमवर्क किया गया है। इस बार का झारखंड का बजट स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाएगा।

### स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है

जल्द ही राज्य में 5 नए सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल बनाने की दिशा में काम चल रहा है। इसके बाद हर जिले में एक सुपर स्पेशियालिटी अस्पताल होगा। 5 नए ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की दिशा में भी प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में भी निजी अस्पतालों जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, लेकिन फिर भी कई चिकित्सक निजी अस्पतालों में अपनी सेवाएं देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र को बिजनेस की तरह नहीं, बल्कि सेवा भावना से लिया जाना चाहिए, ताकि दूसरों की सेवा करने में सुकून मिले।

### 42 हजार सहिया बहनों को मिलेगा लेटेस्ट टैब

राज्य की सहिया बहनें स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने का काम करती हैं। सरकार जल्द ही उन्हें टैबलेट देगी ताकि उनका काम आसान हो सके। मंत्री ने कहा कि यदि किसी को कैंसर का शंका हो, तो सहिया बहनें तुरंत सूचना दें ताकि समय रहते मरीज का इलाज शुरू हो सके और उनकी जान बचाई जा सके। राज्य सरकार मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करती है।

### गर्भवती महिलाओं का मुफ्त अल्ट्रासाउंड

स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि सरकार जल्द ही झारखंड वासियों को मुफ्त में दवा और जांच सेवाएं प्रदान करेंगी। गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड भी मुफ्त में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भगवान के रूप होते हैं और यदि कोई डॉक्टर से दुर्व्यवहार करेगा तो इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि निजी अस्पताल मरीजों की मृत्यु होने पर उनके परिजनों से बिल चुकाने का दबाव नहीं बनाएंगे और इसे स्वयं माफ कर देंगे।

### पूरे राज्य में कैंसर स्क्रीनिंग करने का निर्णय

अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अबु इमरान ने कहा कि झारखंड सरकार ने राज्यभर में कैंसर स्क्रीनिंग करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक मदद दी जाती है। यह पहली बार राज्य स्तर पर कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। सभी स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कैंसर स्क्रीनिंग की जाएगी। 9 से 14 वर्ष की बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन भी किया जाएगा।

### 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक

हर साल विश्व कैंसर दिवस एक विशेष थीम के साथ मनाया जाता है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में नए लक्ष्य और दिशा निर्धारित करती है। इस साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है। इसका उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों को मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ना होगा। इस कैंसर स्क्रीनिंग के माध्यम से लोगों को कैंसर के लक्षणों के बारे में जानकारी दी जाएगी, ताकि उन्हें समय पर जांच और इलाज मिल सके।

## पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 12 को

**रांची।** राजधानी रांची में 12 फरवरी को पूर्वी कमान अलंकरण समारोह 2025 का आयोजन किया गया है। इसमें वीर सैनिकों, विशिष्ट सैन्यकर्मियों और उत्कृष्ट इकाइयों को सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उपस्थित रहेंगे। वहीं, लेफ्टिनेंट जनरल आरसी तिवारी, जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान, इस अलंकरण समारोह के दौरान वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कारों से सम्मानित करेंगे। इसके अतिरिक्त 45 सैन्य इकाइयों को जीओसी-इन-सी, पूर्वी कमान इकाई प्रशंसा से सम्मानित किया जाएगा। वहीं, 11 फरवरी को कार्यक्रम से एक दिन पहले शौर्य सनाध्य नामक एक सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें मार्शल आर्ट का प्रदर्शन होगा। इसके अलावा हेलीकॉप्टरों द्वारा फ्लाई-पास्ट, आर्मी बैंड सिम्फनी फ्यूजन प्रस्तुति तथा भव्य आतिशबाजी प्रदर्शन की जायेगी। इस समारोह में पुरस्कार विजेताओं के परिवारों के साथ-साथ भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। **कुल 39 पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा :** 20 सेना पदक (वीरता), 04 सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 01 बार टू सेना पदक (विशिष्ट सेवा), 02 युद्ध सेवा पदक, 01 बार टू विशिष्ट सेवा पदक, 11 विशिष्ट सेवा पदक


**शपथ-पत्र**

मैं, मो० तौसिफ आलम, पिता- स्व० मोहम्मद मारूफ आलम, निवास स्थान जैन मंदिर के पास, लाइन मोहल्ला डोरण्डा, थाना डोरण्डा, जिला रांची-834002 राज्य झारखंड शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त वर्णित पता का जन्मवासी हूँ तथा यही मेरा स्थायी पता है जो कि डोरण्डा थाना क्षेत्र अन्तर्गत आता है ।
2. यह कि मो० तौसीफ आलम मेरा वास्तविक एवं सही नाम है तथा इसी नाम से मेरा आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार कार्ड संख्या 7865 4066 9541 है।
3. यह कि पैन कार्ड में मेरा नाम तौसिफ आलम अंसारी दर्ज है
4. यह कि मेरा ड्राईविंग लाइसेंस में मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी, पिता मोहम्मद मारूफ आलम दर्ज है।
5. यह है कि मेरा पासपोर्ट में मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी दर्ज है।
6. यह है कि मेरा बैंक खाता में भी मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी दर्ज है।
7. यह है कि मोहम्मद तौसिफ आलम अंसारी, तौसिफ आलम अंसारी,तौसिफ आलम एवं मो. तौसीफ आलम सभी नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मेरा नाम है।


# राज्य में आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था बनायें : मुख्य सचिव

- **प्रशिक्षित मछुआरों को गोताखोर के रूप में की जाएगी तैनाती, मिलेगा 10 हजार मानदेय**
- **आंधी-तूफान तथा ग्रीष्म लहर (लू) से मरनेवालों को भी मिलेगा मुआवजा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य में प्राकृतिक कारणों से होने वाली क्षति से निपटने के लिए आपदा राहत की त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। उन्होंने कहा है कि ससमय राहत और बचाव कार्य से हम प्राकृतिक आपदा की क्षति को न्यूनतम कर सकते हैं। वह मंगलवार को आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक में तय हुआ कि राज्य के चिह्नित जलाशयों पर बचाव उपकरणों से लैश गोताखोर की तैनाती की जाएगी। इसके लिए पंजीकृत पेशेवर मछुआरों को प्रशिक्षित किया जाएगा। चयनित गोताखोरों को 10 हजार रुपये मानदेय भी दिया जाएगा।

**विशिष्ट स्थानीय आपदा को 10 करोड़ स्वीकृत :** वहीं राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा, मसलन अतिवृष्टि से होनेवाली जान-माल की क्षति, सर्पदंश, खनन जनित आपदा, वज्रपात, रेडिएशन संबंधी आपदा, पानी में डूबने, भगदड़ एवं गैस रिसाव तथा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्ति के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान भुगतान के लिए 10 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी गई। इससे किसी भी आपदा के बाद जिले द्वारा राशि की मांग और उसकी स्वीकृति में लगने वाले समय से बचा जा सकता है। संबंधित जिले के उपायुक्त इस राशि का परिस्थिति के अनुसार तत्काल उपयोग कर सकेंगे। वहीं बैठक में राज्य में आंधी-तूफान तथा ग्रीष्म लहर (लू) से संभावित जानमाल की क्षति को देखते हुए राज्य की विशिष्ट स्थानीय आपदा के तहत आपदा घोषित करने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया।

**खरीदे जायेंगे 39 मिनी अग्निशमन वाहन :** दूसरी ओर राज्य के शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों की संकीर्ण गलियों में निर्मित मकानों-भवनों में आगजनी की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए 39 अग्निशामालयों के लिए अग्निशमन वाहन (मिनी वाटर टेंडर विथ मिस्ट टेक्नोलॉजी) खरीद के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। आपदा प्रबंधन विभाग वज्रपात और डूबने से होने वाली मौतों के हॉटस्पॉट को झारखंड स्पेस एप्लिकेशन सेंटर के सहयोग से चिह्नित करेगा। उसके बाद चिह्नित स्थानों, इलाके में इस संकट से निपटने की रणनीति बनाई जाएगी।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न आपदा प्रबंधन से जुड़ी राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक में गृह विभाग की प्रधान सचिव वंदना दादेल, होमगार्ड एवं अग्निशमन के डीजी अनिल पालटा, वित्त सचिव प्रशांत कुमार, आपदा प्रबंधन सचिव राजेश शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## राज्य के चार यूनिवर्सिटियों में जल्द पूरी की जायेगी कुलपति बहाली की प्रक्रिया : राज्यपाल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि राज्य के 4 विश्वविद्यालयों में कुलपति की बहाली प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव प्रक्रिया के कारण इसमें थोड़ा विलंब हुआ है। लेकिन जल्द ही इस दिशा में कार्य करते हुए सारी शिकायतें दूर की जाएंगी। वे मंगलवार को जमशेदपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। राज्यपाल जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुए।

**शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता :** राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में जमशेदपुर का महिला विश्वविद्यालय काफी अच्छे ढंग से काम कर रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में इस राज्य में हमें काफी काम करने की आवश्यकता है। आने वाले दिनों में इसमें भी सुधार देखने को मिलेगा।

## झारखंड में 25 फरवरी से बंद हो जायेगा श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन

- **केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का झारखंड सरकार को निर्देश**

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों को सामाजिक, आर्थिक और शारीरिक रूप से टिकाऊ क्षेत्र बनाने को लेकर श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन शुरू किया गया था। लेकिन राज्य में यह मिशन 25 फरवरी से बंद हो जायेगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने इस बाबत में झारखंड सरकार को निर्देश दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन में खर्च की गयी राशि और बची हुई राशि का ब्योरा दें। मंत्रालय ने 25 फरवरी से इस मिशन को पूर्ण रूप से बंद करने की घोषणा की है।

**ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करना इसका मुख्य उद्देश्य :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक, सामाजिक और वास्तविक रूप से मजबूती प्रदान करना है। इसके तहत, ग्रामीण स्तर पर आ रहे बदलाव की काफी सराहना की जा रही है। योजना के तहत झारखंड से धनबाद, बोकारो, गुमला, गिरिडीह, दुमका, रांची, पाकुड़, चतरा, रामगढ़, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, पूर्वी सिंहभूम व अन्य कुछ जिलों में जनजातीय और गैर जनजातीय कलस्टर का चयन किया गया है।

## राज्य हित में नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति में निर्णय ले कुलपति : आजसू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति में हुई त्रुटियों में अविलंब सुधार करने की मांग की। कहा कि रांची विश्वविद्यालय द्वारा निकाली गई नियुक्ति सूची में भारी अनियमितता बरती गई है। इसमें झारखंडी मूल वासियों को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है। इसमें सुधार कर स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दी जाने की बात कही। साथ ही आरक्षण रोस्टर के नियमों के अनुसार पालन किया जाये।

रांची विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में नीड बेस्ट लेक्चरर नियुक्ति नियम के अनुसार इस नियुक्ति प्रक्रिया को भी की जाये। राज्य के छात्र-छात्राओं के हित में झारखंडी मूलवासी की हित में यहां के लोगों को इस नियुक्ति प्रक्रिया में प्राथमिकता देने की मांग की। साथ ही राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग से भी आग्रह किया कि इस पूरे मामले को संज्ञान में लेते हुए हस्तक्षेप कर यहां के लोगों को प्राथमिकता देते हुए नियुक्ति की जाये। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, चेतन प्रकाश, अल्हान अहमद (रॉबी) राजेश सिंह, पवन सिंह, सक्षम झा, यश साहू, प्रिंस लिंडा, जामल गद्दी इत्यादि उपस्थित थे।


**Government of Jharkhand**
**Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative**
**Directorate of Soil Conservation**
**2nd Floor Krishi Bhawan, Kanke Road, Ranchi-834008, Jharkhand.**
E-mail- dirsoiljhr@gmail.comoredjamttc@gmail.com
Mob. No. 8102213741 or 9472969373
website- www.jamttc.orgor www.jharkhand.gov.in/agriculture

**SHORT TENDER NOTICE INVITING EOI**

| Sl. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Tender Title | Expression of Interest (EOI) are invited in two proposal systems (Technical & Financial), For Empanelment of Manufacture or Their Authorised Dealer to Supply Tractors/ Self Propelled Machines / Agricultural Machines/Implements/ Tools/Items / Pump Sets/ HDPE Pipe etc on subsidy basis to the individual farmers and different type of farmers groups etc. under different programme of Agricultural machinery under the Directorate of Soil Conservation, Department of Agriculture, Animal Husbandry & Co-Operative for the sanctioned scheme of the financial year 2023- 24 & 2024 -25 |
| 2 | Tender Fee | Tender Document & processing Fee – Zero |
| 3 | Earnest Money Deposit(EMD) | **Rs.1000/- (As a token amount)**The EMD specified against Each Machinery &Equipments as mentioned in Annexure-II of this document shall be submitted separatelyby the bidder in the Account detail given in Form-T3 and submit the transaction copy with technical bid documents. **(Online RTGS/NEFT Mode)** |
| 4 | Name of the advertiser | **Director, Soil Conservation, Jharkhand, Ranchi** 2nd Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008 |
| 5 | Floating of online EOI | Date: 01.02.2025 on 05.00 PM |
| 6 | Download of EOI document will start from | Date: 01.02.2025 from 06.00 PM to 15.02.2025 upto 02.30 PM |
| 7 | Pre- Bid Meeting/queries | Date: 06.02.2025 at 12.30 PM (Physical Mode/) Meeting Place- Directorate Soil Conservation Conference Hall 2nd Floor, Krishi Bhawan , Kanke Road, Ranchi-834008 Bidders can raise their queries (word file only) on Email: dirsoiljhr@gmail.com before 05.02.2025 at 12.00 PM |
| 8 | Online submission of tender & hard copy submission off tender document. | Date: 02.02.2025 from 10.30 AM to 15.02.2025 upto 04.00 PM |
| 9 | Mode of Proposal Submission | The tender forms along with terms and conditions & etc. can be filled with the link available on the website www.jharkhandtenders.gov.in . Online tender to beuploaded on the website & hardcopy of tender proposal and technical report should also be submitted offline within specified date and time. |
| 10 | Date of Opening of Technical bid | Date: 17.02.2025 on 11.30 AM 4th floor JAMTTC Conference hall |
| 11 | Date of Financial bid- | To be asked to technically qualified bidders to & be published. |

Sd/-
Director, Soil Conservation, Jharkhand, Ranchi.

PR 345679 Agriculture(24-25).D


# सोशल मीडिया में सरकारी सेवक आचार संहिता का रखें ध्यान

### सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किये जाने को लेकर कार्मिक, प्रशासनिक एवं राजभाषा विभाग ने जारी किया सर्कुलर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार के सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म का उपयोग किये जाने को लेकर दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इस सर्कुलर का उल्लंघन करने पर अब विधि सम्मत कार्रवाई भी करने की चेतावनी जारी की गयी है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा के सचिव प्रवीण टोप्पो ने सर्कुलर भी जारी कर दिया है। सचिव ने कहा है कि, ऐसा देखा जा रहा है कि हाल के वर्षों में सोशल मीडिया जैसे एफसबुक, एक्स, यू-ट्यब, वाट्सअप, इंस्टाग्राम, वी-चैट, शयर चैट और लिंक्ड इन आदि संचार एवं सूचनाओं के प्रसार का एक शक्तिशाली एवं प्रभावकारी माध्यम बन गया है। इसका प्रयोग शिक्षा, व्यापार, सामाजिक संपर्कों को बढ़ावा देने के साथ मनोरंजन आदि के लिए भी किया जा रहा है। सोशल मीडिया जन सामान्य को दूसरों के साथ संपर्क स्थापित करने, अपने विचारों को व्यक्त करने, अपनी राय को दूसरों के साथ साझा करने तथा विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का भी अवसर प्रदान करता है। ऐसे में राज्य सरकार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा भी सोशल मीडिया का प्रयोग किया जाता है, परंतु वे सोशल मीडिया पर उसी सीमा तक अपने विचारों को व्यक्त कर सकते हैं जिसे सरकारी आचार संहिता द्वारा अप्रासंगिक नहीं माना जाए। समय-समय पर ऐसे मामले सामने आते रहते हैं, जिनमें सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे तथ्यों को साझा कर दिया जाता है जो विवादास्पद बन जाते हैं।

विभाग ने कहा है कि सरकारी सेवकों को आचार संहिता के विविध प्रावधानों के तहत झारखंड सरकारी सेवक आचार नियमावली लागू होती है, जिसके नियम 3(1) में स्पष्ट रूप से निर्देश है कि सरकारी सेवक पूरी निष्ठा, सत्यनिष्ठा, लोकहित के प्रति निष्ठा रखते हुए ऐसा कोई कार्य न करें जो सरकारी नीति के लिए प्रतिकूल हो।

## इन दिशा-निर्देशों का अनुपालन आवश्यक

आचार नियमावली के नियम-6 एवं 10 के अनुसार कोई सरकारी सेवक किसी भी राजनीतिक दल अथवा संगठन में सदस्य नहीं बनेगा, उसकी सहायता नहीं करेगा और राजनीतिक गतिविधियों में भाग नहीं लेगा। सोशल मीडिया पर गुमनाम या छद्म नाम से अथवा अपने नाम से या किसी अन्य व्यक्ति के नाम से राजनीतिक प्रचार में भाग लेना, लेख या समाचार पत्र को प्रेषित करना अथवा किसी सार्वजनिक कथन में अपने विचार व्यक्त करना अनुचित माना जाएगा।

राज्य के सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से उपयोग किया जाए, उनके पेशेवर रुख को बनाए रखते हुए संवेदनशील एवं गोपनीय सरकारी सूचनाओं के प्रकाशन को प्रतिबंधित करने तथा उन्हें जिम्मेदार सरकारी सेवक बनाए रखने के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि उनके लिए एक स्पष्ट दिशा-निर्देश निर्धारित किया जाये। झारखंड राज्य के सरकारी सेवकों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग किये जाने के निमित्त दिशा-निर्देश निर्धारित करने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में राज्य के सरकारी सेवकों के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किये गये हैं।

### पेशेवर आचरण

सरकारी सेवक सोशल मीडिया पर अपने विचारों को साझा करते समय इस बात को ध्यान में रखें कि वह सरकारी सेवक आचार नियमावली से शासित हैं एवं वे अपने विचारों को साझा करते समय अपनी शालीनता को बनाए रखें।

सोशल मीडिया पर मयार्दा को बनाए रखें एवं अपने व्यवहार प्रदर्शित करने और ऐसे पोस्ट साझा करने से बचें जो किसी आपत्तिजनक, भेदभावपूर्ण एवं राजनीतिक रूप से पक्षपात पूर्ण माना जा सकता है।

किसी राजनीतिक/धर्मनिरपेक्ष विरोधी/सांप्रदायिक गतिविधियों का समर्थन नहीं करें और न ही उसे सब्सक्राइब करते हुए अपने पोस्ट, ट्वीट, ब्लॉग आदि के माध्यम से उसका समर्थन करें।

प्रकाशित करने एवं टिप्पणी करने की व्यक्तिगत राय सरकारी कार्यों में हस्तक्षेप की श्रेणी में नहीं होनी चाहिए एवं वह सरकारी पक्ष का प्रतिनिधित्व नहीं करें।

किसी पोस्ट, ट्वीट आदि के माध्यम से सरकार द्वारा अपनाई गई किसी नीति या कार्रवाई पर चर्चा/आलोचना नहीं करें और न ही सोशल मीडिया पर ऐसी चचार्ओं में भाग लें।

कार्यालय अवधि में अनावश्यक रूप से व्यक्तिगत अकाउंट का प्रयोग नहीं करें।

### नैतिक मानक

यह ध्यान रहे कि सरकारी सेवक सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक, अनैतिक एवं अपमानजनक सामग्री न डालें। साथ ही अपने विचारों की अभिव्यक्ति मर्यादित भाषा में करें जो असभ्य, अश्लील या अमर्यादित न हो और न ही सरकारी सेवक शालीनता का उल्लंघन करता हो।

सरकारी सेवक सोशल मीडिया पर किसी भी उन्मादी गतिविधियों में शामिल नहीं होंगे और न ही अपने आइडी से ऐसी गतिविधियों में शामिल होने की अनुमति देंगे जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से विधि द्वारा स्थापित सरकार के खिलाफ हो।

सोशल मीडिया अकाउंट के किसी भी पोस्ट में किसी भी जाति, धर्म, वर्ग, सम्प्रदाय, लिंग, व्यवसाय, क्षेत्र, राज्य आदि के संबंध में कोई भेदभावपूर्ण टिप्पणी नहीं करेंगे।

### पद का दुरुपयोग

सोशल मीडिया पर किसी उत्पाद या उद्धरण का समर्थन नहीं करेंगे और न ही अपने संबंधों/मित्रों या स्वयं के निजी लाभ के लिए अपने सोशल मीडिया अकाउंट का उपयोग करेंगे।

सोशल मीडिया पर तथ्यों को गलत रूप में दिखाकर वस्तुओं या प्रतिस्पधार्ओं में घोटाले की प्रकृति के होने या भ्रामक फैलाने वाले जानकारी को अपने प्रोफाइल पर साझा करने से बचें, धोखा देने से बचें, न ही साझा करें।

अपने कार्य स्थल से संबंधित जानकारी को वीडियो/फोटो के रूप में पोस्ट, ट्वीट, ब्लॉग या किसी अन्य रूप से सोशल मीडिया पर साझा नहीं करें, विशेष मामलों को उचित प्राधिकारी के समक्ष रखें।

### गोपनीयता

प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपने कार्यालय/विभाग के कार्यों से संबंधित किसी भी संवेदनशील/गोपनीय सरकारी सूचनाओं को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा नहीं करें।

ऐसी कोई सूचना साझा नहीं करें, जो राष्ट्रीय सुरक्षा, गोपनीयता या सरकार के हितों से समझौता कर सकती हो।

### राजनीतिक क्रियाकलाप

अपने पोस्ट, ट्वीट या ब्लॉग के माध्यम से किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/कार्यक्रमों में शामिल नहीं होंगे और न ही सोशल मीडिया पर किसी राजनीतिक विचारधारा या राजनीतिक दल का समर्थन करेंगे।

सोशल मीडिया पर किसी राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेते हुए ट्रॉलिंग का उपयोग या कोटिंग कर किसी को अपमानित नहीं करेंगे, संयमित भाषा का प्रयोग करेंगे, गरिमा बनाए रखेंगे एवं निष्पक्षता का पालन करेंगे।

सरकारी सेवक अपने सोशल मीडिया अकाउंट के बायोडाटा/प्रोफाइल पिक्चर एवं अन्य गतिविधियों को अपनी सरकारी सेवाओं से संबंधित प्रतीक से नहीं जोड़ेंगे।

# शिक्षा हासिल कर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभायें महिला विवि की छात्राएं : राज्यपाल

- महिला विवि के द्वितीय दीक्षांत समारोह को राज्यपाल ने किया संबोधित
- दीक्षांत समारोह में कुल 872 छात्राओं को डिग्री प्रदान कर किया सम्मानित
- राज्यपाल के हाथों कुल 32 टॉपर छात्राओं को मिला स्वर्ण पदक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह 4 फरवरी को सिदगोड़ा परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सह कुलाधिपति महोदय माननीय श्री संतोष कुमार गंगवार ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को शोभान्वित किया। राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार जी का पारंपरिक नृत्य एवं एन एस एस क्लैप द्वारा स्वागत किया। विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य के रूप में संथाली नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। तत्पश्चात राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार के हाथों सिदगोड़ा स्थित फूलो झानो महिला छात्रावास का उद्घाटन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा कुलपति के निर्देशन में अकादमिक परेड संचालित किया गया। अकादमिक परेड के साथ ही महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने भी मंच पर आसान ग्रहण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार को उत्तरीय, रुद्राक्ष पौधा एवं वासुकीनाथ मंदिर का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत हुई। साथ ही विश्वविद्यालय कुलगीत डॉ सनातन दीप एवं संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कुलसचिव राजेंद्र जायसवाल के आग्रह पर कुलपति प्रो. (डॉ) अंजिला गुप्ता ने दीक्षांत समारोह के शुरूआत की घोषणा की अनुमति राज्यपाल सह कुलाधिपति सन्तोष कुमार गंगवार से प्राप्त की। मौके पर दीक्षांत समारोह से संबंधित स्मारिका का विमोचन किया गया। कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया और विवि का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता ने महामहिम का स्वागत करते हुए सहर्ष विवि की विभिन्न उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की छात्राएं राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहरा रही हैं। यहां की छात्राएं प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजपथ के कर्त्तव्य पथ की परेड में शामिल होती हैं। साथ ही भविष्य में विश्वविद्यालय को उन्नत करने की प्रस्तावित योजनाओं का भी उल्लेख किया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सभी क्षेत्रों में छात्राओं ने विश्वविद्यालय का नाम रौशन किया है। सभी छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली छात्राओं के साथ राज्यपाल संतोष गंगवार एवं कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता।

राज्यपाल सह कुलाधिपति सन्तोष कुमार गंगवार ने अपने दीक्षांत संबोधन में पूरे विश्वविद्यालय परिवार, डिग्री प्रापकों के साथ उनके अभिभावकों व शिक्षकों को भी बधाई प्रेषित की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह दीक्षांत समारोह छात्राओं के संघर्ष, ज्ञान, प्रतिबद्धता एवं उत्तरदायित्व का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छात्राओं को शिक्षा प्राप्त कर न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास और कल्याण में भी अपनी भूमिका सुनिश्चित करनी चाहिए। कुलाधिपति ने दिवंगत उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता रतन टाटा के आर्थिक जगत में दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण के युग में छात्राएं यथासंभव शिक्षा प्राप्ति के लिए प्रतिबद्ध रहें। उन्होंने यह भी बताया कि इस दिशा में जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय एक आदर्श केंद्र के रूप में कार्यरत है। उन्होंने उपदेश दिया कि छात्राएं चुनौतियों को अवसर के रूप में स्वीकार करें। छात्राओं की असीमित क्षमताओं को देखते हुए उन्हें प्रगति पथ पर निरंतर अग्रसरित रहने की शुभकामना भी दी। नेल्सन मंडेला के कथन शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है को छात्राओं की प्रेरणा का बीज वाक्य बताते हुए उन्हें राष्ट्र विकास में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया।





छात्राओं को संबोधित करते राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार और छात्राओं को संबोधित करती कुलपति प्रो डॉ अंजिला गुप्ता।

### राज्यपाल ने किया फूलो-झानो छात्रावास व दामोदर सिनेट हॉल का उद्घाटन

दीक्षांत समारोह के पूर्व राज्यपाल सह कुलाधिपति सन्तोष कुमार गंगवार ने कुलपति प्रो डा. अंजिला गुप्ता एवं प्रध्यापकों की उपस्थिति में विवि के सिदगोड़ा परिसर स्थित 500 बेड वाले फूलो-झानो महिला छात्रावास व दामोदर सीनेट हॉल का उद्घाटन किया । छात्रावास के आरंभ होने से दूर दराज की छात्राओं को यहां रह कर शिक्षा ग्रहण करने में आसानी होगी। छात्रावास का शुभारंभ होने से विवि की छात्राओं में हर्ष व्याप्त है।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद :** मौके पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ किश्वर आरा, कुलसचिव राजेंद्र जायसवाल, मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ सुधीर साहू, वित्त पदाधिकारी डॉ जावेद अहमद, परीक्षा नियंत्रक डॉ रमा सुब्रह्मण्यम, डीन डॉ दीपा शरण, वाणिज्य विकास पदाधिकारी डॉ सलोमी कुजूर, सीवी सी डॉ अन्नपूर्णा झा, डॉ रिजवाना परवीन, डॉ कामिनी कुमारी, डॉ रत्ना मित्रा, डॉ पुष्पा कुमारी, डॉ ग्लोरिया पुर्ति, डॉ रूपाली पात्रा, डॉ अनामिका, अनीता शुक्ला, डॉ सोनाली सिंह, रिंकूसेन, जया लक्ष्मी, सभी संकायाध्यक्ष, सभी विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षक, विभिन्न संस्थानों से आये अतिथि, मीडिया कर्मी, शिक्षकेतर कर्मी, विवि के सुरक्षा कर्मी एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाया। मंच संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ नूपुर अन्विता मिंज ने किया।

### मुस्कान महतो ओवर ऑल बेस्ट ग्रेजुएट और शॉमिनी दास को डा रेखा झा एक्सीलेंस अवार्ड





मुस्कान महतो अपनी मां नमिता और पिता कृष्णचंद्र महतो और शॉमिनी दास अपनी मां तृष्णा और पिता तुषार दास के साथ।

**जमशेदपुर।** दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट की डिग्री सह गोल्ड मेडल गणित विभाग की मुस्कान महतो को प्रदान किया जबकि प्रथम डॉ रेखा झा एक्सीलेंस अवार्ड फॉर इकोनॉमिक्स से इस वर्ष शॉमिनी दास को सम्मानित किया गया जिसके तहत उन्हें प्रमाण पत्र और एक लाख की धनराशि सम्मान के रूप में दी गयी। डॉ रेखा झा के पति वरुण झा ने दिवंगत पत्नी की स्मृति में प्रतिवर्ष अर्थशास्त्र विषय की स्नातकोत्तर टॉपर को स्वर्ण पदक एवं एक लाख की राशि देने का प्रावधान किया है। बालिका शिक्षा हेतु उनके द्वारा किये गये प्रयास के लिए विश्वविद्यालय परिवार आभारी है।

---

स्पीड न्यूज

### धातकीडीह में फ्लैट में शॉर्ट सर्किट से आग



**जमशेदपुर।** धातकीडीह स्थित एक फ्लैट में आज रात आग लग गयी। शॉट सर्किट से आग लगते ही घर पर मौजूद मो अज्जुददीन की बुढ़ी मां, पत्नी और बेटी बाहर आ गई और पड़ोसियों को शोर कर आवाज लगायी। लोगों ने तुरंत टाटा स्टील दमकल को फोन कर बुलाया और आग पर काबू पा लिया गया। बता दें कि मकान मालिक मो. अज्जु शहर से बाहर रहते हैं।

### कर्मचारी संघ ने माइंस मैंनेजर से की भेंट

**जादूगोड़ा।** यूसिल अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ बागजाता माइंस के नवनिर्वाचित सह सचिव शंखो मुर्मू की अगुवाई में कार्यकारणी सदस्यों ने मंगलवार को बागजाता यूनिट के खान प्रबंधक रोहित कुमार से की मुलाकात।इस दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने संघ की समस्याओं का रखा व उसके समाधान को लेकर चर्चा हुई। जवाब में खान प्रबंधन रोहित कुमार ने भी प्रतिनिधिमंडल को संघ की समस्याओं पर गौर करने का आश्वासन दिया ताकि प्रबंधन व संघ के बीच विश्वास बना रहे तभी जाकर कंपनी के विकास की गति देने में मदद मिलेगी। खान प्रबंधक से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में संघ के सह सचिव शंखो मुर्मू ,फागू मुर्म, दसमत मुर्मू,मंगल हांसदा, करण मुर्मू,कमल चरण हांसदा, बादूज मार्डी, रामी हेंब्रम, दसरथ मार्डी,चारु चंद्र मार्डी, हरि पदो सोरेन व सरकार सोरेन हिस्सा लिया।

### काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल में हुई सरस्वती पूजा

**जमशेदपुर।** काव्यप्ता ग्लोबल स्कूल में श्रद्धा और उत्साह के साथ सरस्वती पूजा मनाई गई। इस अवसर पर छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने एकजुट होकर ज्ञान, शिक्षा और कला की देवी सरस्वती की पूजा अर्चना की और उनके आशीर्वाद के लिए प्रार्थना की। समारोह की शुरुआत मूर्ति की पारंपरिक प्राण प्रतिष्ठा से हुई, जिसके बाद हवन और वेद मंत्रोच्चारण किया गया।

### एफडीआई की बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन

**जमशेदपुर।** ऑल इंडिया इन्श्युरेंस इम्प्लाईज एसोसियशन के आह्वान पर देश भर के बीमा कर्मचारियों ने बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई की मंजूरी दिये जाने के विरोध में द्वार प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। इस आह्वान के अनुरूप बीमा कर्मचारी संघ जमशेदपुर मण्डल में मण्डल कार्यालय समेत सभी शाखा कार्यालयों में, (जिसमें जमशेदपुर, रांची, मांडर, गुमला, डाल्टनगंज, गढ़वा , चाईबासा, चक्रधरपुर, घाटशिला की शाखाएं शामिल हैं) में भोजनावकाश में द्वार प्रदर्शन किया गया। जमशेदपुर बिष्टुपुर स्थित मंडल कार्यालय जीवन प्रकाश भवन पर उपस्थित बीमा कर्मियों को महासचिव कॉ० सुभाष कर्ण ने संबोधित किया।

# एमटीएमएच में मार्च से मिलेगी कैंसर के ऑपरेशन की सुविधा : डॉ आरएन शर्मा


- गोल्डेन जुबिली सेलीब्रेशन में चेयरमैन डॉ आरएन शर्मा ने की घोषणा
- तीन मार्च को एमटीएमएच में जुबिली ऑपरेशन थियेटर उद्घाटन संभावित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** मेहरबाई टाटा मेमोरियल अस्पताल अपनी 50 वर्षों की समर्पित सेवा का जश्न मना रहा है। इस खास अवसर पर, कुडी महंती ऑडिटोरियम, कदमा में कैंसर रोगियों के प्रति इसके अथक प्रयासों और योगदान के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में एमटीएमएच के चेयरमैन डा आरएन शर्मा मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए, जबकि टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर श्री राकेश्वर पांडे, प्रेसिडेंट, एमटीएमएच एम्पलाई यूनियन सहित कई अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे, जिनमें टाटा स्टील के वरिष्ठ प्रबंधन, एमटीएमएच और टीएसडब्ल्यूयू के सदस्य, सम्मानित नागरिक, डॉक्टर, कैंसर से उबरने वाले लोग और एमटीएमएच स्टाफ शामिल थे।

चेयरमैन डा आरएन शर्मा ने गोल्डन जुबली उत्सव का उद्घाटन किया और अस्पताल के भविष्य के प्रति अपना विजन साझा किया। कहा कि मार्च माह में एमटीएमएच के गोल्डेन जुबिली ओटी का उद्घाटन होगा। इसके साथ अस्पताल में कैंसर रोगियों के जांच, ओपीडी की सुविधा, रेडिएशन और कीमों के साथ एक छत के नीचे ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। यानी एमटीएमएच मार्च तक कैंसर के समग्र इलाज की सुविधा से लैश हो जायेगा, और रोगियों को अब दूसरे शहरों में इलाज के लिए नहीं जाना होगा।





गोल्डेन जुबिली समारोह को संबोधित करते टाटा स्टील के वीपी चाणक्य चौधरी और गोल्डेन जुबिली सेलीब्रेशन का उद्घाटन करते चेयरमेन डा आरएन शर्मा। साथ में यूनियन अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय व अन्य।

# कल से तीन दिवसीय बी 2 बीइंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजीनियरींग एक्सपो शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** तीन दिवसीय बी 2 बी इंडस्ट्रीयल मशीनरी एंड इंजिनियरींग एक्सपो (इन्डोमैक जमशेदपुर) का आयोजन इन्डोमैक बिजनेस सोलूशन्स के द्वारा आदित्यपुर ऑटोक्लस्टर (ए ए सी) एवं आदित्यपुर स्मॉल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (एसिया) के सहयोग से आदित्यपुर ऑटोक्लस्टर, जमशेदपुर में 06-07-08 फरवरी 2025 को किया जा रहा है। जमशेदपुर के इस इंडस्ट्रीयल व इंजीनियरिंग एक्सपो में देशविदेश की 150 से भी अधिक नामीकंपनियां अपने प्रोडक्टस एवं सर्विसेस का प्रदर्शन करेगी।इस एक्सपों में प्रमुख भारतीय कंपनी में मितुतोयो साउथ एसिया, गेल गैस, कोयेके कटिंग और वेल्डिंग, जइस इंडिया, पेनासोनिक कलेक्ट, पाठक मशीन टुल्स, प्रकाश स्टील, पाठक इंडस्ट्रीज, मिशुमी इंडिया, एस्कॉट् कुबोता, यस टेक्नों, एड़ी दुर्गा स्टील टाटा ब्लू स्कोप, सिएट टायर, मेगाथार्म, लेसर टेक्नोलॉजीज, सिंफोनी, टूकट, प्रिसिशन जैसी अनेक प्रतिष्ठित कंपनिया अपने उत्पादों का प्रदर्शन कर रही है।

# कैंसर से निजात पाने में खान-पान, योग प्राणायाम की भूमिका अहम है : डॉ अमित

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** वर्ल्ड कैंसर डे 2025 के अवसर पर कैंसर से जूझ रहे मरीजों को प्रोत्साहित और उन्हें कैंसर से जीतने के लिए प्रेरित करने के लिए कैंसर सरवाइवर मीट कार्यक्रम का आयोजन, ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल, तमोलिया (नारायणा हेल्थ, बैंगलोर द्वारा संचालित जमशेदपुर में एक मात्र हॉस्पिटल ) में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ फैसिलिटी डायरेक्टर ए. धर्मा राव, कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर अमित कुमार एवं सीनियर कैंसर सर्जन डॉ आशीष कुमार एवं मेडिकल सुप्रीटेंडेंट डॉ मुकेश कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से जीते हुए मरीजों से रूबरू होना था।

›› नारायणा हॉस्पिटल जमशेदपुर में कैंसर सर्वाइवर मीट कार्यक्रम आयोजित



कैंसर सर्वाइवर मीट के पूर्व बीएनएमएच तामुलिया में बैलून उड़ाते अतिथिगण।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रितु रुंगटा (कैंसर सर्वाइवर, सर्टिफाइड योगा ट्रेनर और समाज सुधारक) मुकुल खंडेलवाल, सुनीता तिवारी, स्वर्णलता मिश्रा, बिट्टू तिवारी एवं रीना साहू ने अपने अनुभव बांटे।

# गम्हरिया : ट्रेलर के धक्के से बाइक सवार महिला की मौत, पति गंभीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**गम्हरिया।** कांड्रा-सरायकेला मार्ग पर कोलाबीरा में मंगलवार को तेज रफ्तार टेलर संख्या द्वारा बाईक में ठोकर मार दिए जाने से उसपर सवार सरस्वती देवी (34) नामक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाईक चला रहा उसका पति कृष्णा तांती गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के आधे घंटे तक पति-पत्नी सड़क पर तड़पते रहे लेकिन पुलिस नहीं पहुंच सकी थी।



पत्नी के शव के पास बदहवास पति।

इसी दौरान उक्त सड़क मार्ग से गुजर रहे विधायक प्रतिनिधि सनंद कुमार आचार्य ने सरायकेला थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी। इस बीच ठोकर मारने के बाद भाग रहे टेलर को टाटा स्टील के कर्मी अनिल कुमार शर्मा एवं आदित्यपुर के एक पुलिसकर्मी ने कोलाबीरा अंडरग्राउंड ब्रिज के समीप रोका। खुद को घिरता देख टेलर चालक कूदकर मौके से भाग निकला। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घायल कृष्णा तांती को इलाज के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भिजवाया। बताया गया है कि बाईक सवार दंपत्ति सीनी के रेंगुडीह ग्राम के निवासी हैं।

# आज आम बजट के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का साकची में प्रदर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** बजट प्रस्ताव 2025-26 और चार श्रम संहिताओं को लागू करने की पहल के खिलाफ 5 फरवरी 2025 को देशव्यापी विरोध कार्यक्रम आयोजित करने के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के निर्णय के अनुसार, ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा पूरे कोल्हान क्षेत्र में विरोध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न कार्यस्थल स्तरीय कार्यक्रमों के अलावा केंद्रीय कार्यक्रम 5 फरवरी को बिरसा चौक, साकची में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया जायेगा। कोल्हान के ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच की ओर से बताया गया कि बजट प्रस्ताव में आम जनता के हितों के साथ किए गए विश्वासघात तथा केंद्र सरकार द्वारा चार श्रम संहिताएं लाने की पहल से सदस्यों में अभूतपूर्व आक्रोश है। इस पृष्ठभूमि में, 5 फरवरी को साकची में आयोजित विरोध प्रदर्शन में जनता के साथ बजट प्रस्ताव की प्रतियां जलाई जाएंगी, साथ ही श्रम संहिताओं की प्रतियां भी जलाई जाएंगी जो मजदूरों के अधिकारों का मौत का वारंट है।

# अरका जैन यूनिवर्सिटी की अर्चिता मोहंती ने तायक्वोंडो में रचा इतिहास

- राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में जीता रजत पदक, तेलंगाना को गोल्ड, महाराष्ट्र को ब्रोंज मैडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** अरका जैन यूनिवर्सिटी, झारखंड की होनहार छात्रा अर्चिता मोहंती (बी. कॉम ऑनर्स, 2023-2026) ने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पूसा तायक्वोंडो चैम्पियनशिप 2024-25 में रजत पदक जीतकर विश्वविद्यालय और पूरे राज्य को गौरवान्वित किया है। इस ऑफिसियल राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कूल 300 प्रतिभागी देशभर से शामिल हुए , रजत पदक पर निशाना लगते हुए अर्पिता पहला राउंड 4 पॉइंट से , दूसरा 8 पॉइंट से ,तीसरा 6 पॉइंट से जीत गयी।

यह प्रतिष्ठित चैम्पियनशिप कोटला विजय भास्कर रेड्डी स्टेडियम, हैदराबाद, तेलंगाना में आयोजित की गई, जिसमें देशभर से बेहतरीन तायक्वोंडो खिलाड़ियों ने भाग लिया। अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और कुशलता के बल पर अर्चिता ने सभी प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपनी श्रेणी में उपविजेता बनीं।



मेडल के साथ अर्चिता मोहंती।

**मेहनत और प्रतिबद्धता का शानदार परिणाम है अर्चिता की उपलब्धि :** अर्चिता की यह उपलब्धि उनकी लगन, अनुशासन और अदम्य साहस का परिचायक है। उन्होंने प्रतियोगिता के हर चरण में अपने प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी टक्कर दी और अपनी असाधारण खेल प्रतिभा का परिचय दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल विश्वविद्यालय बल्कि झारखंड के खेल जगत को भी गौरवान्वित किया है।

**अरका जैन यूनिवर्सिटी के प्रशासन ने दी बधाई :** अर्चिता की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर अरका जैन यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति डॉ. ईश्वरन अय्यर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अंगद तिवारी, रजिस्ट्रार डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव तथा संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ. जसबीर सिंह धंजाल ने उन्हें हार्दिक बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है अरका जैन यूनिवर्सिटी :** अरका जैन यूनिवर्सिटी हमेशा अपने छात्रों को खेल और शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान किए जाते हैं, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें।

## एक नजर में

### श्रीश्री शिक्षक सम्मान मिलने पर प्रीति सिन्हा का किया गया जोरदार अभिनंदन



**जमशेदपुर।** विजया गार्डेन वारीडीह आनर्स एसोसिएशन ने राष्ट्रीय श्रीश्री शिक्षक सम्मान 2025 से सम्मानित गुलमोहर स्कूल की प्रिंसिपल विजया गार्डेन मे रहने बाली प्रीति सिन्हा को वहां की अध्यक्ष डाक्टर कोना नन्दी एवं एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए स्वागत एवं अभिनंदन किया। विगत 21 जनवरी 2025 को बेंगलुरु में यह सर्वश्रेष्ठ सम्मान शिक्षक सम्मान पुरस्कार श्री श्री रविशंकर ने प्रदान किया। इस सम्मान के रूप मे उन्हे शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं 51 हजार रुपये की नगद राशि के साथ दिया गया, जो शिक्षा के मार्ग मे उनके अभिनव योगदान एवं नेतृत्व को मान्यता देता है। इस समारोह के दौरान प्रिंसिपल प्रीति सिन्हा ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमें अत्यंत प्रसन्नता हो रही है यह सम्मान मुझे अपनो के बीच अपनो के द्वारा किया जा रहा है इसका महत्व और अधिक बढ जाता है।मै आपलोगो को हृदय से आभार व्यक्त करती हूं, आपका स्नेह मुझे आगे शिक्षा के मार्ग मे कार्य करने के लिए प्रेरणा प्रदान करेंगी। मौके पर डॉ विभूति भूषण ने श्रीमती सिन्हा के श्री श्री राष्ट्रीय शिक्षा सम्मान पुरस्कार पर विस्तार से प्रकाश डाला कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्रा ने किया, धन्यवाद ज्ञापन आलोक कुमार ने किया। समारोह के दौरान काफी संख्या मे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### साकची में 36वां श्याम महोत्सव की जोर-शोर से चल रही हैं तैयारियां



**जमशेदपुर।** श्री श्री साकची शिव मंदिर एवं श्री श्याम परिवार का 36वां श्री श्री श्याम महोत्सव आगामी 08 फरवरी शनिवार को धूमधाम से मनाया जायेगा। इसकी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस संबंध में श्री श्याम परिवार के संरक्षक उमेश शाह और अध्यक्ष गिरधारी लाल खेमका ने मंगलवार को बताया कि शनिवार की सुबह 11.30 बजे निशान की पूजा होगी। दोपहर 2 बजे साकची शिव मंदिर से श्याम नाम की ध्वजा लिए निशान (शोभा) यात्रा निकाली जायेगी, जो विभिन्न मार्गो से होते हुए वापस मंदिर आकर संपन्न होगी। जिसमें 1500 से अधिक भक्त निशान के साथ शामिल रहेंगें। शनिवार 08 फरवरी को बाबा के दरबार में भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध भजन गायक समस्तीपुर से रेशमी शर्मा, कोलकाता से विवेक शर्मा शहर आ रहे हैं। साथ ही स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी बाबा के दरबार में हाजरी लगायेंगें। बाबा का अखंड ज्योत रात्रि 8.30 बजे प्रज्जवलित होगा। रात 9 बजे से देर रात प्रभु ईच्छा तक भजनों की अमृत वर्षा होगी। गुरूवार 06 को महिला मेंहदी उत्सव कर बाबा का आगमन करेगा। 09 रविवार को सभी श्याम भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। महोत्सव का मुख्य आकर्षण क्रमशः भव्य दरबार, आलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, छप्पन भोग, अखंड ज्योत, विशाल संकीर्तन होगा। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सोमवार को साकची शिव मंदिर में बाबा श्याम का बागा हजारों भक्तों के बीच वितरित किया गया।

### कोल्हान आयुक्त से मिले झारखंड मूलवासी अधिकार मंच के प्रतिनिधि



**जमशेदपुर।** झारखंड मूलवासी अधिकार मंच के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को हरीश कुमार केशरी, कोल्हान आयुक्त से मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गयी है कि टाटा कंपनी के लीज नवीकरण में विस्थापितों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये। झारखंड मूलवासी अधिकार मंच के मुख्य संयोजक हरमोहन महतो ने कहा कि टाटा कंपनी के लीज नवीकरण में उद्योग, समाज सेवा, खेल, कला, संस्कृति कॉलम रखा गया है, लेकिन विस्थापितों को इस कमेटी में शामिल नहीं किया गया है। यह अन्यायपूर्ण है और हम इसके खिलाफ लड़ेंगे। मंच ने मांग की है कि लीज नवीकरण कमेटी पहले भंग किया जाए और उसके बाद विस्थापितों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये। मंच ने यह भी मांग की है कि नगर विकास झारखंड सरकार द्वारा जारी अधिसूचना को रद किया जाये और टाटा विस्थापितों को लीज नवीकरण कमेटी में शामिल किया जाये। कोल्हान आयुक्त ने कहा है कि वे इस मामले में भू राजस्व विभाग को एक चिट्ठी लिखेंगे और विस्थापितों के प्रतिनिधियों को लीज नवीकरण कमेटी में शामिल करने की मांग करेंगे। आयुक्त से मिलने गए प्रतिनिधिमंडल में हरमोहन महतो, गोपाल मांझी, सुनील हेब्रम, हरेन सिंह, रामचंद्र महतो, प्रणव महतो, दीपक रंजीत, शिवचरण सिंह, लखींद्र सिंह शामिल थे।

### एमएस आइटीआई में कैंसर जागरूकता कार्यक्रम



**जमशेदपुर।** मंगलवार को एमएस आइटीआईजमशेदपुर में विश्व कैंसर दिवस मनाया गया, छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के बीच कैंसर से बचाव के उपाय और जानकारी दी गई। निदेशक खालिद इकबाल ने अपने भाषण में कहा कि आज कैंसर इतनी आम बीमारी हो गई है कि इससे बचने के लिए सावधानी बरतने की जरूरत है। अनावश्यक रूप से गर्म चीजों का सेवन, प्लास्टिक पैकेजिंग और अन्य कई चीजें कैंसर के लिए खतरनाक हैं बातें और दूसरों को जागरूकता के रूप में बतायें, कोई भी लाइलाज बीमारी नहीं है।

## सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री से की मुलाकात

■ पलामू संसदीय क्षेत्र के एनएच 75 और 98 के फोरलेन निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों पर चर्चा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र में एनएचएआई के एनएच 75 एव 98 का फोरलेन निर्माणाधीन सड़कों के कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मौके पर गढ़वा फोरलेन बाईपास सड़क एवं पलामू जिला के सीलीदाग से हरिहरगंज तक एनएच 98 को फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने को है। दोनों परियोजनाओं का उद्घाटन मार्च-अप्रैल में करने का अनुरोध किया, जिसपर मंत्री ने जल्द समय निर्धारित करने को कहा है। साथ ही गढ़वा से मझिआंव, कांडी होते श्रीनगर (झारखंड) एवं पंडुका (रोहतास, बिहार) एनएच 119 तक नया एनएच घोषित करने की मांग की। कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की चहुंमुखी विकास के लिए वे कृतसंकल्पित हैं।

सांसद ने लोकसभा में उठाया चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार व एयरलाइंस परिचालन शुरू करने का मामला

## हवाई यात्रा की सुविधा मिलने से लोगों की यात्रा होगी सुलभ : सांसद बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ करने संबंधी अति महत्वपूर्ण मामले को उठाया। श्री राम ने कहा कि चियांकी एयरपोर्ट क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत उड़ान योजना में सम्मिलित किया गया है। परंतु राज्य सरकार की उदासीनता के कारण एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ नहीं हो पा रहा है। विदित है कि डालटनगंज से रांची-कलकता रांची - डालटनगंज एवं डालटनगंज - पटना - वाराणसी - पटना - डालटनगंज के मार्गों के लिए बोलियां आमंत्रित की गयी थी, परंतु चियांकी एयरपोर्ट की बाउंड्री सिक्यूर है से संबंधित प्रतिवेदन जिला से राज्य सरकार को प्राप्त हो चुका है।

राज्य सरकार इस दिशा में वांछित कार्रवाई नहीं कर रही है, जिससे पलामू एवं आसपास के जिले के निवासियों को वायुयान यात्रा की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यदि हवाई यात्रा की सुविधा डालटनगंज से रांची-कलकता- रांची-डालटनगंज एवं डालटनगंज-पटना-वाराणसी- पटना- डालटनगंज तक की प्राप्त हो जाती है तो इस क्षेत्र को औद्योगिकृत करने में बहुत बड़ी सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि कोई भी उद्यमी रांची से डालटनगंज और डालटनगंज से रांची की यात्रा में 6 से 7 घंटे व्यतीत करना नहीं चाहता है। यदि हवाई यात्रा की सुविधा प्राप्त हो जाती है, तो यह यात्रा डेढ़ घंटे से भी कम समय में रांची से डालटनगंज एवं डालटनगंज से रांची की पूरी हो जायेगी। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से मंत्री नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार से मांग की गयी कि मेदिनीनगर स्थित चियांकी एयरपोर्ट के विस्तार एवं एयरलाइंस का परिचालन प्रारंभ कराने की कृपा की जाय। इसकी जानकारी सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने दी।



अपनी बात रखते सांसद।

## पुलिस ने मोबाइल दुकान में चोरी का किया उद्भेदन, दो आरोपी गिरफ्तार

■ फरार अभियुक्त जल्द गिरफ्तार किये जायेंगे : एसडीपीओ मनोज झा

■ 29 स्मार्ट फोन, 03 इयर बड्स और लाल रंग का बिल बॉक्स बरामद

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** मनातू पुलिस ने मोबाइल दुकान में चोरी की घटना का उदभेदन किया है। इसमें चोर को मोबाइल समेत अन्य सामानों के साथ गिरफ्तार किया गया है। लेस्लीगंज (पांकी) एसडीपीओ मनोज कुमार झा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पलामू जिला के मनातू थाना क्षेत्र दो फरवरी की रात भारतीय स्टेट बैंक, पदमा के सामने स्थित एक मोबाइल दुकान में चोरी हुई थी।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते एसडीपीओ व अन्य पुलिसकर्मी।

**खास बातें :** पीड़ित आशीष कुमार, पिता मोहन प्रसाद, बंशी खुर्द, थाना मनातू ने तीन फरवरी को थाना में लिखित आवेदन दिया कि अज्ञात चोर वेंटिलेटर तोड़ घुस और 29 स्क्रीन टच मोबाइल, 03 इयर बड्स एवं एक लाल रंग का बॉक्स (अनुमानित मूल्य पांच लाख) चोरी कर ली। मामले की गंभीरता देख मनातू थाना कांड सं. 16/2025 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी। पलामू एसपी के निर्देश पर लेस्लीगंज (पांकी) एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने त्वरित उद्भेदन करते हुए कुल 29 स्क्रीन टच मोबाइल, 03 इयर बड्स एवं लाल रंग का बिल बॉक्स बरामद किया। पुलिस ने नावा जयपुर थाना के रूदीडीह के तकरीम अंसारी उर्फ बबल (19), पिता सलीम अंसारी और मनातू थाना पदमा के अरमान खान (16) को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ ने बताया कि इसमें शामिल मास्टरमाइंड महफूज आलम (24), पिता- फैयाज आलम, निवासी पदमा, थाना मनातू, जिला पलामू गिरफ्तारी के डर से

### स्पीड न्यूज

## अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस मना



**छतरपुर पलामू।** अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व कैंसर दिवस मंगलवार को मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ अनिल सिंह और चिकित्सा प्रभारी डॉ राजेश अग्रवाल, डीपीएम अमित सिंह, को-ऑर्डिनेटर आलोक सिंह, डॉ अनूप सिंह थे। सिविल सर्जन ने कहा कि आज विश्व कैंसर दिवस मनाया जा रहा है। इसे लेकर छतरपुर अस्पताल में कार्यक्रम है। कैंसर मरीजों के इलाज के लिए सरकार काफी गंभीर है। उनका इलाज सहज ढंग से किया जा रहा है। चिकित्सा प्रभारी ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है लेकिन अब कैंसर का ईलाज भी संभव हो गया है।

## मनीषा बनी आंगनबाड़ी की सहायिका



**पंडवा पलामू।** लोहड़ा स्थित सतघरवा टोला आंगनबाड़ी केंद्र के सहायिका चयन के लिए ग्राम सभा हुई। बतौर पर्यवेक्षक पंडवा बीडीओ सह सीओ अमित झा उपस्थित थे। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से श्रावण मेहता की पत्नी मनीषा देवी को सहायिका के लिए चुना गया। बीडीओ ने मनीषा को चयन से संबंधित औपबंधिक प्रमाण पत्र दिया। मौके पर लोहड़ा मुखिया सुमित्रा देवी, पंसस ललिता देवी, वार्ड सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी, प्रधानाध्यापक गोपाल मेहता, श्रावण मेहता, अनिमेष मेहता, अशोक मेहता भी थे।

## आजाद क्लब को हरा डंडीला क्वाफा में



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला जे बी उवि मैदान में चल रहे भवानी सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को डंडीला यूथ क्रिकेट टीम और आजाद क्रिकेट क्लब के बीच प्रीक्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। टॉस जीत बल्लेबाजी करते हुए आजाद क्लब ने 15 .2 ओवर में सभी विकेट खोकर 166 रन बनाया। जवाब में उतरी डंडीला यूथ क्रिकेट टीम ने सात विकेट खोकर 169 रन बनाकर मैच जीत लिया। इसी जीत के साथ डंडीला यूथ क्रिकेट टीम क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर गयी। मौके पर मैन ऑफ द मैच रेहला रामनवमी पूजा समिति अध्यक्ष आलोक शुक्ला, आयोजन समिति के अध्यक्ष संजू सिंह, राजेश शुक्ला, दिनेश शुक्ला, कलिका सिंह, नीरज सिंह थे।

## सुर संगम कला केंद्र में सरस्वती पूजा



**मेदिनीनगर।** संगीत प्रशिक्षण केंद्र सुर संगम कला केंद्र में सरस्वती पूजा का उत्सव हर्षोल्लास मनाया गया। मौके पर केंद्र में ज्ञान, कला, विद्या, वाणी, स्वर की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर कला साधकों के साथ केंद्र के शिष्यों ने पारंपरिक वस्त्रों में सज-धज कर पूरे विधि-विधान के साथ उनकी आराधना की। केंद्र में सुबह से शाम तक संगीतमय वातावरण रहा। केंद्र संचालक राम श्याम बंधु ने बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां सरस्वती हम सभी के जीवन को ज्ञान, सृजनात्मकता और समृद्धि से प्रकाशित करें।

## विसर्जन जुलूस में भक्तों ने दी मां को विदाई



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में सरस्वती पूजन महोत्सव को लेकर मंगलवार को पूजन के बाद मूर्ति का विसर्जन किया गया। रंग गुलाल के छात्र-छात्राओं ने मां की मूर्ति विसर्जित की। मवि लेस्लीगंज, +2 उवि लेस्लीगंज के अलावे निजी कोचिंग सेंटरों में हवन के बाद मां की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। युवाओं ने इस दौरान धार्मिक गीतों के तर्ज पर जमकर ठुमके लगाये। **थाना प्रभारी राजीव कुमार गुप्ता विसर्जन में दिखे सक्रिय :** लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ पूरी तरह नजर बनाये रहे एवं विसर्जन यात्रा में पुलिस बलों की तैनाती की गयी थी। जो पूजनोत्सव के समय से ही संदिग्ध गतिविधि वाले तत्वों पर पैनी नजर रख रहे थे।

## आरएनडीपी स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी



**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला बी मोड़ स्थित आरएनडी पब्लिक स्कूल परिसर में मंगलवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगी। जिसमें बच्चों ने एक से बढ़कर एक मॉड्यूल प्रस्तुत किये। उद्घाटन सेवानिवृत डीएसओ शशिनाथ चौबे, पंडित विजय शुक्ला व अनिल सिंह ने किया। अध्यक्षता निदेशक संतोष शुक्ला व संचालन शिक्षक रंजन द्विवेदी ने किया। अतिथियों ने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चों के मॉडलों की प्रशंसा कर उनका उत्साह बढ़ाया। संतोष शुक्ला ने कहा कि यह प्रदर्शनी बच्चों के रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का बेहतर प्लेटफॉर्म होगा।

एसडीएम ने तीनों प्रखंड-अंचल कार्यालयों में भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रूख अपनाया

# आमजन से सीधा संपर्क के लिए सार्वजनिक किया मोबाइल नंबर

**गौतम पटेल**

**हुसैनाबाद पलामू।** बीते दिनों मोहम्मदगंज में अंचल राजस्वकर्मी मुकेश कुमार के भ्रष्टाचार में लिप्त वीडियो वायरल व अनुमंडल के तीनों प्रखंड व अंचल कार्यालयों में लगातार भ्रष्टाचार एवं लंबित मामलों के निष्पादन की शिकायत के बाद मंगलवार को एसडीओ गौरांग महतो ने कड़ा रूख अपनाया है। उन्होंने सबसे पहले तीनों अंचल कार्यालयों के लिए एक आदेश निकाला है, जिसमें महीना के प्रथम सोमवार को सभी राजस्व कर्मी अपने अपने हल्का क्षेत्रों में कैंप लगाकर जनता के कामों को निष्पादित करने का आदेश दिया है। साथ ही लंबित मामलों पर जल्द काम करने को कहा है।

### पहले सोमवार को सभी सीओ लगायें कैंप, म्यूटेशन व दाखिल खारिज का निपटारा जल्द करें : एसडीएम

■ वीडियो वायरल होने के बाद एक्श मोड में एसडीओ

■ किसी के रिश्वत मांगने पर शिकायत दर्ज कराने के लिए जारी किया अपने कार्यालय का नंबर

उन्होंने मीडिया को बताया कि सभी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि अपना-अपना कार्य क्षेत्र के अनुसार जनहित के कामों को करें। जनता इधर-उधर भटक रही है।



गौरांग महतो, एसडीओ।

उन्होंने अपने कार्यालय के सरकारी नंबर 82355 03866 जारी करते हुए कहा हैं कि अगर कोई घूस या गलत कार्यो के लिए पैसा की मांग करें तो आप सीधा हम से सम्पर्क करें। एसडीओ के इस पहला से हुसैनाबाद के अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

## संस्कारयुक्त शिक्षा ही संत मरियम को दे रहा है ऊंची उड़ान : प्रो एससी मिश्रा

■ संत मरियम के छात्रों ने हर्षोल्लास के साथ किया मां सरस्वती की पूजा, सुर संध्या कार्यक्रम में कई लोग शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में धूमधाम से सरस्वती पूजा मनी। छात्रावास के विद्यार्थियों ने पंडाल तैयार कर उसे आकर्षक ढंग से सजाया। मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की। विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धा और भक्तिभाव से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की। पंडित एनएन मिश्रा ने पूजा करायी। गुरु पूजन में छात्रों ने सभी शिक्षकों के पांव धोकर अंगवस्त्र दिये। आवासीय परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजन किया गया।




दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

**खास बातें :** समारोह का शुभारंभ प्रो एससी मिश्रा, विद्यालय चेयरमैन अविनाश देव, व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल, बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट रामदेव यादव, सचिव अजय पाण्डेय, कोषाध्यक्ष किशोर पाठक, लिलीपुट स्कूल के निदेशक राजीव गोयल, इंस्पेक्टर सुरेश राम, सदर थाना प्रभारी उत्तम राय, पड़वा थाना प्रभारी चंद्रशेखर यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। चेयरमैन ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। पप्पू जी की टीम के कलाकारों ने मां सरस्वती के भजनों पर बच्चों को खूब झुमाया। वहीं विद्यालय के छात्राओं ने नौ देवी के रूपों में सुशोभित नृत्य, क्षेत्रीय नृत्य ने अतिथियों व अभिभावकों को मंत्रमुग्ध किया। मौके पर प्रोफेसर श्री मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरुओं का सम्मान ही उनके लिए सबसे बड़ी उपलब्धि है । संत मरियम का संस्कार युक्त शिक्षा इसे ऊंची उड़ान दे रहा है, वहीं बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट ने छात्र व छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किए गए नृत्य को भी खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन उपप्राचार्य एस वी शाहा ने किया। मौके पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, प्रवीण दुबे, मेंटर्स एडुसर्व के समस्त शिक्षक, समन्वयक रोशन राज, वकील ओंकार नाथ तिवारी समेत समस्त शिक्षक अभिभावक व बच्चे मौजूद थे।

## गोदाम में लगी आग, अग्निशामक की मदद से आग पर काबू पाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के वैद्य विगहा मोहल्ला स्थित अपना वाणिज्य फार्म के गोदाम में सोमवार की रात आग लग गयी। जिससे गोदाम में रखे विभिन्न कंपनियों के सामान जलकर खाक हो गये। आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन आग की ऊंची लपटें देख सूचना अग्निशामक को दी। बाद में उसी की मदद से आग पर काबू पाया। इस संबंध में अपना वाणिज्य फॉर्म के प्रोपराइटर अभिषेक जायसवाल ने बताया कि उसने बताया कि रोज की तरह रात 8:30 बजे गोदाम बंद कर हरिहरगंज मेन बाजार स्थित घर चला गया। रात करीब 12:10 बजे आसपास के लोगों ने सूचना दी कि गोदाम में आग लग हुई है। तुरंत परिजनों के साथ गोदाम पहुंचे, तो आग की लपटें देखा। इसमें भारी आर्थिक क्षति हुई है। अगलगी की खबर मिलते ही हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे, वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



## बच्चों के सर्वांगीण विकास में उनकी माताओं की अहम भूमिका : एसडीओ

■ श्री मां बाल विकास विद्यालय में मातृ-सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** मां शिवकुमारी देवी सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री मां बाल विकास विद्यालय की होलेया रोड उपरिकला शाखा में मातृ सम्मेलन सह सम्मान समारोह किया गया। अध्यक्षता निदेशक सह प्राचार्य डॉ जीतेंद्र प्रसाद और संचालन छात्रा पूनम कुमारी व मणि सिंह ने किया। समारोह का उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ गौरांग महतो व सीओ पंकज कुमार ने मां की तस्वीर के समक्ष दीप जलाकर किया। विद्यालय प्रबंधन ने अतिथियों को सम्मानित किया। एसडीओ गौरांग महतो ने कहा कि घर को प्रथम पाठशाला और मां को प्रथम गुरु कहा जाता है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में माताओं की अहम भूमिका होती है। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहने की बात कही। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना कर कहा कि मंचीय कार्यक्रम से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ती है।



## मनोज यादव बने पाटन प्रेरक संघ के अध्यक्ष



**पाटन पलामू।** पाटन प्रेरक संघ की बैठक की गयी। जिसमें पदाधिकारियों का चयन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मनोज कुमार यादव को अध्यक्ष, मालेंदर प्रसाद यादव को उपाध्यक्ष, रंभा देवी को सचिव और महेंद्र कुमार मेहता को कोषाध्यक्ष चुना गया। सदस्य के रूप में रिंकी देवी, प्रेम कुमार, रवींद्र कुमार, मनोज कुमार सिंह, सोनी कुमारी, नवनीता कुमारी, सुषमा कुमारी, लक्ष्मी देवी एवं सुरेन्द्र मांझी को चुना गया।

## जिप सदस्य व थाना प्रभारी ने किया कंबल वितरण



**पाटन पलामू।** प्रखंड के जोड़ा में अति-पिछड़े परिवारों के बीच जिप सदस्य जय शंकर कुमार सिंह उर्फ संग्राम सिंह और पाटन थाना के प्रभारी लालजी सिंह ने कंबल बांटा। श्री सिंह ने कहा कि यहां आकर पता लगा कि सभी परिवारों को सरकारी सुविधाओ से वंचित रखा गया है। न तो कंबल मिला, न राशन मिलता है न ही अन्य सरकारी सुविधाएं। 40 साल से ये सभी यहां रह रहे हैं। सरकार व पदाधिकारी द्वारा सभी लोगों को कागज पर सुविधा दिया जाता है। यहां के ग्रामीण हर चुनाव में मत भी दे रहे है फिर भी ब्लॉक ने इनकी उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि वे जब कोरोना काल में यहां राशन वितरण करने आये थे उस वक्त से अब तक इनके जीवन में कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने अधिकारियों को फिर से यहाँ के लोगो की पीड़ा बतायी है। उनका प्रयास है कि इन परिवारों को जल्द से जल्द मुख्य धारा में जोड़ कर सभी सुविधाएं दिलाया जाये।

## भूमि विवाद : दो पक्षों में मारपीट, एक दर्जन लोग घायल, एक की हालत नाजुक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद पलामू।** अनुमंडल के देवरी ओपी क्षेत्र के देवरी खुर्द पंचायत के सोनपुरवा में भूमि विवाद को लेकर मंगलवार की सुबह दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हो गये। जिनमें सरोज राम, आदित्य कुमार, रामदेव राम, सूरज कुमार, विमलेश कुमार, ओम प्रकाश, छाया कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रियंका कुमारी, निर्मला देवी, हरमिनी देवी, गुंजन देवी शामिल हैं। सभी को ग्रामीणों ने देवरी ओपी के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से सरोज राम (30) को एमएमसीएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। सरोज ने बताया कि 13 डिसमिल जमीन को लेकर गोतिया रामदेव राम के बीच विवाद चल रहा था। 13 डिसमिल में विवाद था। इसे लेकर स्थानीय ग्रामीणों और हुसैनाबाद सीओ ने समझौता भी कराया था।



## इलेक्ट्रॉनिक ऑटो नीलगाय से टकराया, चार घायल

**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के जपला छतरपुर मुख्य सड़क पर कचरा मोड़ के समीप प्रयागराज से घर लौट रहे यात्रियों से भरा इलेक्ट्रिक ऑटो टकरा कर पलट गया। जिसमें एक ही परिवार के आठ लोग घायल हो गये, जिनमें चार लोग गंभीर हैं। उनका ईलाज अनुमंडलीय अस्पताल में जारी है। परिवार के सभी सदस्य कुंभ मेला संगम स्नान करने गये थे। वापसी के दौरान जपला रेलवे स्टेशन से इलेक्ट्रिक ऑटो से अपने घर छतरपुर जा रहे थे उसी बीच कचरा मोड़ के पास नीलगाय ऑटो में टकरा गया।

## आदिवासी महाकुंभ मेला में सीएम व मंत्री को भेजेंगे निमंत्रण : हृदया सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ मेले में दूसरे राज्यों के आदिवासी भी लेंगे भाग



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के दुबियाखाड़ में प्रति वर्ष लगने वाला आदिवासी महाकुंभ मेला 11 व 12 फरवरी को लगेगा। चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी हृदया सिंह ने बताया कि मेले को अंतिम रूप देने के लिए मेला समिति के सदस्य लगे हुए हैं। तैयारी जोरों पर है। इस बार मेला को भव्यता दी जायेगी। मेले में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री को आने का निमंत्रण दिया जायेगा। मेला में लाभुकों को परिसंपत्ति का वितरण, धोती साड़ी वितरण, गोद भराई रश्म, पशु वितरण, लोगों के मनोरंजन के लिए झूला लगाये जायेंगे। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। मुख्य अतिथि के स्वागत के लिए दूसरे राज्यों के आदिवासी बुलाये गये हैं, जो मुख्य अतिथि का स्वागत मांदर की थाप पर करेंगे। मेला में शराब बिक्री पर प्रतिबंध रहेगा। कई विभागों के स्टॉल भी लगेंगे।

## छतरपुर अनुमंडल मुख्यालय में मनी सरस्वती पूजा



**छतरपुर पलामू।** अनुमंडल मुख्यालय में सरस्वती पूजा धूमधाम के साथ मनाया गया। शिक्षक भरत सिंह ने बताया कि बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना हम सभी विधि पूर्वक शैक्षणिक संस्थानों में करते हैं। पूजन के बाद कई सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। वहीं नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 में स्थित मांड्या नदी के समीप एस एस मेमोरियल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने पूजा अर्चना कर संस्कृत कार्यक्रम का भी मनोरंजन उठाया। वहीं शिशु विद्या भारती बाजार परिसर, सब एलिट पब्लिक स्कूल मसीहानी, होली ब्राइटलैंड और कोलंबस पब्लिक स्कूल, प्लस टू उच्च विद्यालय, कवलवास बालिका विद्यालय और कन्या मध्य विद्यालय समेत कई विद्यालयों में पूजा हुई। इलाके में धार्मिक गीतों से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

चैनपुर थाना परिसर में हुआ विदाई सम्मान समारोह का आयोजन

# सब इंस्पेक्टर और चौकीदार सेवानिवृत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर पलामू।** अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य करने वाले पुलिस कर्मी को सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन चैनपुर थाना के लिए गर्व की बात है। पुलिस कर्मी अपने सेवा काल में कई वर्ष ड्यूटी करते हैं ऐसे में ज्यादातर समय अपने परिवार से दूर रहते हैं शायद इसीलिए सरकार एक उम्र की पड़ाव पर पुलिस कर्मियों को सेवानिवृत्त कर अपने उम्र की आखिरी पड़ाव को परिवार के साथ गुजारने के लिए यह प्रक्रिया बनाई है। इस सत्य से हम सभी को एक ने एक दिन गुजरा है। सरकार दिशा निर्देश का पालन करते हुए अपने ड्यूटी को निभाते हैं इस समय हुए अपने परिवार व अपनी निजी जरूरत को छोड़कर अपने कार्यों के प्रति निष्ठा पूर्वक निर्वहन कर सम्मानपूर्वक विदाई लेना एक बड़ी उपलब्धिहै। चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने सेवानिवृत हो रहे हैं पुलिसकर्मी को आने वाले नए जीवन की नई पारी के लिए शौल और माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सरकार की इस प्रक्रिया से सभी सरकारी कर्मी को एक ने एक दिन गुजारना पड़ता है आज सब इंस्पेक्टर प्रमोद पासवान एवं चौकीदार वीरभद्र सिंह का सेवानिवृत्ति का दिन है कल हमारा भी होगा इसी प्रकार या भीम सरकार व पुलिस प्रशासन के द्वारा चलती आ रही है और आगे भी चैनपुर थाना में विदाई समारोह का जो प्रचलन पहले से चला आ रहा है वह आगे भी चला रहे ताकि जीवन भर पुलिस अपने परिवार के साथ छोड़कर जनता की सुरक्षा के लिए तात्पर्य रहती है उसे सेवानिवृत होने के समय शानदार विदाई पानी का हक है। मौके पर सब इंस्पेक्टर छत्रधारी कुमार, बाबूलाल दुबे, रंजीत कुमार, अनिल विद्यार्थी, रंजीत मरांडी, उदीप बघवार, राजकुमार मेहता, ए एस आई संजय कुमार अजय गुप्ता मुंशी राकेश कुमार, शैलेंद्र कुमार सहित थाना के सशस्त्र बल व चौकीदार गणमान्य लोग उपस्थित थे।



समारोह के दौरान विदाई देते सहायक कर्मचारी।

## थैलीसीमिया-एचआइवी मरीजों को ब्लड बैंक से मिलता है नि:शुल्क रक्त : मो अनवर आलम

■ ब्लड बैंक में रक्त यूनिट बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत

■ एक साल में करीब 40 संस्थाएं ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन करती हैं

**अजीत दूबे**

**मेदिनीनगर।** मेदनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल में ब्लड बैंक प्रभारी मोहम्मद अनवर आलम ने बताया कि थैलेसीमिया सिकल सेल डिजीज एचआईवी संक्रमित मरीज दुर्घटना ग्रसित बंदूक की गोली से घायल एवं अज्ञात मरीजों को रक्त केंद्र पलामू से मुफ्त ब्लड दिया जाता है। इस केंद्र से 6 महीना एवरेज के अनुसार से 60 से 70 यूनिट प्रति माह मुफ्त ब्लड दिया जाता है। उन्होंने कहा कि ब्लड बैंक की जो स्थिति है स्टोरेज क्षमता से बहुत कम हमारे यहां ब्लड उपलब्ध है जो काफी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कई संस्थाओं द्वारा समय समय पर रक्तदान किया जाता रहा है। इससे ब्लड यूनिट बढ़ता है। उन्होंने आम लोगों से रक्तदान करने की अपील की ताकि यह रक्त संकट में दूसरों को काम आ सके। उन्होंने कहा कि संस्था ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन ज्यादा से ज्यादा करें ताकि जो जरूरतमंद लोग रक्तदान कर सकें। ब्लड बैंक में रक्त युनिट बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। 1 साल में लगभग 40 संस्था ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन करते हैं। संस्था जनकल्याण ट्रस्ट समेत कई संस्था ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन कर ब्लड डोनेट करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्टोरेज क्षमता से भी ब्लड बहुत ही कम होने के कारण हम लोग जरूरतमंद को ब्लड उपलब्ध नहीं कर पा रहे हैं।



जानकारी देते ब्लड बैंक प्रभारी मो अनवर आलम।

# सांसद बीडी राम ने परिवहन मंत्री को दिया फोरलेन सड़क के उद्घाटन का न्योता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के साथ सांसद बीडी राम।

**गढ़वा।** पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत एनएचएआई के द्वारा एनएच 75 एव 98 का फोरलेन निमार्णाधीन सड़कों के कार्यो के संबंध में विस्तृत चर्चा की। सांसद ने मंत्री को बताया कि गढ़वा फोरलेन बाईपास सड़क एवं पलामू जिला के सीलीदाग से हरिहरगंज तक एनएच 98 को फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने वाला है। उन्होंने उक्त दोनों परियोजनाओं का उदघाटन मार्च-अप्रैल महीने में करने का अनुरोध किया। परिवहन मंत्री ने जल्द ही समय निर्धारित करने का आश्वाशन दिया।

**झारखंड-बिहार के बीच नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग**

सांसद बीडी राम ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र की चहुँमुखी विकास के लिए सुगम आवागमन हेतु क्षेत्र की जनता एवं इससे जुड़ने वाले क्षेत्र की मांग रही हैं कि गढ़वा से मझिआंव, कांडी होते हुए श्रीनगर (झारखंड) एवं पंडुका (रोहतास, बिहार) रा0रा0 119 तक नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जाय। इसके निर्माण हो जाने से बिहार का झारखंड तथा छत्तीसगढ़ से कनेक्टिविटी और मजबूत होगी। साथ ही यह इलाका बिजनेस कोरिडोर के रूप में विकसित होगा।

दक्षिण बिहार के इलाके का सीधा संपर्क झारखंड के कई शहरों से हो सकेगा। इससे उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार एवं देश के अन्य राज्यों से झारखंड की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा नये अवसर प्राप्त होंगे जिससे लोगों की बेरोजगारी दूर होगी। परियोजना के बारे में बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि गढ़वा के श्रीनगर एवं रोहतास के पंडुका के बीच करीब दो किलोमीटर लम्बा ब्रीज बनाया जा रहा है, जिसकी स्वीकृति सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मत्रालय, भारत सरकार के द्वारा की गयी है। इस पुल के निर्माण से गढ़वा जिले के मझिआंव, कांडी, विशुनपुरा, बरडीहा, भवनाथपुर आदि प्रखंड के लोगो को वाराणसी जाने के लिए 80 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी होगी।

पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला आदि जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ की ओर से आने वाले यात्रियों को जीटी रोड़ पकड़ने या वाराणसी जाने के लिए तीसरा विकल्प उपलब्ध हो जाएगा। वर्तमान में यह सड़क पथ निर्माण विभाग, गढ़वा (झारखंड सरकार) के पास है। इस जिले से तीन राज्यों की सीमायें मिलती है इसलिए राजमार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित की जाय। इस सड़क को फोरलेन में परिवर्तित किये जाने से रोहतास (बिहार) से गढ़वा (झारखंड) की दूरी कम हो जायेगी, जिससे इस राज्य के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से आवागमन के साथ व्यापारिक एवं उद्योग लगाने की नई संभावनाएं विकसित होगी, जिससे सवार्गीण विकास होगी। सांसद ने कहा कि झारखंड राज्य के पलामू एवं गढ़वा जिले पिछड़ा एवं नक्सल बहुल्य क्षेत्र में आता है, जिसके विकास के लिए नये राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण अति आवश्यक है।

इसे फोरलेन में परिवर्तित करने हेतु अपने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निदेश देने की कृपा करें, ताकि उपरोक्त वर्णित सभी परियोजनाओं पर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के द्वारा निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सकें। इसके लिए इस क्षेत्र एवं राज्य की जनता आपकी सदा आभारी रहेगी।

# आग से गरीब का जला घर, कीमती समाना खाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भवनाथपुर।** टाउनशिप स्थित सेल परिसर में खपड़ैल मकान में रहने वाले बैजनाथ बैठा के मकान में अचानक आग लग गई। जिसमें दो बकरियां जल गईं साथ ही कई कीमती सामान जल कर खाक हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तब तक आग ने मकान और उसके अंदर रखे सामान को अपनी चपेट में पूरी तरह ले लिया था। बताया जाता है कि आग रात के समय लगी। जब घर के लोग सो रहे थे। अचानक उठी लपटों और धुएं को देखकर पड़ोसियों ने परिवार को जगाया। हालांकि, परिवार के लोग सुरक्षित बाहर निकलने में सफल रहे। रस दौरान दो बकरियां आग में फंस गईं और उनकी मौत हो गई। इसके अलावे घर में रखा अनाज, कपड़े और अन्य कीमती सामान भी जलकर राख हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस घटना से पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। प्रशासन और स्थानीय अधिकारी इस मामले में पीड़ित को हर संभव मदद देने का आश्वासन दे रहे हैं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग**

**प्रेस विज्ञप्ति**

M/S Ramadhar Singh & Sons, M.I.G, B/49, Housing Colony, Dhanbad-826001 Mobile No- 9431158755/9431726949, Email id- rdss1974@gmail.com द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग अंतर्गत बड़कागांव ग्रामीण जलापूर्ति योजना का कार्य कराया जा रहा था, परन्तु समय पर कार्य पूर्ण नही होने के कारण मुख्य अभियंता, सी0डी0ओ0, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची का ज्ञापांक 9/CDO-224/2020-846 (CDO), रांची दिनांक 31.07.2024 द्वारा योजना के एकरानामा को विखण्डित (Recind) करने हेतु निदेशित किया गया था। उक्त निदेश के आलोक में अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, हजारीबाग के कार्यालय आदेश सं0–37 सहपठित ज्ञानांक 919 दिनांक 15.10.2024 द्वारा बड़कागांव ग्रामीण जलापूर्ति योजना का अंतिम मापी हेतु पांच सदसीय समिति का गठन किया गया। तत्पश्चात सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमण्डल सं0–01, हजारीबाग के पत्रांक 166 दिनांक 17.10.2024, पत्रांक 176 दिनांक 25.11.2024 एवं पत्रांक 186 दिनांक 17.12.2024 द्वारा अंतिम मापी हेतु तिथि निर्धारित करते हुए M/S Ramadhar Singh & Sons, M.I.G, B/49, Housing Colony, Dhanbad-826001 Mobile No- 9431158755/9431726949, Email id- rdss1974@gmail.com को निर्धारित तिथि पर उपस्थित होकर विभागीय निदेश का अनुपालन हेतु अंतिम मापी में सहयोग हेतु अनुरोध किया गया था, परन्तु आपके या आपके किसी प्रतिनिधि के उपस्थिति नही होने के कारण समिति द्वारा एक पक्षीय निर्णय लेते हुए योजना का अंमित मापी का कार्य कर दिया गया है। उपरोक्त संदर्भ में आपको पुनः अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कहना है कि यदि समिति द्वारा किये गये अंतिम मापी के संदर्भ में आपको किसी प्रकार का आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अंदर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग के कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि तक आपके द्वारा आपत्ति दर्ज नही कराया जाता है, तो अवधि समाप्ति के पश्चात् आपके द्वारा प्रस्तुत दावा मान्य नही होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 345754 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D


## स्पीड न्यूज

### डीडीसी ने किया मनरेगा मजदूरों को सम्मानित

**गढ़वा।** मनरेगा दिवस के उपलक्ष्य में जिले में तीन से आठ फरवरी तक मनरेगा सप्ताह मनाया जा रहा है। मनरेगा सप्ताह के तहत मंगलवार को डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने 100 दिनों का रोजगार पूर्ण करने वाले मनरेगा मजदूरों को शॉल ओढ़ा कर एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

### पेड़ से गिरकर घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के डुमरो गांव निवासी प्रभु मेहता का 10 वर्षीय पूत्र अनूप कुमार पेड़ से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह घर के पास एक पेड़ पर चढ़कर पपीता तोड़ रहा था। उसी बीच पेड़ से गिर गया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कुआं में कूद कर आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के कितासोती कला गांव निवासी दशरथ उरांव का पुत्र नवीन उरांव 19 वर्ष ने कुआं में कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार वह अपने सुसराल रामबाण गांव गया था। वहां पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। उसी बात से आक्रोशित होकर वह कुआं में कूद गया।

### मोटरसाइकिल से गिरकर घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के बालिगढ़ गांव निवासी लखन राम का पुत्र अखिलेश राम मोटरसाइकिल से गिरकर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार अखिलेश अपने घर से करके गांव गया हुआ था। उसी बीच करके गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना के बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बेरमो : कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में दीक्षांत समारोह आयोजित

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन ढोरी में 10फरवरी को समारोह आयोजित कर कक्षा 10वीं की 62 छात्राओं को विदाई दी गई। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे। समारोह के मुख्य अतिथि फुसरो नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि ईमानदारी, परिश्रम व अनुशासन में रहकर हर परीक्षा में सफलता पा सकते हैं। विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। प्राचार्य रण सुमन सिंहने छात्राओ को कड़ी मेहनत के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी तथा छात्राओं को अपने अभिभावकों, गुरुजनों, विद्यालय की आशाओं पर खरा उतरने की सीख दी। उन्होंने कहा कि हम युवा पीढ़ी राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत शारीरिक प्राणिक मानसिक भौतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो एवं हमारा जीवन ग्रामों वनों गिरिकंद्रा एवं झुग्गी झोपड़िया में निवास करने वाले दीन दुखी अभावग्रस्त को शोषण अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस सुसंपन्न बनाने के लिए समर्पित हो। संकुल संयोजक अमित कुमार सिंह ने छात्राओं को एकाग्रता के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा दी।

# ग्रामीणों ने सड़क निर्माण का किया विरोध घटिया सामग्री लगाने का लगाया आरोप

**ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार और इंजीनियर द्वारा सड़क के मापी कर मंगरदह तक मिट्टी लेबलिंग किया गया है**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र के कैलान पंचायत में मुंकी मोड़ से लेकर मंगरदह तक आरईओ के तहत निमार्णाधीन कालीकरण पथ निर्माण में कथित गुणवत्ता विहीन सड़क बनाए जाने का मामला तूल पकड़ने लगा है।

पथ निर्माण कार्य में अनियमितता बरते जाने को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार और इंजीनियर द्वारा सड़क के मापी कर मंगरदह तक मिट्टी लेबलिंग किया गया है। लेकिन सोलिंग बिछाने का टाइम आया तो जहां तक इंजीनियर द्वारा मापी किया गया था, वहां से सड़क का लंबाई कम कर के सड़क का निर्माण कराया जा रहा है।

ग्रामीणों का कहना है, कि जहां-तहां सोलिंग बहुत कम बिछाया जा रहा है और सड़क के बगल से ही जेसीबी मशीन से मिट्टी काटकर सड़क के बगल में दिया जा रहा है। कारण यह है कि अगर सड़क के किनारे मिट्टी लेवलिंग बराबर नहीं रहेगा तो कभी भी सड़क धंस सकती है।

जहां तक इंजीनियर द्वारा मापी किया गया है, अगर वहां तक सड़क नहीं बनेगा तो हम लोग काम को रोक देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की गुणवत्ता बेहद ही घटिया है। ग्रामीणों ने हाथ से ही सड़क को उखाड़ कर दिखाते हुए कहा कि यह सरासर सरकारी पैसे का दुरुपयोग है। ठेकेदार तथा संबंधित विभाग द्वारा पथ निर्माण कार्य में गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ किया गया तो निर्माण कार्य को बंद करा दिया जाएगा।

इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राम प्रताप यादव, समाजसेवी राजमोहन यादव, अनिल कुमार यादव, अलोक यादव, भीम यादव, विशाल पटेल, जीतेन्द्र यादव, सुनील यादव, उपेन्द्र यादव, प्रसेनजीत यादव आदि का मौजूद थे।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा**
**(अभियंत्रण कोषांग)**
Phone Number:- 06526-222064 email-id: zplohardaga@gmail.com

**ई-निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या – 05/2024–25 दिनांक 04.02.2025

| क्र0/ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | भण्डरा | बिटपी | ग्राम बिटपी पतरा टोली में मीरा उरॉव के घर से अखडा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 853400.00 | 1250.00 | 17100.00 | 03(तीन) माह |
| 2 | सेन्हा | सेन्हा | ग्राम नौदी में नव निर्मित सामुदायिक भवन के पास पक्की नाली निर्माण | 1112300.00 | 2500.00 | 22300.00 | 03(तीन) माह |
| 3 | पेशरार | हेसाग | नीचे तुरियाडीह में अखडा से लेकर प्रा0 विद्यालय आरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण | 2196100.00 | 5000.00 | 44000.00 | 03(तीन) माह |

2 वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न से
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 13.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न तक
4 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 14.02.2025/10:00 बजे पर्वाह्न
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
6 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट – 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
2. कार्य की मात्रा आवश्क्तानुसार घट–बढ सकती है।

विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद, लोहरदगा

PR 345719 Lohardaga (24-25)_D


# हारने वाली टीम को मिलती है बड़ी सीख : विधायक नरेश सिंह

**नया सवेरा नया उजाला के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 12 स्थित खजूरी गांव के मैदान में नया सवेरा नया उजाला के तत्वाधान में आयोजित फुटबाल टूर्नामेंट का उद्घाटन स्थानीय विधायक नरेश प्रसाद सिंह, अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार, पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया।

इसके पूर्व मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। अतिथियों ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान विधायक श्री सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इसके दो पहलू होते हैं हार और जीत। खेल में हारने वाले खिलाड़ी को बहुत कुछ सीखने का मौका मिलता है।

टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच नगर पंचायत क्षेत्र के दुबे तहले फुटबॉल टीम एवं पलामू जिला के कुटमू बरवाही फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। रेफरी की भूमिका अरविंद कुमार राम ने निभाई जबकि लाइनमैन की भूमिका संजय राम एवं कामेश्वर राम ने निभाई।

मौके पर युवा समाजसेवी मारुति नंदन सोनी, एस आई नसीम अंसारी, प्रेमानंद त्रिपाठी, विवेक सोनी, आनंद तिवारी, बद्री शर्मा, बलराम मेहता, अमरुद्दीन, धर्मेंद्र कुमार पांडे, सत्येंद्र तिवारी सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

### क्रिकेट का फाइनल मुकाबला 6 को

**डंडई।** प्रखंड के रारो स्टेडियम में चल रहे बिरसा मुंडा कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 6 फरवरी को होगा। इसकी जानकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव ने दी है। उन्होंने बताया कि पहले सेमीफाइनल मैच में बौलिया की टीम ने रारो को हराकर फाइनल में अपना जगह बनाया। इसी तरह दूसरे सेमीफाइनल में मकरी की टीम ने करके को हराकर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित कर ली है। फाइनल मुकाबला मकरी व बौलिया के बीच खेला जाएगा। फाइनल मुकाबला का मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव होंगे तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष शान्ति देवी, कन्या विवाह विकास सोसायटी के सचिव विकाश माली, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली, थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव, प्रमुख कान्ति देवी, उप प्रमुख अंजलि देवी, मुखिया सुनीता देवी होंगे।


पत्रांक :– न0प0/............................../2025
**कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा**
ई–मेल :–simdeganagar@yahoo.in

**आम–सूचना**

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (BLC) हेतु नगर परिषद सिमडेगा कार्यालय में आवेदन पत्र जमा लिया जा रहा है। वैसे सुयोग लाभुक जो विभिन्न कारणों से योजना के लाभ से वंचित रह गए है, ऐसे सभी लाभुकों को सूचित किया जाता है कि अगर वह इस योजना का लाभ लेने मे इच्छुक है तो नीचे दिये गये लिंक पर अपना आवेदन ऑनलाईन कर सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ नगर परिषद सिमडेगा के PMAY(U) कोषांग से सम्पर्क स्थापित कर आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है।

**कौन कर सकते है आवेदन** :–
- आवेदक अथवा उसके परिवार के नाम पर भारत में कहीं भी पक्का मकान नहीं होना चाहिए।
- योजना संबंधित लाभुक परिवार में पति, पत्नी एवं अविवाहित बच्चे शामिल होंगे।
- लाभार्थी आर्थिक रूप से कमजोर आय वर्ग के होंगे, जिसकी वार्षिक आय अधिकतम रू0 3 (तीन) लाख हो।
- लाभुक मिशन के विभिन्न घटकों में से केवल एक घटक का ही लाभ ले सकते है।

**आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज आवश्यक है** :–
- परिवारिक फोटो (पूरे परिवार का एक साथ फोटो/संयुक्त फोटो)
- आवेदक/आवेदिका एवं उनके पति/पत्नी के आधार कार्ड की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के मतदाता पहचान पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के बैंक आकाउंट हेतु पास बुक की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के आय/निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- आवेदक/आवेदिका के जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति
- भारतवर्ष में कहीं भी पक्का मकान नहीं होने का शपथ पत्र
- जमीन का दस्तावेज खतियान, डीड, वंशावली, बंटवारानामा आदि।
- जमीन का अद्यतन (Updated) लगान रसीद। (जमीन का रसीद नहीं होने की स्थिति में भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र संलग्न करें।)
- आवेदन हेतु आवेदक/आवेदिका का Active मोबाईल नम्बर जो आधार कार्ड एवं बैंक खाता से एक की मोबाईल नम्बर लिंक हो।

Online आवेदन हेतु निर्धारित लिंक–https://pmaymis.gov.in/pmaymis2_2024/ PMAY_SURVEY/EligiblityCheck.aspx अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें PMAY(U) कोषांग, नगर परिषद कार्यालय सिमडेगा।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा

PR 345724 Simdega(24-25).D


# चोरों के निशाने पर भाजपा नेता, कार के चक्के की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के खरौंधी मोड़ के निकट भाजपा नेता सह टाईल्स एवं मार्बल व्यवसायी सुरेश प्रसाद साह की कार के चक्का की चोरी हो गई। उन्होंने इसकी शिकायत पुलिस से की। पुलिस इस मामले की जांच शुरू कर दी है।सोमवार की रात्रि में अज्ञात चोरों ने चोरी की थी। गाड़ी मालिक सह भाजपा नेता सुरेश साह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी कार घर के सटे शेड में खड़ी थी।सुबह जब बच्चे को स्कूल पहुंचाने के लिए गाड़ी निकालने गए तो देखा कि ईंट के सहारे गाड़ी खड़ी हैऔर अगला चक्का गायब है। वहीं पीछे के चक्का के नट में तेल गिरा हुआ है।इसका मतलब चोरों ने इसे भी खोलने का प्रयास किया था। जिसमें वे असफल रहे। भाजपा नेता ने बताया कि इसके पूर्व में भी दरवाजे पर खड़ी बोलेरो को चोरों ने चोरी का प्रयास किया था।

# कस्तूरबा विद्यालय में बालिकाओं के उत्थान एवं बाल सुरक्षा पर कार्यक्रम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरिया।** नवज्योति डेवलपमेंट फाउंडेशन की ओर से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, भंडरिया में बालिकाओं के संरक्षण, सुरक्षा एवं उनके उत्थान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा बालिकाओं को सरकार की ओर से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वहीं योजनाओं से लाभान्वित होने की सलाह दी गई। संस्था के प्रतिनिधि सचिव हरेंद्र कुमार ने किशोरियों के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों से अवगत कराया। उन्होंने सरकार की जनकल्याणकारी किशोरी बालिकाओं के लिए योजना तथा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को कैलोरी एवं प्रोटीन युक्त पूरक पोषाहार उपलब्ध कराकर कुपोषण उन्मूलन तथा अनीमिया उन्मूलन के दिशा में कार्य किया जा रहा है। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना बालिकाओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता मिल रही है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना बालिकाओं को जल्दी व्याह देने की प्रवृत्ति जैसी समस्याओं के निराकरण हेतु लागू है। सरकार की योजनाओं से बालिकाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। विद्यालय की वार्डन अमला प्रतिमा तिर्की स्त्ने भी छात्राओं को किशोरी सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बचाव हेतु कई उपाय सुझाए।


**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Limited**
**(CIN: U40108JH2013SGC001704)**
**OFFICE OF THE GENERAL MANAGER**
**TRANSMISSION ZONE-I, KUSAI COLONY, DORANDA, RANCHI.**
**Mob. / Tel No. :- 9431707300/0651-2490513Email:- gm.jusnl@gmail.com**

**TENDER NOTICE**

Sealed tender in two parts Techno commercial Part-I and price part-II are invited from reputed, financially sound & experienced contractors for the work mentioned below:-

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Price of BOQ. (Rs.) Non refundable | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 335/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Grid maintenance materials for 132/33KV Grid Sub-Station, **Kamdara** . | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19900/- |
| 2. | 336/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Consumable Materials for maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, **Hatia-I** | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19900/- |
| 3. | 337/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Spare materials for 132/33KV Grid Sub-Station, **Gumla** . | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 20000/- |
| 4. | 338/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Safety & Electrical materials alongwith Tools etc. for day to day Maintenance work of 220/132KV Grid Sub-Station, **Hatia-II** . | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 19500/- |
| 5. | 339/PR/JUS NL/2024-25 | Procurement of Electrical equipment and Spare Materials for Maintenance work of 132/33KV Grid Sub-Station, **TAMAR** . | (Rs.)1476/- Including GST@18% | 20000/- |

(1) Start date for sale of tender paper from **06.02.2025 at 12:30PM onwards**.
(2) Last date & time for sale of tender paper up to 03.00 P.M. on **28.02.2025**
(3) Last date & time for submission of tender paper up to 05.00 PM on **28.02.2025**
(4) Due date & time of opening part –I at 12.30 P.M. on **01.03.2025**
(5) BID OPENING DATE FOR PRICE PART:- Will be communicated later on.
(6) Tender documents with detail terms and conditions can be obtained from office of the "General Manager, Transmission Zone-I, Ranchi" after deposit of cost of BOQ in the favour of Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi in the form of D.D. issued by any nationalized / scheduled Bank drawn in favour of "Manager (F&A), Transmission Zone-I, Ranchi" payable at Ranchi on any working day after the date of publication of tender in Newspapers.
(7) For any clarification please contact Telephone No. 0651-2490513 / 9431707300.
(8) The undersigned reserves the right to extend the date of sale/ submission / opening of part-I or reject any / all tenders without assigning any reason thereof.
(9) **Address for Communication**:
GENERAL MANAGER, TRANSMISSION ZONE-I,
KUSAI COLONY, P.O.-DORANDA, RANCHI, PIN -834002
JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
Telephone no. 0651-2490513 (O)/ 9431707300/8987700007/7903702681) during office hour.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।


Sd/-
General Manager
Transmission Zone-I, Ranchi

PR 345734 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25).D

# अमेरिका से भारतीय बाहर

ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले भारतीय प्रवासियों को डिपोर्ट यानी भारत वापस भेजना शुरू कर दिया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक अमेरिकी सैन्य विमान सोमवार (3 फरवरी) को अवैध प्रवासियों को लेकर भारत के लिए रवाना हुआ। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर रॉयटर्स को बताया कि सी-17 विमान भारत के लिए उड़ान भर चुका है। हालांकि, इसे भारत पहुंचने में कम से कम 24 घंटे लगेंगे।ट्रंप प्रशासन ने अवैध प्रवासियों पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है। ट्रंप ने अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़े निर्वासन अभियान का वादा किया था, और यूएस इमिग्रेशन एंड कस्टम इन्फोर्समेंट ने 15 लाख लोगों की एक प्रारंभिक सूची तैयार की है, जिसमें लगभग 18,000 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं जो बिना दस्तावेजों के अमेरिका में रहते हैं। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हो पाया कि फ्लाइट में कितने भारतीय प्रवासी सवार थे। भारत अमेरिका में अवैध ढंग से रह रहे भारतीय प्रवासियों की पहचान करने और उन्हें वापस लेने के लिए डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन के साथ काम करने को तैयार है। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत यह सत्यापित कर रहा है कि अमेरिका से किन लोगों को भारत भेजा जा सकता है, और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी तय नहीं की जा सकती। यह समस्या हर देश के साथ है, और अमेरिका भी इसका अपवाद नहीं है, हमने हमेशा यह रुख अपनाया है कि अगर हमारे कोई नागरिक वहां अवैध रूप से हैं और हमें यह पूरी तरह से यकीन हो कि वे हमारे ही नागरिक हैं, तो उनकी वैध वापसी के लिए हम हमेशा तैयार हैं। ट्रंप के आते ही यह भारत के लिए बहुत सकून का नहीं है लेकिन इस समस्या को लेकर सरकार की नीतियां साफ है।

## कार्टून वर्ल्ड



## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यो की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष : अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह : संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या : पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला : माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक : नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु : कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर : कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ : शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है, अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन : पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

# बजट 2025: लोक लुभावन भी और राजनीतिक भी



सोशल मीडिया पर आए उस समाचार में कहा गया था कि केंद्र सरकार के प्रति मध्य वर्ग पहले की तरह उत्साही नहीं है। किंचित वह केंद्र सरकार के कामकाज और सरकार की ओर से हो रही बेरूखी से वह परेशान और निराश है। सोशल मीडिया पर मध्य वर्ग की ऐसी प्रतिक्रियाओं पर मोदी की नजर रहती है। इसे देखते हुए उन्होंने अपने मंत्रियों से कहा था कि वे लोगों से सीधा संवाद करें। सोशल मीडिया यही खबर थी। लेकिन इस खबर के संकेत साफ थे। आम बजट में मध्य वर्ग को राहत मिलने के आसार तभी दिखने लगे थे। निर्मला सीतारमण की ओर से बारह लाख 75 हजार रूपए तक की आय पर मिली आयकर छूट को इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं और कुछ महीनों बाद देश की राजनीति की धड़कन माने जाने वाली मगध की धरती यानी बिहार में भी चुनाव होना है। निर्मला सीतारमण की ओर से मिली आयकर छूट से सरकारी कर्मचारियों की भी राजधानी मानी जाने वाली दिल्ली चुनाव पर असर पड़ना तय माना जा रहा है। शायद यही वजह है कि अरविंद केजरीवाल मोदी सरकार के बजट से खुश नहीं हैं और कह रहे हैं कि इस बजट से आम लोगों को कोई राहत नहीं मिली है। इस बजट में बिहार को बहुत कुछ मिला है। निर्मला सीतारमण ने बजट प्रस्ताव में बिहार के किसानों के लिए मखाना बोर्ड का एलान किया है। इससे बिहार के मखाना किसानों को राहत मिलने के आसार है। इसके उत्पादन, प्रोसेसिंग, वैल्यू एडिशन और मार्केटिंग के अवसर बढ़ेंगे। जाहिर है कि इसका सीधा फायदा बिहार के ही लोगों को मिलेगा। बजट प्रस्तावों में मखाना निकालने के काम में लगे लोगों के लिए भी सरकारी राहत की बात की गई है। यानी मखाना उत्पादक, उसके वितरक और उसके कामगार, सबको राहत और मौका देने की बात की गई है। प्रस्तावित मखाना बोर्ड की एक और जिम्मेदारी होगी। वह किसानों को प्रशिक्षण और सहयोग भी देगा। साथ ही उन्हें सरकार की तरफ से मिलने वाले फायदों को भी सुनिश्चित करेगा।

वैसे देखें तो मध्य वर्ग को केंद्र सरकार ने इन बजट प्रस्तावों के जरिए एक लाख करोड़ रुपए का उपहार दिया है। इसमें 12 लाख 75 हजार रुपए की आमदनी वाले लोगों को जहां टैक्स में 80 हजार रुपए का फायदा हुआ है। आयकर में छूट की मांग अरसे होती रही है। पिछले कई बजट में ऐसी छूट नहीं मिलती थी तो लोग इसे लेकर निराश होते रहते थे। बहरहाल 16 लाख रुपए की आमदनी वाले लोगों को टैक्स में 50 हजार रुपए का फायदा हुआ है तो 18 लाख रुपए की आमदनी वाले को टैक्स में 70 हजार रुपए का लाभ दिख रहा है। इसी तरह 20 लाख रुपए की आमदनी वाले को 90 हजार रुपए का फायदा होगा तो 25 लाख रुपए की आमदनी वाले को एक लाख दस हजार रुपए का नए टैक्स नियमों से फायदा होगा। इसी तरह 50 लाख रुपए की आमदनी वाले को भी एक लाख दस हजार रुपए का फायदा हो रहा है। जाहिर है कि मध्य वर्ग को इससे फायदा होता नजर आ रहा है। वायस ऑफ बैंकिंग के प्रमुख अश्विनी राणा के अनुसार, टैक्स बचने से लोगों के हाथ में ज्यादा पैसा आयेगा। इससे लोगों की खरीद क्षमता बढ़ेगी। इससे आर्थिक गतिविधियों में तेजी आने की संभावना है।

केन्द्रीय बजट में कृषि और महिलाओं पर भी फोकस किया गया है। पीएम धन-धान्य योजना का प्रस्ताव किया गया है। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तीन लाख से बढ़ाकर पांच लाख किया गया। इससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने के लिए लाभ होगा। भारतीय पोस्ट यानी इंडियन पोस्ट के दफ्तरों के जरिए ग्रामीण क्षेत्र में सुविधाएं बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। इसका लाभ भी किसानों और ग्रामीण क्षेत्र के छोटे उद्योगों को लाभ मिलेगा। एमएसएमई को राष्ट्रीय मिशन के रूप में लिया जाएगा और नए वर्गीकरण तथा ऋण में भी बढ़ोतरी से लाभ होगा। एमएसएमई को भी क्रेडिट कार्ड देने की तैयारी है। इसके साथ ही बजट प्रस्तावों में राज्यों को शहरों में पूंजीगत योजनाओं में निवेश के लिए ऋण से जहां विकास होगा वहीं रोजगार भी मिलेगा। इसके साथ ही, सक्षम आंगनवाड़ी 2.0 के जरिए महिलाओं को सशक्त बनाया जाएगा। ऊर्जा और जल मिशन पर भी फोकस किया गया है। रोजगार पैदा करने के लिए पर्यटन केंद्रों और आध्यात्मिक स्थलों का विकास अच्छा प्रयास है। सरकार ने इसी तरह बीमा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 75 से 100 प्रतिशत करने की तैयारी है। इससे बीमा क्षेत्र में विकास की उम्मीद है। अश्विनी राणा का कहना है कि इसके बावजूद सरकार को सचेत रहना होगा और बीमा कंपनियों को जनता को लूटने से बचाना होगा। सरकार को इसके लिए कड़ी निगरानी रखनी होगी। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करों के लिए नए कोड की घोषणा शीघ्र होगी। जीवन रक्षक दवाइयों पर आयात शुल्क समाप्त करने से रोगियों को बड़ी राहत मिलेगी। हर जिले में कैंसर के इलाज की सुविधा देना भी बड़ा फैसला है। इसके साथ ही मेडिकल पर्यटन को बढ़ावा देने की तैयारी है। आम आदमी का सपना है अपने सिर पर अपना छत होना। इस बजट के जरिए लोगों को घर खरीदने में राहत का भी ऐलान किया गया है। इससे लोगों के साथ ही रियल एस्टेट को भी फायदा होगा। जिससे निर्माण क्षेत्र में रोजगार बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

बिहार का पटना हवाई अड्डा इन दिनों बेहद व्यस्त है। लेकिन वह छोटा पड़ रहा है। इसके विकास और उसकी क्षमता बढ़ाने के लिए भी बजट प्रस्ताव किया गया है। इससे देश-विदेश में काम कर रहे बिहार के लोगों को सीधे फायदा होगा और उनकी अपनी माटी से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही, बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संस्थान के जरिए समूचे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण गतिविधियों को मजबूती देने की तैयारी है। इसके द्वारा किसानों के उत्पाद की गुणवत्ता बढ़ाने की तैयारी तो है ही, उनकी आय में बढ़ोत्तरी का भी प्रस्ताव है। निर्मला सीतारमण के अनुसार, इस संस्थान के जरिए युवाओं को हुनरमंद बनाने की तैयारी है। इसके साथ ही उन्हें उद्यमिता और रोजगार प्राप्त करने के अवसर पैदा करेगा। बिहार में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाएंगे। इसके जरिए पश्चिमी कोसी नहर परियोजना को भी आर्थिक सहायता मदद दी जा रही है। इसके जरिए उत्तरी बिहार के 50 हजार हेक्टेयर में सिंचाई की सहूलियत बढ़ेगी। इससे मिथिलांचल की कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है कि इन प्रस्तावों से दिल्ली और बिहार के वोटरों को लुभाने की कोशिश की गई है।



- उमेश चतुर्वेदी

> यूं तो हर बजट सिर्फ आर्थिक नहीं, राजनीतिक भी होता है। लेकिन आयकर छूट और बिहार को मिलने वाली विशेष सहायता योजनाओं के संदर्भ में यह राजनीतिक बजट भी है। हालांकि इन पंक्तियों को लिखे जाने तक किसी ने इस नजरिए से बजट पर सवाल नहीं उठाया है, लेकिन यह तय है।

## लेटर टू एडिटर

### अनियंत्रित गति

**सड़कों** पर होने वाले हादसों का एक मुख्य कारण ओवर स्पीडिंग है। जगह-जगह स्पीड ब्रेकर लगाए जाते हैं ताकि वाहनों की स्पीड कम रहे पर वाहन चालक इन्हें भी अनदेखा करते हैं। ओवर स्पीडिंग न केवल दूसरे वाहनों के लिए खतरा है बल्कि पैदल चलने वाले और सड़क किनारे सामान बेचने वालों के लिए भी। क्या सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही है? इसके साथ, ट्रैफिक व सामान्य पुलिस को सतर्क करने तथा यात्रियों को जागरूक करने की भी जरूरत है।

**-अभिलाषा गुप्ता, रांची**

### समाज का नुकसान

**अधिक** पैसे कमाने की चाहत में कई कारोबारी अपनी नैतिक जिम्मेदारी भूल रहे हैं। दवाइयां, खाद्य पदार्थ, घी, तेल, दूध, मिठाइयां, मसाले आदि में मिलावट कर वे लोगों को चुपके-चुपके अस्वस्थ बना रहे हैं। यह कोई छोटा अपराध नहीं है, लेकिन लचर सरकारी व्यवस्था, भ्रष्टाचार और कठोर सजा मिले।

**-दिनेश, जमशेदपुर**

## X ट्वीट

**अयोध्या** में दलित बेटी के साथ हुई अमानवता और उसकी नृशंस हत्या हृदयविदारक और बहुत शर्मनाक है।

तीन दिनों से गूंजती बच्ची के परिवार के मदद की पुकार पर अगर प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो शायद उसके जीवन की रक्षा हो सकती थी। एक और बेटी के जीवन का इस घिनौने अपराध से अंत हो गया। आखिर कब तक और कितने परिवारों को इस तरह रोना-तड़पना पड़ेगा? बहुजन विरोधी भाजपा राज खास कर उत्तर प्रदेश में दलितों पर घृणित अत्याचार, अन्याय और हत्या बेलगाम बढ़ता जा रहा है।यूपी सरकार इस अपराध की तुरंत जांच कर, दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के साथ ज़िम्मेदार पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई करे। **- राहुल गांधी, सांसद**

# बजट 2025 में परमाणु ऊर्जा पर विशेष ध्यान

**बजट**

**रानी राज**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट में वर्ष 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता हासिल करने की घोषणा की है। वित्त मंत्री ने बजट भाषण में कहा कि देश में ह्रास्वच्छ ऊर्जा की तरफ कदम बढ़ाने के लिए यह आवश्यकह्व है। यह लक्ष्य हासिल करने के लिए परमाणु ऊर्जा मिशन के नाम से एक खास पहल की जाएगी जिसके लिए सरकार 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान करेगी। देर से ही सही मगर सरकार ने यह महसूस किया है कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए देश के ऊर्जा स्त्रोतों में तत्काल विविधता लाने की जरूरत है। शहरीकरण की प्रक्रिया तेज होने, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युतीकरण के गति पकड़ने और गर्मी में तापमान अत्यधिक बढ़ने से पिछले एक दशक के दौरान देश में बिजली की मांग खासी बढ़ गई है। फिलहाल देश में बिजली की कुल मांग का 89 प्रतिशत हिस्सा जीवाश्म ईंधन से आ रहा है। ऊर्जा के दूसरे वैकल्पिक स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा की राह में तकनीकी एवं मूल्य नीतियों से जुड़ी बाधाएं सामने आ रही हैं। बजट में घोषित इस मिशन के अंतर्गत 2033 तक पांच छोटे आकार के मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) का परिचालन शुरू करने का लक्ष्य तय किया गया है। ये सभी उच्च क्षमता वाले रिएक्टर होंगे जिनकी बिजली उत्पादन क्षमता 300 मेगावॉट (ई) प्रति यूनिट या परंपरागत परमाणु बिजली संयंत्रों की उत्पादन क्षमता की एक तिहाई होगी। पिछले महीने अमेरिका ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केंद्र और इंडियन रेअर अर्थ्स लिमिटेड पर लगी पाबंदियां हटा दी थीं। भारत अमेरिका के इस कदम का तेजी से लाभ उठाना चाहता है।

भारत में वर्ष 2024 में 8.18 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का उत्पादन हुआ था जो वर्ष 2014 में दर्ज 4.78 गीगावॉट उत्पादन के दोगुने से थोड़ा ही अधिक था। अगले 22 वर्षों में 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा का उत्पादन एक चुनौतीपूर्ण लक्ष्य है। सरकार एसएमआर में निजी क्षेत्र से निवेश पर निर्भर दिखाई दे रही है। निजी क्षेत्र पर निर्भरता इस बात से भी झलकती है कि सरकार नियंत्रित भारतीय परमाणु ऊर्जा निगम लिमिटेड (एनपीसीआईएल) के लिए रकम का आवंटन वित्त वर्ष 2025-26 में 472 करोड़ रुपये घटा दिया गया है। सरकार ने परमाणु ऊर्जा विभाग का बजट भी 402 करोड़ रुपये कम कर दिया है। निजी क्षेत्र से निवेश स्वीकार करने की तत्परता दिखाने के लिए वित्त मंत्री ने घोषणा की है कि सरकार परमाणु ऊर्जा अधिनियम और परमाणु क्षति के लिए नागरिक उत्तरदायित्व अधिनियम (सीएलएनडीए) में संशोधन करेगी। पहले कानून में संशोधन के बाद भारत में परमाणु ऊर्जा उत्पादन में एनपीसीआईएल का बोलबाला खत्म हो जाएगा। संभव है कि सरकार उस शर्त का समाधान निकालने की कोशिश करेगी जिससे भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते के बाद दुनिया में निजी क्षेत्र की परमाणु ऊर्जा कंपनियां निवेश के लिए आगे नहीं आ रही हैं। इस समझौते के अंतर्गत किसी परमाणु दुर्घटना से हुए नुकसान की सूरत में आपूर्तिकताओं और परिचालनकताओं की जवाबदेही तय की गई थी।

भारत छोटे रिएक्टर तैयार करने और इनका परिचालन करने में अपनी क्षमता की बखूबी नुमाइश कर चुका है। देश में स्थानीय स्तर पर तैयार एवं परिचालन करने वाले 22 परमाणु रिएक्टरों में से ज्यादातर की क्षमता रेटिंग 220 मेगावॉट (ई) है। भारत को परमाणु ऊर्जा से संचालित अपनी पनडुब्बी के लिए 85 एमडब्ल्यूई संयंत्र तैयार करने का भी अनुभव है। परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत डिजाइन टीम एक मॉड्यूलर संयंत्र प्रक्रिया में देश के इस अनुभव का लाभ उठाने में जुटा हुई है। इससे निजी क्षेत्र की इकाइयों के साथ तकनीक साझा करने की संभावनाएं मजबूत हो रही हैं। रिएक्टर तेजी से स्थापित करने, लागत में कमी, सुरक्षा चाक-चौबंद रखने की ताकत और रिएक्टरों की स्थापना में लचीलापन जैसी खूबियां होने के बावजूद कई दूसरी तरह की बाधाएं एसएमआर से जुड़ी भारत की महत्त्वाकांक्षाओं की राह में अवरोध पैदा कर सकती हैं। इन बाधाओं में लाइसेंस देने की मौजूदा व्यवस्था और ग्रिड-पावर प्राइसिंग का पुराना झमेला भी शामिल हैं। ग्रिड-पावर प्राइसिंग की दिक्कत तीन दशकों से अधिक समय से बिजली उत्पादन इकाइयों को चोट पहुंचा रही है। अधिकांश विश्लेषकों को लगता है कि अगले 22 वर्षों में 100 गीगावॉट परमाणु बिजली क्षमता के विकास उत्पादन का लक्ष्य हासिल करना कठिन होगा।

# महाकुंभ 2025: सांस्कृतिक और भाषाई धाराओं का भी अदभुत संगम

**कुंभ**

**धीरज बसाक**

महाकुंभ केवल एक धार्मिक स्नान पर्व नहीं, बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का अद्वितीय संगम है। इसमें विभिन्न धार्मिक परंपराओं, भाषाओं, पहनावों और खानपान की विविधताएँ एक साथ मिलती हैं। कुंभ मेला भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक विविधताओं का जीवंत प्रदर्शन है, जिसमें देशभर से लोग अपनी आस्थाओं और परंपराओं के साथ शामिल होते हैं। यह आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि एक सांस्कृतिक सम्मेलन भी है, जो भारत की बहुरंगी धरोहर को प्रदर्शित करता है।

महाकुंभ महज एक धार्मिक स्नान पर्वभर नहीं है बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का महाकुंभ भी है। कुंभ में भारत के कोने-कोने की विविध संस्कृतियों और परंपराओं का विराट संगम होता है।

वास्तव में महाकुंभ भारत की धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विविधताओं का बेमिसाल मंच है। कुंभ में भारत के कोने-कोने के लोग आते हैं और अगर ब्योरे और आंकड़ों के आधार पर देखें तो करीब करीब पूरी दुनिया में बसे वे लोग जिनका सनातन परंपरा से रिश्ता है तथा जो भारत की इस बहुसांस्कृतिक विविधता के प्रशंसक हैं, वह भी कुंभ में हिस्सेदारी करने आते हैं। इस तरह देखें तो महाकुंभ भारत की धार्मिक विविधता का अनूठा मंच है। महाकुंभ में भारत के विभिन्न सम्प्रदायों और परंपराओं के साधु, संत, अखाड़े और भक्त शामिल होते हैं।

कुंभ के दौरान शैव, वैष्णवों, नागा साधु, उदासीपंथ और कई अन्य धार्मिक समुदायों के बीच चाहे जिस भी तरह के विभेद हों, वे सारे विभेद महाकुंभ में सम्मिलित होने के मुद्दे पर खत्म हो जाते हैं। सभी पंथों, समुदायों के साधु, संन्यासी और भक्त इसमें पूरी श्रद्धा और आस्था से हिस्सा लेते हैं। हर पंथ और परंपरा के साधुओं का यहां कुंभ के दौरान अखाड़ा सजता है।

इस तरह कुंभ में सिर्फ साधारणजनों की विविधता ही नहीं बल्कि साधु-संतों की इंद्रधनुषी विविधता भी देखने को मिलती है, साधु-संतों का भी संगम होता है। भाषाई विविधता भी एक वह सांस्कृतिक धरोहर है, जो कुंभ में विस्तृत ढंग से देखने को मिलती है। भारत के हर कोने के लोग कुंभ में स्नान के लिए आते हैं। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, पूर्व से लेकर पश्चिम तक विविध पहनावों, विविध भाषा और विविध तरह की आस्थाओं को लेकर लोग महाकुंभ में एकत्र होते हैं और अपनी-अपनी भाषाओं, बोलियों, के साथ संगम में डुबकी लगाते हैं। इस दौरान पूरे महाकुंभ क्षेत्र में सैकड़ों तरह के धार्मिक अनुष्ठान, लोकनृत्य, संगीत और कलाओं का प्रदर्शन निरंतर चलता रहता है, जिससे भारत के अलग अलग क्षेत्रों की भरपूर सांस्कृतिक विविधता देखने को मिलती है।

खानपान की भी विविधताएं

यह विविधता महाकुंभ परिसर में भोजन और खानपान के तौर-तरीकों में भी खूब देखने को मिलती है। कहीं लोग पूरी कचौड़ी खा रहे होते हैं, कहीं लिट्टी चोखा सज रहा होता है, तो कहीं डोसा, कहीं गुजराती पकवान,कहीं दक्षिण भारतीय पकवान, कहीं पंजाबी पकवान तो कहीं बंगाली पकवान बन और बिक रहे होते हैं। पूरे कुंभ परिसर में खानपान की अनगिनत तरह की खुशबुएं आपस में मिलकर खुशबुओं का भी एक महासंगम बनाती हैं।

भाषाई-सांस्कृतिक कुंभ

दरअसल, महाकुंभ का समूचा बंदोबस्त विभिन्न संस्कृतियों को ध्यान में रखकर ही तैयार किया जाता है। कुंभ में देश के सभी 13 धार्मिक अखाड़ों के डेरे शामिल होते हैं, इसके लिए इन सभी धार्मिक अखाड़ों के लिए मेले में अलग-अलग स्थान आवंटित किये जाते हैं। जहां ये अखाड़े अपने तंबू और शिविर लगाते हैं, वहां उन अखाड़ों की अपनी विशिष्ट पहचान और परंपरा दिखती है। पुराने जमाने में राजा-महाराजा और स्थानीय प्रशासन अलग-अलग क्षेत्र के संतों और भक्तों के लिए विशेष तरह के स्थानों को चिन्हित करते थे ताकि यहां उन्हें असुविधा न हो। अब यही सब सरकार के जिम्मे है और सरकार अलग-अलग क्षेत्र के भक्तों, संतों और तीर्थयात्रियों को ध्यान में रखकर उनकी सुविधा और अनुष्ठानों के लिए जगह मुहैया कराती है। समूचे कुंभ क्षेत्र में डेढ़ महीनों तक पूरे भारत को भाषायी और सांस्कृतिक रूप में जीवंत ढंग से धड़कते हुए महसूस किया जाता है। सदियों की यह परंपरा आज भी कायम है।

आधुनिक प्रशासन और प्रबंधन ने इसे पहले से कहीं ज्यादा व्यवस्थित और सुविधाजनक बना दिया है। विभिन्न राज्यों के लिए अलग अलग जोन और शिविरों का प्रबंधन किया जाता है। विभिन्न तरह की धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए खास मंच तैयार किए जाते हैं। सरकारी सहायता और योजनाओं से सुनिश्चित किया जाता है कि कुंभ मेला में भाग लेने के लिए आने वाले प्रतिभागियों को सभी तरह की सहूलियतें बिना किसी सांस्कृतिक गतिरोध के मिल सकें। इस तरह देखें तो कुंभ का यह आयोजन भारत की बहुरंगी विविधताओं और संस्कृतियों का भी महाकुंभ है।

इस बार प्रयागराज महाकुंभ में दो दर्जन से ज्यादा भाषाओं के सूचना केंद्र निर्मित किये गये हैं। करीब 30 तरह के खानपान और भोजन प्रबंध किये गये हैं। कुंभ क्षेत्र में किसी भी तरह की परेशानी के लिए जगह-जगह पूछताछ केंद्र बनाये गये हैं और वहां एक एक केंद्र में कम से कम 10 भाषाओं के जानकारों को बैठाया गया है कि किसी भी क्षेत्र के व्यक्ति की समस्याओं को उसी की भाषा में कैसे आसानी से समझा जा सके। इस तरह देखा जाए तो कुंभ का आयोजन महज एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह भारत की विविध संस्कृतियों का बहुत बड़ा सांस्कृतिक सम्मेलन भी है।

महाकुंभ मेला सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक, भाषाई और धार्मिक विविधताओं का बेमिसाल संगम है। कुंभ मेला न केवल धार्मिक आस्थाओं का प्रतीक है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति के विविध पहलुओं का भी बेहतरीन आदान-प्रदान करने का एक मंच है, जो हर बार अपनी विशालता और भव्यता के कारण वैश्विक स्तर पर चर्चित होता है।


## स्पीड न्यूज

### ए ला एंगलाइज स्कूल भुरकुंडा में धूमधाम से सरस्वती पूजा संपन्न



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को पूरे धूमधाम से सरस्वती की पूजा मनाई गई। सर्वप्रथम पुरोहित द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। पूजा के दौरान मां सरस्वती सहित अन्य आराध्य देवी-देवताओं को जयकारो से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। पूजा के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति ने सबों का मन मोह लिया। मंगलवार को हवन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान के साथ पूजा संपन्न हो गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने मिलकर हवन कर मां सरस्वती की कृपा से अपने ज्ञान और कला को बढ़ाने की प्रार्थना की। मौके पर प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान और कला की देवी हैं। यह अनुष्ठान विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को ज्ञान एवं विद्या की देवी मां सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त करने का संदेश दिया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आध्यात्मिकता और संस्कारों का संचार करते हैं। पूजा-अर्चना में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, धर्मेश सोनी, जय किशोर किशोर प्रसाद महतो, वैभव कुमार, राजन कुमार, अजीत शर्मा, सूरज देव सिंह, कृष्ण अम्बष्टा, कंचन दास, कुमार विश्वकसेन, सिद्धार्थ, अजीत सिन्हा, कंचन सोनी, गौरव साहू, अनुराग मद्धेशिया, मिथलेश बेदिया, सुजय, सीमा, रूचि सिंह, प्रिया, काजल बनर्जी, सोनी, चंचला, सुमन खालखो, नीतू सिंह, बबीता सिंह, शबाना खातून, ललिता कुमारी, गीता प्रसाद, सरिता कुमारी, प्रियंका पटेल, वर्षा टेटे, ट्विंकल पॉल, शबनम खातून, सपना मिंज, शीला देवी, पूजा कुमारी छात्र-छात्राएं सहित दर्जनों अभिभावक शामिल थें।

### रजरप्पा में सरस्वती की प्रतिमा विसर्जित



**रजरप्पा।** मंगलवार को डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा, लारी, रामगढ में विद्या कि देवी मां सरस्वती की पूजा का विर्सजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। मातृसंस्था जन आकांक्षा के सचिव मनीकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव संजय प्रभाकर एवं प्रभारी प्राचार्य मो. परवेज अखतर मुख्य रूप से पूजा में उपस्थित रहे। मां सरस्वती की पूजा अचार्ना, हवन, आरती एवं विधि-विधान के साथ बीएड सहायक प्राध्यापक नयन कुमार मिश्रा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। क्रमश: पूजा पाठ के बाद प्रसाद का वितरण किया गया, साथ ही सभी प्रशिक्षुओं एवं शिक्षको को भोजन भी कि गई तथा एक दुसरे के साथ रंग-गुलाल खेलकर एवं नृत्य संगीत करके माँ सरस्वती को विदाई दी गई। शिक्षकों में बीएड सहायक प्राध्यापक डॉ. अशोक राम, डीएलएड प्रभारी विभागाध्यक्ष सुप्रिया बर्मन, व्याख्याता मुरारी कुमार दुबे, बाबुचन्द प्रसाद, डॉ. राजेश महतो, सुलेखा कुमारी, वरूण कुमार, कर्मचारियों में नन्दलाल कुमार, सुश्री श्रेया गुप्ता, दिनेश कुमार, पुजा कुमारी, मुनिता देवी, सुनीता वर्मा, उमेश कुमार, पंकज कुमार, पवन कुमार, निर्मल महतो इत्यादि मौजूद रहे।

### कैंसर दिवस पर अग्रसेन स्कूल में परिचर्चा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में अलग-अलग कक्षा के विद्यार्थियों के बीच कैंसर के संबंध में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारणों एवं इससे बचने के उपायों पर अपनी-अपनी बात रखी। विद्यार्थियों ने वर्तमान समय में गुटखा और पान मसाला सेवन को कैंसर का प्रमुख कारण बताया। गलत लाइफ स्टाइल, जंक फूड का अत्यधिक सेवन, पॉलीथिन का अत्यधिक प्रयोग, स्वच्छता को दरकिनार करने को भी कैंसर का कारक बताया। कहा कि कैंसर जैसी बीमारी की गिरफ्त में आने से पहले हमारा शरीर कई तरह के संकेत देता है। लेकिन हम उन लक्षणों की अनदेखी करने लगते हैं। जिसके कारण बाद में बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। विद्यार्थियों ने परिचर्चा में कहा कि कैंसर स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य परीक्षण से बीमारी का पता समय पर लग सकता है, जिससे उसके इलाज में मदद मिलती है। महिलाओं को स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर आदि के बारे में तो और भी सजग रहना चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता भी जरूरी होती है। लोगों को उत्तम स्वास्थ्य के लिए व्यायाम और योग करने की आदत डालनी चाहिए। कैंसर दिवस के बाबत कहा कि यह विश्व कैंसर दिवस पूरी दुनिया को इस विषय पर एकजुट होने का मौका प्रदान करता है। ऐसे अवसरों पर लोगों को इस जटिल समस्या का सामना करने के लिए प्रेरित किया जा सकता है। विद्यार्थियों ने अभिभावकों से पान, बीड़ी गुटखा व तंबाकू आदि पदार्थों का त्याग करने की अपील की।

### प्रयागराज में मिला सीसीएल कर्मी

**कुजू।** महाकुंभ स्नान कर लौटने के दौरान बनारस में भटक गए करमा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत पुरनाडीह पुलिया टोला के कोलेश्वर महतो प्रयागराज में मिले। परिजन करीब 50 घंटे में कौलेश्रर महतो को ढुंढने में सफल है। परिजन बताते हैं कि बनारस के पास वे उतरे जरूर थे। रात होने की वजह से वह समझ नहीं पाए। कोलेश्वर दोबारा प्रयागराज जाने वाले बस में बैठ गए। खोजबीन करते करते 11 बजे रात्रि प्रयागराज रेलवे स्टेशन पहुंचे तो ठंड से ठिठुर रहे थे।

# हेठ टोला और देवांगना में पथराव, आधा दर्जन घायल

**सरस्वती पूजा में डांस को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



हजारीबाग। सोमवार रात हजारीबाग के हेठ टोला कोर्रा और देवांगना इलाके के बीच जमकर पथराव हुआ, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। इनमें से एक व्यक्ति की हालत गंभीर होने के कारण उसे रिम्स रेफर किया गया है। घटना देर रात करीब 9:30 बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, देवांगना दुर्गा पूजा समिति के प्रांगण में मां शारदे की पूजा के बाद स्थानीय युवक नाच-गाने में मशगूल थे। इसी दौरान हेठ टोला कोर्रा के कुछ युवक भी वहां पहुंचे और नृत्य में शामिल हो गए। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस छिड़ गई, जो जल्द ही धक्का-मुक्की में बदल गई। हेठ टोला कोर्रा के युवक वहां से लौट गए, लेकिन करीब आधे घंटे बाद अचानक उनकी ओर से पथराव शुरू हो गया। देखते ही देखते दोनों गुटों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट होने लगी, जिसमें कई लोग घायल हो गए। इस दौरान राजेश ठाकुर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात संभालने की कोशिश की, लेकिन उपद्रवियों ने पुलिस की गाड़ियों पर भी पथराव कर दिया, जिसमे कई गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी साथ ही एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया। फिलहाल पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया है। इस घटना से इलाके में तनाव बना हुआ है। इस मामले में देवांगना सरस्वती पूजा समिति की ओर से कोर्रा थाने में आवेदन भी दिया गया है जिसमे शिव कुमार पिता फागु हरी, राजू हरी पिता सरजू हरी, रमेश मुंडा पिता राजकिशोर मुंडा, अनीश मुंडा पिता मुंसी मुंडा, बड़कू हरी, छोटू हरी पिता चंद्र राम, हिटलर पिता मुंसी हांडी, गुड्डू कुजूर, लीलू कुजूर, धर्मवीर कुजूर, लक्ष्मण उरांव, अभिषेक कच्छप, दिलु राम, मेघनाद राम, भोला राम सहित अन्य लोगो पर शराब पीकर आराजकता व उपद्रव फैलाने का आरोप लगाय ा गया है।

# लंबित केवाइसी को जल्द करें पूरा : डीसी

**▸▸ रामगढ़ के उपायुक्त ने की कृषि विभाग की समीक्षा, दिये कई निर्देश**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** कृषि एवं सम्बद्ध विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों को लेकर मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त के द्वारा पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की समीक्षा की गयी जिसके उपरांत उन्होंने विभागवार संचालित योजनाओं व कार्यों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने परियोजना निदेशक आत्मा को आगामी 17 फरवरी को जिला स्तरीय कृषि मेला का आयोजन करने का निर्देश दिया वहीं कृषि ऋण माफी योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में लंबित ई केवाईसी कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।जिला सहकारिता कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कंप्यूटराइजेशन ऑफ पैक्स के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी लेते हुए चिन्हित सभी 92 पैक्सों में 15 फरवरी तक कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में नवनिर्मित मिनी कोल्ड स्टोरेज का संचालन जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने धान अधिप्राप्ति कार्यों की समीक्षा के क्रम में राइस मिल संचालकों के साथ समन्वय करते हुए जल्द से जल्द पैक्सों से धान उठाओ करने एवं नियमित रूप से धान अधिप्राप्ति सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को बैकयार्ड फिशिंग के तहत क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों को लेकर प्रस्ताव तैयार करते हुए शुक्रवार तक डीपीआर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयोग ने किसानों को कृषि की नई-नई तकनीक के प्रति जागरूक करने एवं किसानो की आय बढ़ाने हेतु किए जाने वाले कार्यों के संबंध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने फसल बीमा, ऋण माफी, केसीसी आदि के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों का बेहतर संचालन करने एवं प्रभावी तरीके से योजनाओं का लाभ आम जनों तक पहुंचाने का निर्देश दिया।

### 600 अबुआ आवासों में गृह प्रवेश आज


**रामगढ़।** अबुआ आवास योजना के तहत 5 फरवरी को जिले के सभी प्रखंडों में आयोजित होने वाले गृह प्रवेश कार्यक्रमों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों से उनके द्वारा 5 फरवरी के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अब तक की गई तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, विधायक, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य, जिला परिषद सदस्य, मुखिया सहित अन्य को कार्यक्रम में आमंत्रित करने का निर्देश दिया। अबुआ आवास योजना के तहत जिले के सभी प्रखंडों में निर्मित कुल 600 आवासों का गृह प्रवेश किया जाएगा। इसके लिए प्रखंड स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे वहीं जिला स्तर से प्रतिनियुक्त वरीय अधिकारियों, अधिकारियों के द्वारा स्थल निरीक्षण कर कार्यक्रम का जायजा लिया जाएगा वही लाभुकों से भी कई आवश्यक जानकारियां ली जाएगी। अबुआ आवास योजना के लाभुकों को जिला प्रशासन रामगढ़ की तरफ से बर्तन सेट भी भेंट किया जाएगा।

## तीरंदाजी में तमन्ना वर्मा का शानदार प्रदर्शन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के फाइनल में झारखंड की टीम पहुंची है। टीम का फाइनल मुकाबला आगामी 6 फरवरी को महाराष्ट्र के साथ होगा। झारखंड की टीम में भुरकुंडा लपंगा कॉफलोनी निवासी शेखर वर्मा और रूबी वर्मा की पुत्री तमन्ना वर्मा भी शामिल है। सोमवार को खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में झारखण्ड की टीम ने हरियाणा को हराकर फाइनल में जगह बनायी। शेखर वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए दिसंबर माह में टाटा में ट्रायल हुआ था। जिसमें शानदार प्रदर्शन के दम पर तमन्ना ने राष्ट्रीय टीम में जगह बनायी थी। मालूम हो कि तमन्ना वर्मा बिरसा मुंडा तीरंदाजी एकेडमी में पिछले दो सालों से अभ्यास कर रही है। झारखंड टीम में तमन्ना वर्मा के साथ झारखंड की बेटी पदम श्री अवॉर्ड से सम्मानित दीपिका कुमारी, ओलंपियन अंकिता भगत, वर्ल्ड चैंपियन कोमोलिका बारी शामिल हैं। इधर अपनी पुत्री की कामयाबी से गदगद माता रूबी वर्मा और पिता शेखर वर्मा ने कहा कि बच्चों की कामयाबी ही माता-पिता के लिए सबसे बड़ा उपहार होता है। हमें पूरा विश्वास है कि तमन्ना अपने सपने को जरूर पूरा करेगी। उसकी कामयाबी के लिए हर संभव और सार्थक कदम उठाते रहेंगे, उसकी कामयाबी में किसी चीज को बाधा नही बनने देंगे। वहीं तमन्ना 2028 के ओलंपिक में जाने का ख्वाब संजाये हुए है। इसके लिए वो दिन-रात पसीना बहा रही है। फाइनल में प्रवेश के बाद तमन्ना वर्मा को बिरसा मुंडा एकादमी के प्रेसिडेंट नेहा महतो, सुदेश महतो, विधायक रोशनलाल चौधरी ने टीम को बधाई देते फाइनल में जीत की उम्मीद जतायी है।

### कुजू के शिक्षण संस्थानों में सरस्वती की पूजा संपन्न



**कुजू।** कुजू के शिक्षण संस्थानों में सोमवार को मां सरस्वती की पूजा हुई। विद्यालय प्रबंधन व छात्र-छात्राओं द्वारा मिलकर विद्यालय मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गयी। इसके बाद विधिवत पूजा अर्चना किया गया। क्षेत्र के परवरिश एजुकेयर स्कूल कुंदरिया बांध, डटमा मोड़ स्थित सर्वोदय निकेतन, बालिका उच्च विद्यालय मुरपा, आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय कुजू चौक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मुरपा आदि विद्यालयों में मां सरस्वती की धूम रही। पूजा को लेकर परवरिश एजुकेयर स्कूल के निर्देशक शैलेंद्र सिंह ने बसंत पंचमी के अवसर पर सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि आज के दिन ज्ञान, बुद्धि, विवेक और संगीत की देवी माता सरस्वती की पूजा-अराधना हर जगह की जा रही है, परंतु स्कूल में पूजा का खास महत्व हैं, सरस्वती पूजा का त्योहार अब सभी जाती धर्म के लोग एक साथ मिलकर करते हैं। विद्यालय के प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह और कन्वेनर प्रकाश रंजन ने विद्यालय को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं दी।

## सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं भगवान चित्रगुप्त : ममता देवी

**▸▸ श्री श्री चित्रगुप्त सह महादेवी दुर्गा मंदिर का वार्षिकोत्व संपन्न**

**▸▸ भंडारा का प्रसाद ग्रहण करने बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**



**रामगढ़।** बिजुलिया तालाब रोड स्थित श्री श्री चित्रगुप्त मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक ममता देवी एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के जिलाध्यख अरूण कुमार सिन्हा उपस्थित थे। ममता देवी ने भगवान चित्रगुप्त का आशीर्वाद लिया और उनसे क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। विधायक ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त अपने श्रद्धालुओं के प्रति काफी दयालु हैं और सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं।मंदिर प्रबंधन समिति ने विधायक से मंदिर के समीप सामुदायिक भवन और आने जाने के लिए सड़क और नाली का निर्माण करवाये जाने की मांग की। जिसपर विधायक ने कहा कि प्रबंधन समिति की मांग पर शीघ्र कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व मुख्य अतिथि के आगमन पर प्रबंधन समिति ने माल्यार्पण कर व चुनरी ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि यहां पर स्थापित भगवान चित्रगुप्त का मंदिर काफी पुराना है। कहा कि अब यह स्थान काफी ख्याति अर्जित कर चुका है और चित्रगुप्त नगर के रूप में जाना जाता है। दुर्गा एवं भगवान चित्रगुप्त का पूजन, रूद्राभिषेक सहित कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किये गये। अनुष्ठान पुजारी सनोज पांडे ने यजमान आशुतोष सिन्हा सप्तनीक के हाथों संपन्न करवाया। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित सनोज पांडे ने यजमान आशुतोष सिन्हा के हाथों संपन्न करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चित्रगुप्त महापरिवार के अध्यक्ष दीपक सिन्हा एवं संचालन राजेश कुमार ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन विनोद श्रीवास्तव ने किया। 3:30 बजे से मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करने के लिए पहुंचे। मौके पर विनोद श्रीवास्तव, राजेश कुमार, दीपक सिन्हा, रोहित वर्मा, संजय लाला संजय सिन्हा, नितिन सिन्हा, मुकेश यादव, विजय कुमार , विवेक सिन्हा, उमेश सिन्हा,निखिल श्रीवास्तव, विक्की सिन्हा, गुड्डू श्रीवास्तव, राजेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, रवि शंकर प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, मिथिलेश सिन्हा ,अमित सिन्हा, रोहित गुप्ता, शैलेंद्र ठाकुर , मुकेश कुमार , राजेंद्र सिन्हा, डॉ उदय श्रीवास्तव, प्रियदर्शी सुमन, प्रभाकर कुमार, नितेश सिन्हा, अधिवक्ता सत्य प्रकाश सिन्हा सहित चित्रांश महिला -पुरुष मौजूद थे।

## एक नजर में

### हजारीबाग रजिस्ट्री ऑफिस में प्रचार बोर्ड गिरने से महिला गंभीर रूप से घायल




**हजारीबाग।** जमीन रजिस्ट्री कराने आई एक महिला के लिए यह दिन किसी बड़े हादसे से कम नहीं रहा। रजिस्ट्री ऑफिस के पास प्रचार के लिए लगाया गया एक बोर्ड अचानक गिर पड़ा, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रचार बोर्ड लोहे के एंगल से जुड़ा हुआ था, लेकिन उसकी स्थिति बेहद जर्जर थी। हवा चलने से अचानक बोर्ड का संतुलन बिगड़ा और लोहे का एंगल सीधे महिला के सिर पर गिर गया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस हादसे के बाद रजिस्ट्री ऑफिस की लापरवाही पर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब बोर्ड की स्थिति खराब थी तो रोज वहां आने-जाने वाले अधिकारियों की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? आखिर इतनी बड़ी लापरवाही क्यों बरती गई? घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। वे प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। अब देखना यह होगा कि क्या प्रशासन इस गंभीर हादसे को लेकर कोई क्या ठोस कदम उठाएगा।

### टाटीझरिया : मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन



**टाटीझरिया।** प्रखंड क्षेत्र के झरपो, भराजो, खैरा, डूमर, टाटीझरिया, डहरभंगा, धरमपुर, बेडम समेत आठों पंचायतों में इस वर्ष भी मां सरस्वती की पूजा हर्षोल्लास और भक्ति भाव से संपन्न हुई। पूरे क्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों, कॉलेजों और सांस्कृतिक संस्थानों में वैदिक मंत्रोच्चारण और विधिपूर्वक पूजा-अर्चना के साथ विद्या की देवी का आह्वान किया गया। डीएवी पब्लिक स्कूल, एडिशन पब्लिक स्कूल टाटीझरिया, अरुण मेमोरियल सेकेंडरी स्कूल झरपो, रामानुजम डिग्री कॉलेज, झरपो मध्य विद्यालय, उचित नारायण उच्च विद्यालय, झंकार क्लब, पंचायत, ट्विंकल स्टार झरपो, उत्क्रमित विद्यालय मोहलनीया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय लोधी, राजकीय उत्क्रमित विद्यालय भुइंया टोला झरपो, वर्तिका बाल वाटिका प्ले स्कूल झरपो समेत कई शिक्षण संस्थानों में प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्रों ने श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मां सरस्वती की आराधना की। पूजा-अर्चना के उपरांत भक्तजनों ने माता से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि और सद्बुद्धि का आशीर्वाद मांगा।

### दारू में धूमधाम से सरस्वती पूजा संपन्न



**दारू।** बसंत पंचमी के अवसर पर दारू प्रखंड सहित आसपास के गांवों और शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती की भव्य पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव और उल्लास के साथ माता को विदाई दी। मंगलवार को हवन-पूजन के बाद श्रद्धालुओं ने विसर्जन यात्रा निकाली, जिसमें ढोल-नगाड़ों, फूलों और रंग-बिरंगी झांकियों के साथ मां सरस्वती की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। दारू पुराना दुर्गा मंडप, झुमरा, जिनगा, खरिका, दारू, पेटो, हरली, जोनिया, महेशरा, मेडकुरी, पुनाई, कबीलाशी सहित विभिन्न गांवों और अल्फा कॉर्नर, जे आर बी मेमोरियल स्कूल, सनराइज पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल, छत्रपति पब्लिक प्लस 2 हाई स्कूल, ग्लोरियस पब्लिक स्कूल, बिरसा मेमोरियल स्कूल, ज्ञान गंगा मेमोरियल स्कूल, स्वामी विवेकानंद स्कूल, किड्स गार्डन जैसे सरकारी और निजी स्कूलों में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। विसर्जन के दौरान युवाओं और विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। वे मां सरस्वती से विद्या और ज्ञान का आशीर्वाद मांगते हुए ३मां सरस्वती की जय३ के जयकारे लगाते रहे। पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

### संगठनात्मक चुनाव को लेकर कार्यशाला



रामगढ़। संगठनात्मक चुनाव को लेकर भाजपा जिला कार्यालय हाथमरा में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में हुआ। कार्यशाला में बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला चुनाव अधिकारी व प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, डॉ संजय कुमार सिंह, चंद्रशेखर चौधरी विशेष रूप से उपस्थित थे। संगठनात्मक चुनाव प्रवेक्षक पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने उपस्थित कार्यकताओं को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि संगठन महापर्व में हमें प्रदेश द्वारा दिए कार्य को पूरा करना है। आनेवाले समय में हमें क्या क्या कार्य करना है उस पर ध्यान दिलाया। उन्होंने चुनाव अधिकारी और सहयोगी के कार्य के सम्बन्ध में क्या करना है बताया कि चुनाव आयोग के निदेर्शानुसार भाजपा संगठनात्मक चुनाव को सम्पन्न करता है। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से हमें पूरा भरोसा था कि झारखण्ड में हमारी सरकार बनेगी किन्तु निराशा हुई है। चुनाव में हार जीत लगा रहता है। निरन्तर जनसंघ काल से भाजपा के स्थापना के साथ निरन्तर कार्य करते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के नेतृत्व में 2 सीट आने पर आज आपके मनोबल से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक ऊंचाई पर पहुंचे हैं। उन्होंने कहा है बुथ से लेकर जिला तक संगठनात्मक चुनाव को सर्वसहमति से करना है। सरोज सिंह ने कहा कि जिस बुथ में 50- 50 प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं उस बुथ समिति का चुनाव संपन्न करवाना है। उन्होंने मण्डल अध्यक्ष और जिला अध्यक्ष के चुनावी प्रक्रिया को समझाया।

### एनएमएल पकरी बरवाडीह ने कोयला उत्पादन में रचा इतिहास, प्रदूषण घटाने का किया वादा




**हजारीबाग।** एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने सीकरी कार्यालय परिसर में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया, जिसमें परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब और विभागीय प्रमुखों ने मीडिया से संवाद किया। प्रोजेक्ट प्रमुख ने बताया कि 31 जनवरी 2025 तक परियोजना ने 14.48 मिलियन मीट्रिक टन कोयला उत्पादन हासिल कर लिया, जो वित्तीय वर्ष के लक्ष्य का 85.15 मैट्रिक टन है। डिस्पैच भी 3,854 रैक के साथ 85.02मैट्रिक टनलक्ष्य तक पहुंच चुका है। जनवरी 2025 में परियोजना के इतिहास में सबसे अधिक कोयला उत्पादन (1.64 एमएमटी) और ओवरबर्डन रीमूवल (7.46 एमसीएम) हुआ, जो एक नया रिकॉर्ड है। प्रेस वार्ता में परियोजना प्रमुख ने घोषणा की कि एक अप्रैल 2025 से केवल कोयले का ही सड़क मार्ग से परिवहन किया जाएगा, जबकि शेष उत्पादन को पूरी तरह कन्वेयर बेल्ट के माध्यम से ले जाया जाएगा। इस पहल से आसपास के क्षेत्रों में सड़क प्रदूषण में भारी कमी आएगी और स्थानीय लोगों को बेहतर पर्यावरण मिलेगा। तैय्यब ने मीडिया की भूमिका की सराहना की और क्षेत्रीय विकास में योगदान देने का संकल्प दोहराया। उन्होंने पत्रकारों को क्रैश हेलमेट और मिठाई के पैकेट भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## जवाहर नवोदय विद्यालय कोडरमा में प्राचार्य का भावपूर्ण विदाई समारोह आयोजित



कोडरमा। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य किशोर कुमार के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिवार की ओर से एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इनचार्ज प्राचार्य पी.एस. राणा के निर्देशन में संपन्न हुआ। विदाई समारोह में विद्यालय के सभी छात्रों, शिक्षकों एवं सदस्यों ने भाग लिया और अपने प्राचार्य को स्नेह एवं आदरपूर्वक विदाई दी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और भावनात्मक संदेशों के माध्यम से उनके योगदान को याद किया। वहीं किशोर कुमार ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार को सहयोग और स्नेह के लिए धन्यवाद दिया और छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में समस्त विद्यालय परिवार ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और उनके स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की।

## संत सरस्वती आवासीय विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



सतगावां (कोडरमा)। प्रखंड के हलकुशा कलीडीह स्थित संत सरस्वती आवासीय विद्यालय में ज्ञान व विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा के अवसर पर मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिप सदस्य नीतू कुमारी, स्थानीय मुखिया सदानंद यादव, प्रमुख प्रतिनिधि रामावतार चैधरी, समाजसेवी दीपेश अग्रवाल व चंद्रिका प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन व फीता काटकर किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रिया कुमारी, पूर्णिमा कुमारी, सलोनी कुमारी, नन्दनी कुमारी व नव्या कुमारी ने सरस्वती बंदना व स्वागत गान प्रस्तुत कर की। इस दौरान छात्रा छात्राओं के द्वारा भक्ति व फिल्मी गीतों पर एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत कर श्रोताओं का मनमोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण बच्चों की छुपी प्रतिभा में निखार आती है। वहीं स्थानीय मुखिया विद्यालय के निदेशक व विद्यालय परिवार को आयोजन को लेकर आभार प्रकट किया। इस दौरान विद्यालय परिवार की ओर से उपस्थित अतिथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में सफल छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन विद्यालय निदेशक कृष्णनंदन प्रसाद ने किया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि धनंजय यादव, बृजनंदन प्रसाद उर्फ हाकिम, प्राचार्य अभय कुमार, भुनेश्वर कुमार, धर्मवीर मालाकार समेत अनेक गणमान्य व अभिभावक मौजूद थे।

## प्रखंड कार्यालय में मनरेगा दिवस का आयोजन

सतगावां (कोडरमा)। झारखंड सरकार ग्रामीण विकास विभाग के आलोक में मनरेगा दिवस एवं मनरेगा सप्ताह का आयोजन प्रखंड सभागार में मंगलवार को आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विजय सिंह व बीडियो ओमप्रकाश बड़ाईक ने संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान बीडियो के द्वारा उपस्थित लोगों को मनरेगा अधिनियम एंव कार्य की जानकारी दी गयी। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राहुल कुमार ने मनरेगा के तहत संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रखंड अंतर्गत पंचायत स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोजगार सेवक व बागवानी सखी को पुरस्कार एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कनीय अभियंता, रोजगार सेवक, बी.एफ.टीमेट व सभी बागवानी सखी मौजूद थी।

## एसडीओ ने नीलाम पत्र वादों की राशि वसूली एवं निष्पादन को लेकर की समीक्षा बैठक

कोडरमा। अनुमंडल पदाधिकारी सह नीलाम पत्र पदाधिकारी रिया सिंह द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में नीलाम पत्र वादों की राशि वसूली एवं निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में एसडीओ ने नीलाम पत्र से संबंधित वादों के निष्पादन की जानकारी ली। कुछ बैंकों के शाखा प्रबंधक द्वारा नीलाम पत्र से संबंधित वादों का निस्पादन किया गया, उनके द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया, साथ ही एसडीओ ने नीलाम पत्र से संबंधित वादों का यथाशीघ्र निस्पादन करने का निर्देश दिया, साथ ही नीलाम पत्र वादों की राशि वसूली के लिए बकायेदारों के विरुद्ध वारंट करने निर्णय लिया कहा गया। वहीं बकाया वसूली एवं नीलाम पत्र वादों का निष्पादन में तेजी लाने हेतु सभी संबंधित बैंकों के शाखा प्रबंधक को निर्देश दिए। बैठक में उदय शंकर बख्शी, विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधक व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## वन विभाग ने डोमचांच वन प्रक्षेत्र से 34 बोरियों में भरा 1360 किलो फेल्सपार पत्थर किया जब्त



डोमचांच (कोडरमा)। वन प्रमण्डल पदाधिकारी कोडरमा को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन क्षेत्र पदाधिकारी डोमचांच रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार को गोरियाडीह तालाब के समीप स्टोक कर रखे फेल्सपार पत्थर (हरा रंग) को जब्त किया गया। पत्थर लगभग 34 बोरियों में भरकर रखा हुआ था। जिसका वजन लगभग 1360 किलो और लागत मूल्य लगभग 1,45,000 लगाया जा रहा है। यह पत्थर गोरियाडीह वन सीमा अन्तर्गत गोरियाडीह जंगल से अवैध खनन कर लाया गया है। वहीं इसमें संलग्न अभियुक्तों सिकन्दर सिंह पिता स्व. बाबुलाल सिंह, मनोज साव पिता लक्ष्मण साव, प्रमोद सिंह पिता मोती सिंह, राजेश तुरी पिता ननकु तुरी, सभी साकिन गोरियाडीह थाना ढाब जिला कोडरमा पर विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। जांचोंपरान्त अन्य लोगों को भी संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई किये जाने की बात कही गई। इस सन्दर्भ में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। छापेमारी टीम में ललन किशोर, वनपाल, राजेश कु. शर्मा, प्रभारी वनपाल, अभिमन्यु कुमार, रविकान्त यादव, पिन्टु पंडित, सुनिल कुमार दास एवं मो. इस्लाम अंसारी शामिल थे।

### एके मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल में दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई

# आप लोग देश के भविष्य हैं : एसपी

**आप लोगों की मेहनत और लगन से मैट्रिक परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे : अविनाश कुमार**

**हमारे जीवन में शिक्षा का एक अलग महत्व है : सोनिया यादव**

खबर मन्त्र संवाददाता



जयनगर (कोडरमा)। प्रखंड के परसाबाद स्टेशन रोड स्थित एके मेमोरियल दिल्ली पब्लिक स्कूल परसाबाद में वर्ग दशम के उत्प्रेषित विद्यार्थियों को विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोडरमा के पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह एवं रांची के अपर पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम में कोडरमा पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप लोग देश के भविष्य हैं। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आप लोगों ने जिस तरह से विद्यालय में अनुशासन का परिचय दिया है, आप जहां भी रहें इसी तरह से अनुशासन का परिचय देते रहें। उन्होंने कहा कि आप लोगों की मेहनत और लगन से निश्चित तौर पर मैट्रिक परीक्षा में अच्छा परिणाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय प्रत्येक साल मैट्रिक परीक्षा में बेहतर से बेहतर प्रदर्शन करने का काम कर रहा है। वहीं विद्यालय की निदेशिका सोनिया यादव ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा का एक अलग महत्व है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए सभी लोगों को शिक्षा के महत्व को समझना चाहिए। मौके पर निदेशिका सोनिया यादव, प्राचार्य कृष्णकांत सिंह, सुजीत कुमार यादव, संदीप कुमार, निशा कुमारी, हेमंती मैडम, काजल कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## जीएस पब्लिक स्कूल में 10वीं व 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए विदाई समारोह आयोजित

- विदाई की घड़ी है, हर आंख नम पड़ी है, हर कामना हो पूरी आपकी, यही शुभकामना है हमारी : निदेशक

खबर मन्त्र संवाददाता



डोमचांच (कोडरमा)। नगर स्थित जी.एस. पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विद्यालय प्रांगण में 2024-25 सत्र के 10वीं व 12वीं के सभी छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें मोमेंटों देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गयी। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बच्चों से कहा कि शिक्षक भले ही छात्रों को शिक्षित करते हैं, लेकिन उन्हें अपने छात्रों से भी बहुत कुछ सीखने का अवसर मिलता है। जहां एक तरफ वो उन्हें किताबी शिक्षा के साथ-साथ, अनुशासन और संस्कार का पाठ पढ़ाकर उन्हें समय का पाबंद और एक जिम्मेदार व्यक्ति बनाते हैं तो वहीं दूसरी तरफ छात्र अपनी शिक्षा, संस्कार और समझदारी का परिचय देते हुए सफलता प्राप्त करते हैं और अपने शिक्षकों का मान बढ़ाते हैं। वहीं निदेशक नितेश सिंह ने भी सभी बच्चों को आगामी होने वाली फाइनल परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। साथ ही कहा किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण उसकी आधारभूत शिक्षा से होता है और हमारे सभी छात्रों का चरित्र व व्यक्तित्व बहुत ही प्रशंसनीय है। इसे देखते हुए मैं उम्मीद करता हूं कि आगे भी ये छात्र ऐसे ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे और आगे चलकर नई ऊंचाइयों को हासिल करेंगे। इसके अलावा उप-निदेशक नीरज सिंह ने कहा कि विद्यालय में आपसे जुड़ी खट्टी-मीठी यादें हम सबों को बहुत याद आएगी।

मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान, दशरथ पासवान, राम लखन पासवान, नीरज कुमार, प्रतिमा कुमारी, सोनी चंदन, शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

## रेलवे की घेराबंदी के खिलाफ आंदोलन करेंगे ग्रामीण

जयनगर (कोडरमा)। गोहाल गांव स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के पास ग्रामीणों की बैठक मुखिया विनोद दास की अध्यक्षता में हुई। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि रेलवे द्वारा घेराबंदी किये जाने से ग्रामीणों का रास्ता अवरूद्ध हो गया है। यहां रेलवे के दक्षिणी छोर और उत्तरी छोर में दर्जनों गांव बसे हैं और बीच से रेल लाइन है। घेराबंदी से आवागमन बाधित हो रहा है। ग्रामीणों ने पोल संख्या 370 व 371 के बीच ओवरब्रिज व अंडरपास का निर्माण कराने की मांग की, ऐसा हो जाने से ग्रामीणों के साथ-साथ पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों को भी सुविधा होगी। इसे लेकर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी को ज्ञापन सौंपा जायेगा। रेलवे ने हमारी मांग पर तत्काल निर्णय नहीं लिया, तो आंदोलन होगा। जिप सदस्य केदारनाथ यादव ने दूरभाष पर संपर्क कर केंद्रीय मंत्री से इस समस्या का हल निकालने की बात कही। मंत्री ने तत्काल घेराबंदी रोकने का निर्देश दिया है। बैठक में मनोज दास, रामजी यादव, प्रेमचंद दास, भागीरथ दास, मुंशी दास, राजेश दास, विजय दास, उमेश दास, धनेश्वर राणा, चंदन पासवान, विजय पासवान, बालेश्वर राणा, विनय राणा, महेश राणा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## बैंक ऑफ इंडिया ने बासोडीह एवं सतगावां में लगाई शाखा अदालत

- लगभग 80 मामलों का किया गया निपटारा व बत्तीस लाख रुपये की हुई वसूली

खबर मन्त्र संवाददाता



सतगावां। बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा बासोडीह शाखा एवं सतगावां शाखा के द्वारा मंगलवार को ऋण चुकाओ ऋण पाओ कार्यक्रम के तहत शाखा अदालत का आयोजन किया गया। वहीं मौके पर बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा जिले के वसूली विभाग के मुख्य प्रबंधक शिवाजी भरद्वाज, हजारीबाग आंचलिक वरीय प्रबंधक अनीस कुमार मौजूद थे। शाखा अदालत में केसीसी ऋण, मुद्रा ऋण, व्यक्तिगत ऋण या अन्य ऋण के खाते जो एनपीए हो गए हैं, उनका निपटारा किया गया। शाखा अदालत में वैसे लोगों का ऋण सेटलमेंट किया गया, जो किसी कारणवश बैंक से लिया गया ऋण नहीं चुका पाए, उनका एक मुश्त पैसा लेकर सेटल किया गया। दोनों शाखा में लगभग 80 खातों का निपटारा किया गया। एनपीए रिकवरी के रूप में लगभग बत्तीस लाख की राशि वसूली गई। बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा इस वर्ष प्रारंभ किए गए मौके पर शिवाजी भारद्वाज ने कहा कि केसीसी धारकों को 70 से 90 प्रतिशत तक की भारी छूट दी त्र गयी, जिसमें रन प्रदत्त देने के लिए 0 प्रतिशत ब्याज पर जिसका 1 वर्ष में अदा करने पर 0 प्रतिशत नए ऋण देने का प्रस्ताव दिया गया है।

शाखा अदालत को सफल बनाने में बीओआई बासोडीह शाखा प्रबंधक अभिषेक आनन्द, सतगावां शाखा प्रबंधक राजीव रंजन, ऋण अधिकारी मो इरफान एवं बीसी सुमन कुमार, अजीत कुमार, रोशन कुमार, अनिकेत कुमार, सुजीत कुमार, प्रदीप कुमार, मुन्ना कुमार, चंदन सिंह, विनय वैध, ऋषि राज, सोनी देवी ने अहम भूमिका निभाई।

## प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत कोठियार के विभिन्न गावों में फ्रांस से आयी माइका रिस्पॉनसेबल टीम ने जैविक कृषि उत्पादों का किया अवलोकन

खबर मन्त्र संवाददाता



सतगावां (कोडरमा)। झारखंड सेवा संस्थान के द्वारा संचालित सामुदायिक सशक्तिकरण परियोजना के तहत माईका प्रभावित परिवारों के द्वारा आजीविका संवर्धन के लिए प्रखंड के कोठियार पंचायत के पांडुतरी गांव में 28 किसानों के साथ एवं अन्य गांवों को मिलाकर 103 परिवारों के साथ समिति बनाकर जैविक खेती की गयी है। इस वर्ष आलू का किस्म सी-40 बहुत उपज की गई। संस्था का प्रयास है कि क्षेत्र में जैविक कृषि को बढ़ावा दिया जाये, ताकि स्वास्थ्य के साथ-साथ मिट्टी संवर्धन, पशु संवर्धन, वातावरण संरक्षण हो सके तथा आमजन को प्रेरित किया जा सके। प्रारंभिक रुप से अच्छा परिणाम आया है। इसी काम को देखने जानने और उत्तम तकनीक के अवलोकन के लिए फ्रांस से आयी रिस्पॉन्सिबल माइका इनसेंटिव के प्रतिनिधिमण्डल गांव का भ्रमण कर किसानों से बात किये और कृषि तकनीक की जानकारी ली। इस तरह की कृषि नियमित कैसे हो सकती है जानकारी ली। किसानों का आत्मविश्वास और उपलब्धि पर प्रतिनिधिमंडल ने ताली बजाकर उत्साह वर्धन किया। ग्रामीणों के द्वारा झारखंडी परंपरा के अनुसार खजूर एवं शाल पता का माला, झारखंडी अंगवस्त्र प्रदान अभिवादन किया गया। स्कूल पूर्व शिक्षा को बल देने के लिए संचालित बालबाड़ी केंद्र का भ्रमण कर बच्चों के द्वारा की गयी गतिविधिओं से मंत्र मुग्ध हो गये। पंचायत भवन कोठियार में संचालित बाल मंच बच्चों एवं बच्चियों से मिले और उनकी सफलता की कहानी सूनकर तालियों से हौसला अफजाई किया। वही पंचायत भवन में पंचायत और संस्था के सहयोग से संचालित कियोस्क का जानकारी लिया जहां लोगों को सरकारी योजना से आम जन को जोड़ने में सहयोग किया गया। मौके पर कृष्णकांत, सचिव अभिव्यक्ति फाउंडेशन गिरीडीह, उमेश तिवारी, सामाजिक परिवर्तन संस्था गिरिडीह, नरगिस खातून, सृजन महिला विकास मंच कोडरमा, आरएमआई का कंट्री हेड पुष्कर झा, गौतम के साथ-साथ आरएमआई फ्रांस के अतिथि मंडल रहें। भ्रमण को सफल बनाने में निर्भय कुल, जोसेफिन एक्का, सुरेश राय, प्रबोद कुमार, सुतृणा, वीरेंद्र कुमार, सुजीत कुमार, देवानंद राय, करन राय, बलभद्र राय, किरण देवी, मुन्नी देवी एवं ग्रामीण, आरजेएसएस के कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## ग्रिजली विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता



कोडरमा। ग्रिजली विद्यालय में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए एक भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया। यह समारोह विद्यालय सभागार में आयोजित किया गया और इसमें संजोई हुई यादों को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत कक्षा 11वीं के छात्रों द्वारा की गई, जिसमें सबसे पहले 12वीं के छात्रों का स्वागत और केक कटिंग का आयोजन हुआ। इसके बाद, छात्रा शिवानी और जिया ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वहीं आकांक्षा और ग्रुप, काव्य और ग्रुप, प्राप्ति और ग्रुप, प्रगति और ग्रुप, हर्ष और ग्रुप द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। आलोक राज, सुमन और उज्जवल ने स्टैंडअप कॉमेडी का प्रदर्शन किया। रिशिका और शौर्य ने डुएट गाना प्रस्तुत किया और कक्षा 12वीं के छात्रों ने रैंप वॉक और गाने प्रस्तुत किए। कक्षा 12वीं की छात्रा रीत भवानी, अनुष्का भवानी, अनन्या, राज नंदनी और पियूष ने विद्यालय के दिनों को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए।

वहीं निदेशक अविनाश सेठ ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें हमेशा अपने शिक्षकों और माता-पिता का सम्मान करना चाहिए और उन्हें अपने रोल मॉडल के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में चाहे कितनी भी मुश्किलें आएं, घबराना नहीं चाहिए क्योंकि हर समस्या अपने साथ समाधान लेकर आती है। इसके अलावा विद्यालय के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने छात्रों को शुभकामनाएं दी और कहा कि सिर्फ शैक्षिक क्षमताएं ही नहीं, बल्कि छात्रों को अपने करियर के लिए विभिन्न कौशल भी प्राप्त करने होंगे, ताकि वे भविष्य में हर चुनौती का सामना कर सकें।

वहीं प्राचार्या अंजना कुमारी ने छात्रों की शैक्षिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए उनकी सराहना की और कहा कि चाहे आप जहां भी जाएं विद्यालय की शुभकामनाएं हमेशा आपके साथ हैं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12वीं के छात्रों को विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन कक्षा 12वीं के छात्र समर प्रताप यादव ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक संजीव कुमार जायसवाल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही।

कार्यक्रम में संयोजक जीतेन्द्र कुमार चैधरी, विजय कुमार सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, विजय कुमार, नागेंद्र कुमार, सुधांशु कुमार, रथिन बर्धन, अमित दास, दीपक पांडेय और सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे और छात्रों को शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन का कार्य कक्षा 11वीं के छात्रा शीतल कुमारी, आशी कुमारी, श्रेयार आर्य, आकांक्षा भारद्वाज, आकाश, पियूष और कुमार तनीषा सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

## एक नजर में

### शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का छात्रों ने नम आंखों से किया विसर्जन



गिद्धौर। प्रखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमाओं का मंगलवार को विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया। छात्र-छात्राओं ने सुबह हवन-पूजन कर माता की आराधना की, जिसके बाद शाम 4 बजे से पहले रामसागर गिद्धौर में प्रतिमा विसर्जन संपन्न हुआ। विसर्जन स्थल पर गिद्धौर थाना के एसआई अशोक पांडेय समेत पुलिस बल की तैनाती की गई थी, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। इस दौरान बच्चों ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचते-गाते माता को विदाई दी। गिद्धौर के प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय गिद्धौर, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय समेत कई गैर-सरकारी विद्यालयों की प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। छात्र-छात्राएं मां सरस्वती को विदाई देते समय भावुक नजर आए और ₹अगले बरस तू जल्दी आ₹ के जयकारे लगाए। पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### दयानंद पब्लिक स्कूल और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के विद्यार्थियों ने नम आंखों से मां सरस्वती को दी विदाई

टंडवा। गाडिलौंग स्थित दयानंद पब्लिक स्कूल और उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मंगलवार को माँ सरस्वती की प्रतिमाओं को विदाई दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भक्तिमय माहौल में बाजे-गाजे के साथ प्रतिमा विसर्जन किया।विदाई के इस मौके पर सभी विद्यार्थियों के चेहरे पर श्रद्धा और भावनाओं का मिश्रण था। माता सरस्वती के प्रति आभार और विदाई का यह दृश्य स्कूल परिसर में भावुक कर देने वाला था।इस दौरान दयानंद पब्लिक स्कूल के प्रबंधन पवन कुमार, प्रधानाचार्य रजनी कुमारी और उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक जगदीश राम, शिक्षक बालकृष्ण राम, मनोज राम, मीनू गुप्ता, किरण देवी, अंजू देवी समेत सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### इटखोरी: सब्जी विक्रेताओं को हटाने से बढ़ी मुश्किलें, नया स्थान परेशानी का कारण

इटखोरी। इटखोरी बाजार से सब्जी विक्रेताओं को अतिक्रमण हटाने के अभियान के तहत हटा दिया गया, जिससे वे मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। प्रशासन ने ऐतवार बाजार के पास नए स्थान पर सब्जी बाजार को स्थानांतरित किया है, लेकिन व्यापारियों और ग्राहकों के लिए यह स्थान सुविधाजनक नहीं साबित हो रहा है।सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पुराने स्थान पर ग्राहकों की अधिक आवाजाही थी, जिससे उनकी बिक्री अच्छी होती थी। नए स्थान पर ग्राहक कम आ रहे हैं, जिससे उनकी आय पर असर पड़ा है। कई छोटे विक्रेता दिहाड़ी मजदूर होते हैं, जिनकी रोज की कमाई पर निर्भरता होती है। स्थानीय ग्राहकों का कहना है कि ऐतवार बाजार के पास का स्थान मुख्य बाजार से दूर है, जिससे उन्हें सब्जी खरीदने में परेशानी हो रही है। प्रशासन का कहना है कि अतिक्रमण मुक्त अभियान के तहत बाजार को व्यवस्थित करने की जरूरत थी। नए स्थान पर बाजार को सुव्यवस्थित रूप से विकसित किया जाएगा, जिससे भविष्य में सुविधाएं बेहतर होंगी।

### नवी मुंबई में प्रवासी मजदूर की हार्ट अटैक से मौत, पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव

गिद्धौर। बारीसाखी पंचायत के संजय यादव (43) की हार्ट अटैक से नवी मुंबई के वाशी सेक्टर 11 स्थित साईं परिक्रमा गेस्ट हाउस में मौत हो गई। वह कई वर्षों से मुंबई में मजदूरी का काम कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड वासी महाराष्ट्र युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे और गेस्ट हाउस के मालिक से बातचीत कर ?1,10,000 का मुआवजा दिलवाया। उन्होंने मृतक का पार्थिव शरीर प्लेन से उनके पैतृक गांव बारीसाखी भिजवाने की व्यवस्था भी की।मंगलवार को गांव पहुंचते ही परिवार में मातम छा गया। संजय यादव के निधन से उनकी पत्नी और चार छोटे बच्चे (दो बेटे, दो बेटियां) बेसहारा हो गए। सबसे बड़ा बेटा मात्र 10 साल का है। मंगलवार शाम को बारीसाखी श्मशान घाट में संजय यादव का अंतिम संस्कार किया गया। गांव में इस घटना से शोक का माहौल है, और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गणेश कुमार गुप्ता, जो प्रवासी मजदूरों की मदद के लिए कार्यरत हैं, उन्होंने इस मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### वन विभाग की कार्रवाई, जंगल से अवैध लकड़ी जब्त

गिद्धौर। थाना क्षेत्र के मारंगी जंगल में वन विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से काटी गई लकड़ी जब्त की। इस दौरान सिमर प्रजाति के 10 बोटा, 10 चिरान पटरा और एक बड़ा आरी बरामद किया गया। वन क्षेत्र पदाधिकारी चतरा को जंगल में अवैध कटाई की गुप्त सूचना मिली थी, जिसके आधार पर प्रभारी वनपाल रूपलाल यादव और कमल किशोर के नेतृत्व में टीम ने छापा मारा। अवैध लकड़ी काटने वालों की पहचान की जा रही है। वन विभाग ने कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में वनरक्षी संजय कुमार, राकेश कुमार, प्रकाश, होमगार्ड जवान और चालक अब्दुल सलाम शामिल थे। वन विभाग की इस कार्रवाई से अवैध लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### बीडीओ राहुल देव ने बैठक कर अवैध अफीम और बालू उत्खनन रोकने के दिये सख्त निर्देश

गिद्धौर। मंगलवार को प्रखंड़ कार्यालय में बीडीओ राहुल देव ने सीओ, वनपाल और पुलिस के साथ बैठक की। बैठक में बीडीओ ने अवैध अफीम की खेती को रोकने और छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध बालू उत्खनन पर पूर्ण रूप से रोक लगाने की बात भी कही। बीडीओ ने यह भी आदेश दिया कि अगर अवैध बालू भंडारण या वाहनों से बालू लाया जाता है, तो तुरंत कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, प्रभारी वनपाल रूपलाल कुमार यादव, और सहायक अवर निरीक्षक रंजय सिंह भी उपस्थित थे।

### बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

सिमरिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में मनरेगा, अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, 15वें वित्त आयोग, पेंशन, कल्याण, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, एबीपीएस प्रणाली के तहत मनरेगा मजदूरी भुगतान, और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर समीक्षा की गई। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, कनीय अभियंता, और बीएफटी उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सर्वे कार्य को पारदर्शिता के साथ करने, स्थाई प्रतीक्षा सूची के अयोग्य लाभुकों की सूची को रिमांड करने और अबुआ आवास के लंबित जिओ टैग को अविलंब पूर्ण करने की निर्देश दिए गए। आवास में प्रगति नहीं होने पर संबंधित पंचायत सचिवों का वेतन स्थगित कर दिया गया, और आगे यदि अपेक्षित प्रगति नहीं पाई जाती तो उन पर विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। बैठक में बाबा साहब अंबेडकर आवास योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश भी दिया गया। 15वें वित्त आयोग योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत जबड़ा द्वारा प्राप्त राशि का मात्र 22 प्रतिशत ही व्यय किया गया, जिसे लेकर मुखिया और पंचायत सचिव को निर्देश दिया गया कि वे जनकल्याणकारी योजनाओं में राशि व्यय करें। इसके अतिरिक्त, मनरेगा योजना के अंतर्गत दीदी-बाड़ी के लंबित भुगतान, रिजेक्ट ट्रांजैक्शन, और एबीपीएस से मनरेगा मजदूरी भुगतान की भी समीक्षा की गई। सभी रोजगार सेवकों को मानव दिवस बढ़ाने, मनरेगा की पुरानी लंबित योजनाओं को बंद करने, और 7 रजिस्टर तैयार करने का निर्देश दिया गया। अनुपस्थित रोजगार सेवकों के खिलाफ भी अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

### सिमरिया में 21.40 एकड़ भूमि को चिन्हित कर अतिक्रमण मुक्त करने की घोषणा

सिमरिया। सीओ गौरव कुमार राय ने मंगलवार को मौजा मूर्वे के खाता 52 प्लॉट 1125 रकबा 21.40 एकड़ भूमि पर विभागीय बोर्ड लगा दिया। इस भूमि को मापी कर चारों ओर ट्रेंच काट कर चिन्हित किया गया है। सीओ गौरव कुमार ने बताया कि इस भूमि पर 17 भूमिहीनों को दो-दो एकड़ भूमि का बंदोबस्ती किया गया है। सीओ गौरव कुमार ने बताया कि भूमि का वितरण अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी राज की उपस्थिति में किया जाएगा, और यह कार्य 12 फरवरी के बाद संपन्न होगा। उन्होंने कहा कि सभी भूमिहीनों से अंचल के कागजात पर बॉड भरवाया जाएगा, ताकि कोई भी व्यक्ति लालच में आकर भूमि का गलत इस्तेमाल न कर सके। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भूमि को वापस लिया जाएगा। इसके साथ ही, सीओ ने क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में चिन्हित की गई गैरमजूरुआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने की बात भी कही। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई माफियाओं और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ जारी रहेगी, जिससे सरकारी भूमि की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। सीओ की इस कड़ी कार्रवाई से क्षेत्र में माफियाओं और अतिक्रमणकताओं में हड़कंप मचा हुआ है, और यह कदम भूमि के उचित वितरण और अतिक्रमण मुक्त करने के दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

### हंटरगंज में 10 एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया

हंटरगंज। पुलिस और वन विभाग की टीम ने मंगलवार को हंटरगंज प्रखण्ड के दो अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर 10 एकड़ में लगी अवैध पोस्ता की खेती को नष्ट कर दिया। यह कार्रवाई मानामात, कोलहुवा, और लूटा गांवों में की गई, जहां अवैध तरीके से पोस्ता उगाया जा रहा था। वन प्रक्षेत्र अधिकारी सूर्यभूषण कुमार ने इस कार्रवाई की पुष्टि की और बताया कि पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उन जमीनों का भी सत्यापन किया जाएगा, जहां यह खेती की जा रही थी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यह अभियान जारी रहेगा, और पोस्ता की खेती करने वाले लोगों के खिलाफ एनडीपीएस (नशे की दवाओं और मानसिक स्वास्थ्य) कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की कि यदि वे किसी के बहकावे में आकर खेती कर रहे हैं तो वे अपनी फसल खुद नष्ट कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।इस छापेमारी के बाद अफीम तस्करों और खेती करने वालों में हड़कंप मच गया है। इस अभियान में सुरक्षा बलों के अलावा सीआरपीएफ 190 बटालियन, प्रभारी वनपाल मनीष कुमार, और अन्य वन कर्मी तथा पुलिस अधिकारी शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल मिला डीसी से, समस्या पर हुई चर्चा



गुमला। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के नेतृत्व में चेंबर का एक प्रतिनिधिमंडल गुमला डीसी से औपचारिक मुलाकात किया। सर्वप्रथम गुमला चेंबर के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों की सूची डीसी को सौंप गई और परम्परा के अनुसार चेंबर गुमला प्रशासन के साथ मिलकर कैसे जनहित में काम करती है इससे अवगत कराया गया। उसके बाद गुमला शहर के व्यापारियों और आम नागरिकों से संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने चेंबर को हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मौके पर सचिव बबलू वर्मा, उपाध्यक्ष राजेश लोहानी, सहसचिव प्रणय साहू, पीआरओ प्रतीक अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा, पूर्व अध्यक्ष हिमांशु केसरी, पंकज खंडेलवाल और अनिकेत कुमार आदि उपस्थित थे।

### विधवा महिला के घर आगजनी परिवार चलाने की संकट उत्पन्न हुई



जारी। जारी थाना अन्तर्गत सीसकरमटोली पंचायत के हर्राटोली निवासी विधवा उषा टोप्पो के घर को अज्ञात अपराधियों ने सोमवार देर शाम आग लगा दिया। पीड़ित उषा टोप्पो ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वे सभी परिवार किचन में खाना पकाने का काम कर रहे थे। आचानक आग लगा और देखते ही देखते आग का लौ तेज हो गया। हल्ला करने पर गांव वालों जुट गये और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया गया। लेकिन आग काबू नहीं कर पाये। आगजनी की घटना में कपड़ा, खाने का आनाज, आधार कार्ड, बैंक पासबुक इत्यादि बक्सा में रखा समान जलकर राख हो गया। उन्होंने कहा कि अब चिन्ता हो रही है कि अपने बाल बच्चों का पालन पोषण एवं शिक्षा कैसे करूंगी। उन्होने प्रखंड प्रशासन से सहयोग करने की मांग की। ताकि बाल बच्चो का पालन पोषण हो सके। इधर घटना की सूचना मिलते ही जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक और पंचायत सेवक महेन्द्र उरांव पीड़ित परिवार से मिलकर हर सम्भव सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा दिलाने का भरोसा दिया।

### ट्रैक्टर व ऑटो की टक्कर में पति की मौत के बाद एसपी को महिला ने सौंपा ज्ञापन



गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के टोटो गांव निवासी अर्चना कुमारी ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर अपने पति घनश्याम प्रसाद की मौत ट्रैक्टर व ऑटो की टक्कर में 25 जनवरी को होने की जानकारी देते हुए मामले पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही बताया कि घटना में ज्योतिष गुप्ता, प्रकाश गुप्ता व रेहान खान गंभीर रूप से घायल हो गये थे। जिनका इलाज रांची रिम्स में चल रहा है। अर्चना कुमारी ने कहा कि दुर्घटना का सीसीटीवी फुटेज गुमला थाना को दिया गया। लेकिन अब तक घटना में शामिल ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अर्चना कुमारी ने कहा कि टक्कर मारने वाले ट्रैक्टर में बालू लदा था। जिस कारण पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं ट्रैक्टर चालक नशे की हालत में था। जिसके कारण दुर्घटना घटी। अर्चना कुमारी ने कहा कि उनके पति घर में कमाने वाले एकलौता व्यक्ति थे। पति के मौत के बद बच्चों के पालन-पोषण को लेकर बहुत बड़ी चुनौती उत्पन्न हो गई है। उन्होंने दुर्घटना मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

### घाघरा में थाना दिवस का आयोजन सीओ ने लोगों की सुनी समस्या



घाघरा। घाघरा थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस क्रम में ग्रामीणों के जमीन से जुड़े कई विवाद को सलटाया गया। इस संबंध में सीओ आशीष कुमार मंडल ने बताया कि लगभग 16 मामले थाना दिवस में आए जिसमें 11 मामले का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। तीन मामलों पर कर्मचारियों को जांच करने का आदेश दिया गया, दो मामलों पर न्यायालय जाने का आदेश दिया गया। साथ ही उन्होंने कहा कि थाना दिवस लोगों के लिए बेहतर साबित हो रहा है। कई ऐसे मामलों पर लोगों को लंबे समय तक परेशान रहना पड़ता था पर अब ऐसा नहीं है जो भी लोग थाना दिवस में आ रहे हैं उनका समाधान किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से आग्रह करते हुए कहा है कि थाना दिवस के दिन आए और अपने समस्याओं को रखें निश्चित तौर पर समाधान किया जाएगा। मौके पर थाना प्रभारी सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

### जारी प्रखंड में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डॉ अम्बेडकर सम्मान मार्च निकाला



जारी। जारी प्रखण्ड के गोविंदपुर में प्रखंड कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में डॉ अंबेडकर सम्मान मार्च प्रखंड के इमली चौक बाजार टांड़ से कब्रिस्तान मोड़ तक निकाला गया। इस दौरान जय बापू, जय भीम, जय संविधान का नारा कांग्रेसियों ने लगाया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोपो, मंडल अध्यक्ष रिजवान अंसारी, नईम अंसारी, अल्बर्ट तिर्की, तेलेस्फोर टोप्पो, अजित तिर्की, अल्बन केरकेत्ता सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पशु तस्करी करने वाले को भेजा जेल

घाघरा। घाघरा थाना कांड संख्या 39/2024 के आरोपी बगड़ू लोहरदगा निवासी तनवीर आलम को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि विगत 26 मई को आदर चेकनाका के पास गुप्त सूचना पर पुलिस द्वारा पिकअप वाहन को रोका था। जिस क्रम में पिकअप वाहन छोड़कर चालक सह मालिक तनवीर फरार हो गया था। उक्त पिकअप से क्रूरता पूर्वक मवेशियों को बांधकर मवेशी तस्करी हेतु ले जाया जा रहा था। इसके बाद सभी पशुओं को मुक्त कराया गया। वहीं तनवीर को उसके घर बगड़ू लोहरदगा से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## स्वस्थ जीवनशैली में खेलों का योगदान महत्वपूर्णः अभिजीत कुमार

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 की हुई शुरूआत

कॉलेज निदेशक ने झंडोतोलन व मशाल जलाकर कार्यक्रम का किया शुभारंभ





खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में तीन दिवसीय स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 का शुभारंभ मंगलवार को कॉलेज के खेल मैदान में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्थान के निदेशक श्री अभिजीत कुमार शामिल हुए। प्रतियोगिता की शुरूआत निदेशक अभिजीत कुमार द्वारा स्पोर्ट्स ध्वजारोहण के साथ हुआ। जिसके बाद खेल कमांडरों और प्रतिभागियों ने अपने-अपने विभागों का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार मार्च पास्ट किया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान खेल भावना को और मजबूत किया गया, जहां एथलीटों ने ईमानदारी, अनुशासन और निष्पक्ष खेल को बनाए रखने की शपथ ली। प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रज्वलित करने के एक प्रतीकात्मक इशारे में निदेशक अभिजीत कुमार द्वारा खेल मशाल जलाई गई एकता और दृढ़ संकल्प का प्रतीक मशाल को विभिन्न विभागों के छात्रों द्वारा मार्च में आगे बढ़ाया गया। मौके पर कालेज के निदेशक अभिजीत कुमार ने छात्रों के चरित्र को आकार देने, टीम वर्क को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में खेलों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों को जुनून और दृढ़ता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहित किया, तो दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 की आधिकारिक शुरूआत एक लुभावनी आतिशबाजी के प्रदर्शन से हुई। जिसने कार्यक्रम में उत्साह और जोश भर दिया। खेल के इस महाकुंभ को शुरू करने के लिए, निदेशक अभिजीत कुमार ने पहली गेंद खेली जो प्रतियोगिताओं की एक एक्शन से भरपूर श्रृंखला की शुरूआत का प्रतीक है। गुमला पॉलिटेक्निक में स्पोर्ट्सफेस्ट 2025 में एथलेटिकिज्म और टीम वर्क का एक रोमांचक प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें कई रोमांचक खेलों की श्रृंखला शामिल है। ऊजार्वान प्रतिभागियों ने क्रिकेट, बैडमिंटन (एकल और युगल), फुटबॉल, वॉलीबॉल और कबड्डी सहित विभिन्न स्पधाओं में भाग लिये।

## रांची विश्वविधाल्य क्रिकेट टीम में बी एस कॉलेज के चार खिलाड़ियों का हुआ चयन



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। रांची यूनिवर्सिटी क्रिकेट टीम में बी एस कॉलेज लोहरदगा के चार खिलाड़ियों का चयन होने से महाविद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गए मैच के आधार पर बीएस कॉलेज क्रिकेट टीम के चार खिलाड़ियों का चयन रांची यूनिवर्सिटी टीम के लिए किया गया है। इन खिलाड़ियों में प्रेम कुमार ,सुमित उरांव, हिमांशु गुप्ता और अंशुमन सिंह शामिल है। ज्ञातव्य है की अंतर महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में इन चारों खिलाड़ियों का बहुत ही उत्तम योगदान रहा है। रांची यूनिवर्सिटी की टीम अंतर यूनिवर्सिटी खेलने के लिए भुवनेश्वर के लिए आगामी 9 फरवरी को रवाना होगी। इन खिलाड़ियों का चयन होने पर बीएस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर शशि गुप्ता, प्रोफेसर डॉ संतोष स्वरूप शांडिल्य, डॉक्टर सुमन कुजूर, प्रोफेसर आनंद मांझी, सोनू कुमार बड़ाईक, क्रिकेट कोच अमित कुमार, आशीष कुमार तथा जिला क्रिकेट संघ के सभी पदाधिकारी ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें बधाई दी है।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को जागरूकता अभियान के रूप में करे संचालित : डीडीसी



खबर मंत्र संवाददाता

लोहरदगा। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक जिला परिषद सभाकक्ष में हुई।बैठक का मुख्य उद्देश्य एमडीए (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करने और सभी संबंधित विभागों की ज़िम्मेदारी सुनिश्चित करना था, ताकि फाइलेरिया मुक्त लोहरदगा का सपना साकार किया जा सके। डीडीसी ने कहा कि यह अभियान सिर्फ दवा वितरण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे एक जन जागरूकता अभियान के रूप में संचालित किया जाना चाहिए। इसके तहत गणमान्य व्यक्तियों के संदेशों और वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा किया जाएगा, जिससे आम जनता जागरूक हो और अपने परिवार के सदस्यों को दवा सेवन के लिए प्रेरित करे। पिरामल टीम के सहयोग से ब्लॉक एवं ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य मेले, स्कूल जागरूकता कार्यक्रम, पंचायत बैठकों और स्थानीय नेतृत्व को सक्रिय करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाई गई। यह समन्वय बैठक जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जहां सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति दवा खाने से वंचित न रहे। इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ शम्भूनाथ चौधरी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, जिला भी बी डी कंसल्टेंट, बीडीओ, सभी चिकित्सा पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के अधिकारी एवं अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## जन शिकायत निवारण दिवस पर डीसी ने सुनी लोगों की समस्या, कहा

# त्वरित समाधान के लिये हम प्रतिबद्ध



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में मंगलवार को जन शिकायत निवारण दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया। गुमला शहर निवासी अशोक ठाकुर ने नगर परिषद क्षेत्र में दुकान आवंटन की मांग की। क्योंकि कोरोना काल के बाद वे बेरोजगार हो गए थे। जिसके पश्चात उन्हें पुनः दुकान लगाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता है। उपायुक्त ने नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। टेंगरा बंधई टोली की करिश्मा कुजूर ने सहिया चयन प्रक्रिया को लेकर असंतोष व्यक्त किया और जांच की मांग की। उपायुक्त ने इस आवेदन को जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को अग्रसारित किया और आवश्यक जांच के निर्देश दिए। अमृत नगर चेटर के निवासियों ने नाली निर्माण कार्य को नक्शे के अनुसार पूरा करवाने की मांग की। उपायुक्त ने नगर परिषद गुमला को पत्र अग्रसारित कर जांच करने और आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। घाघरा के हेदमी ग्राम के सुखनाथ कोरवा ने ग्रामीणों की सुविधा हेतु ममता वाहन संचालित करने के लिए छोटी गाड़ी की खरीद करने हेतु कल्याण विभाग द्वारा दिए जाने वाले अनुदान राशि प्रदान करते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। उपायुक्त ने आवेदन को परियोजना निदेशक आईटीडीए को अग्रसारित कर आवश्यक सहयोग के निर्देश दिए। टोटो निवासी अर्चना कुमारी ने बताया कि उनके पति की मृत्यु ट्रैक्टर दुर्घटना में हो गई। जिससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है। उपायुक्त ने इस मामले को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान भूमि विवाद, आपसी विवाद एवं विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने मौके पर ही समाधान किया। उनहोंने कहा कि हम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिये प्रतिबद्ध है।

### ओलमुंडा नदी से बालू का उठाव कर रहे दो ट्रैक्टर व 1 लोडर जब्त



गुमला। सिसई थाना क्षेत्र के ओलमुंडा कोयल नदी से बालू की अवैध उठाव को लेकर खनन विभाग व सिसई पुलिस के द्वारा संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बालू नदी से उठाकर जा रहे एक ट्रैक्टर व नदी में बालू लोड कर रहे एक अन्य ट्रैक्टर को टीम के द्वारा जब्त किया गया। साथ ही नदी में बालू लोड करने वाला लोडर वाहन को भी टीम के द्वारा जब्त किया गया। जैसे ही टीम ओलमुंडा नदी पहुंची वैसे ही ट्रैक्टर में बालू लाद रहे लोग व वाहन चालक वहां से फरार हो गया। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार ने बताया कि दोनों जब्त वाहन के खिलाफ सिसई थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। इस दौरान सौ घन फीट बालू भी ट्रैक्टर में लदा जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला में बालू के अवैध उठाव को लेकर लगातार अभियान चलायी जा रही है। बालू का अवैध उठाव किसी भी कीमत में होने नहीं दिया जाएगा और अवैध उठाव के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कमलपुर व तिगरा नदी से हो रहा है अवैध बालू का उठाव

>> इन बालू घाटों का नहीं हुई है नीलामी, बालू तस्कर प्रतिदिन नदी से बालू उठवाकर भेज रहे हैं छतीसगढ़



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। जारी प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत के कमलपुर, तिगरा नदी घाट से अवैध बालू का उठाव तेजी से जारी है। जहां से हर दिन सैकडों ट्रेक्टर बालू का अवैध उठाव हो रहा है। बालू बेचने के लिए प्रखंड में किसी बालू घाट की नीलामी नहीं हुई। लेकिन बालू से भरे ट्रैक्टर रोज नदी से जशपुर जिले में सड़क पर दौड़ते मिलते हैं। शहर से लेकर गांव तक खुलेआम बालू बिक्री भी की जाती है। इन सबको रोकने लिए जिले में खनन टास्क फोर्स गठित है। जिसमें प्रशासन, पुलिस और खनन विभागों के आला अफसर शामिल हैं। लेकिन वे खनिज संपदा की इस लूट से आंखें फेरे रहते हैं। रोजाना राज्य सरकार को लाखो के राजस्व की हानि हो रही है। कमलपुर व तिगरा नदी से प्रतिदिन ट्रैक्टर में अवैध रूप से बालू का उठाव करते देख सकते है। जानकारी के अनुसार गोविंदपुर गांव के कई बालू माफिया की मिलीभगत से यह कार्य को किया जा रहा और जशपुर जिला में ले जाकर मुंह मांगा दामों पर बेचा जा रहा है। बदले में बालू माफिया प्रत्येक गाड़ी से 200 रुपये का वसूली करते हैं। बताते चले झारखंड छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाली लावा नदी में हाई लेवल पुल बनाया गया है। जबकि बालू का उठा पुल के नजदीक से ही किया जा रहा है। जिसे पुल ध्वस्त ना हो जाए। इस संबंध में जिला खनन पदाधिकारी विभूति कुमार से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि नदी घाटों का सीमांकन किया जा चुका है। छतीसगढ़ की ओर से बालू का उठाव हो रहा है। झारखंड के इलाके में बालू का उठाव नहीं हो रहा है।

### भंडरा : मां सरस्वती को नम आंखों से दी विदाई प्रतिमा का हुआ विसर्जन



भंडरा। प्रखंड मे विद्या की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन मंगलवार को पूरे भक्तिभाव व पूजा-अर्चना के साथ की गई। इस दौरान महाआरती का आयोजन किया गया। इसके बाद मां की प्रतिमा को लेकर गाजे-बाजे के साथ जुलूस की शक्ल में नदी तालाबों तक ले जाया गया। जहां देवी की प्रतिमा को भावपूर्ण तरीके से विसर्जन किया गया। भंडरा प्रखंड बस्ती मे श्रद्धालुओं द्वारा मां सरस्वती से विद्या व ज्ञान का वर मांगते हुए उन्हें विदा किया। इसके पहले विसर्जन जुलूस में शामिल युवकों व बड़े-बुजुर्गों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे को पूजा की बधाई दी। प्रशासन द्वारा विसर्जन को लेकर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सड़कों पर पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। कई पूजा समितियों द्वारा मंगलवार को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम रखा गया है। अधिकांश शैक्षणिक संस्थानों में मंगलवार को ही मूर्ति का विसर्जन किया गया।

### फसल सुरक्षा योजना अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ



लोहरदगा। कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा फसल सुरक्षा योजना अंतर्गत 5 दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सहायक कृषि पदाधिकारी, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी, तकनीकी सहायक एवं किसान उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम में किसानों को रासायनिक खाद का उपयोग कम करने और जैविक खाद को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई। जिसमें वर्मी कंपोस्ट जीवामृत घाना अमृत जल और कृषि के साथ-साथ कृषि संबंधित व्यापार करने की जानकारी दी गई। किसानों को बताया गया कि जैविक खाद के उपयोग से उन्हें बेहतर उत्पादन भी मिलेगा और लागत भी कम होगा। साथ ही सरकार और विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

### शौच करने निकले व्यक्ति के साथ हुई मारपीट, घायल

चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा गांव में सेमलबरटोली निवासी 50 वर्षीय कलादियुस तिर्की मारपीट की घटना में जख्मी हो गये। वहीं घटना की शिकायत चैनपुर थाना में पीड़ित के परिजनों ने की। जानकारी के अनुसार कलादियुसअपनी दीदी के घर मेहमान आये थे। घटना रात के करीब 12 बजे की है, जब कलादियुस शौच के लिए घर से बाहर निकले थे। इस दौरान सुबेंद्र लोहारा ने कलादियुस पर बास के डंडे से हमला कर दिया। जिसे कलादियुस के चेहरे, पीठ, माथे और कमर पर गंभीर चोटें आईं। उन्हें सड़क पर घसीटा गया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर निकले तो देखा कि कलादियुस गंभीर रूप से घायल हैं। घायल को परिजन पहले अस्पताल ले गये। जिसके बाद परिजनों के साथ कलादियुस चैनपुर थाना पहुंचे। जहां उन्होंने थाना प्रभारी कुंदन चौधरी को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। परिजन घटना को लेकर आक्रोशित हैं और पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग की है।

## मनरेगा रोजगार सृजन के साथ पलायन रोकने व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में है कारगर : डीडीसी



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में मनरेगा सप्ताह के अंतर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न पंचायतों में सौ दिन रोजगार पूर्ण करने वाले किसानों एवं मजदूरों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार प्राप्त करने का लाभ सभी श्रमिकों को उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदन करने के 15 दिन के भीतर कार्य प्रदान करने का प्रावधान है। जिससे श्रमिकों को शीघ्र रोजगार उपलब्ध हो सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मनरेगा केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि, पलायन की रोकथाम और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं को अधिक संख्या में मनरेगा से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मनरेगा एपीओ, मनरेगा लोकपाल, प्रखंड प्रमुख, बीपीओ, एई, प्रदान संस्था की टीम सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी एवं श्रमिक उपस्थित थे।

## मनरेगा में बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को किया गया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। प्रखंड कार्यालय कुडू मे मनरेगा सप्ताह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सुभारंभ सीओ सह बीडीओ मधुश्री मिश्रा के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अच्छे कार्य करने वाले मनरेगा कर्मी को एवं मेठ को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित किया गया। कर्मी में कोलसिमरी पंचायत के रोजगार सेवक सुकरा धान, बड़कीचांपी मो असदुल्ला, सलगी, श्रीवास्तव भगत, मेठ शांति देवी को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कायक्रम में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी नीलेंद्र कुमार, सहायक अभियंता विशाल मिंज, उडुमुडु मुखिया ललिता उरांव, सलगी मुखिया, टाटी मुखिया, लवागाई मुखिया, सुंदरू मुखिया, ककरगड़ मुखिया चेमनी टोप्पो, सभी पंचायत सचीव, ग्राम रोजगार सेवक मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## संगठनात्मक चुनाव को लेकर जिला भाजपा की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। भाजपा गुमला जिला की संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया को लेकर मंगलवार को पर्यटन भवन के सभागार में अहम बैठक हुई। बैठक में संगठन के निचले स्तर से क्रमशः बूथ, मंडल एवं जिला तक की संगठनात्मक चुनाव को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विनय लाल ने की तथा मंच संचालन पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र सिंह ने की। संगठनात्मक चुनाव संचालन हेतु गुमला जिला सह चुनाव अधिकारी के लिए सविंद्र सिंह एवं भैरों सिंह खेरवार को बनाया गया है। उसी तरह सभी मंडलों के लिए भी चुनाव प्रभारी एवं सह प्रभारी बनाया गया। जिसमें गुमला नगर मण्डल चुनाव प्रभारी जगनारायण सिंह, सहप्रभारी दामोदर कसेरा को, गुमला ग्रामीण मण्डल का विनोद कुमार एवं गायत्री देवी को, रायडीह मण्डल यशवन्त सिंह एवं योगेंद्र सिंह को, चैनपुर मण्डल के लिए गजाधर सिंह एवं नीरज शर्मा को, डुमरी मण्डल के लिए अवधेश शाहदेव एवं अनिरूद्ध चौधरी को, जारी मण्डल मनोहर बड़ाइक एवं जगत प्रसाद को, मुरकुंडा मण्डल संजय कुमार साहू एवं संयुक्ता देवी को, टोटो मण्डल के लिए रामावतार भगत एवं सुरेश सिंह को, घाघरा मण्डल के लिए प्रदीप प्रसाद एवं अरुनजय सिंह को,आदर मण्डल के लिए विपिन बिहारी सिंह एवं गोपाल गोप को, विशुनपुर मण्डल के लिए कुमार रवि एवं भिखारी भगत को, सिसई मण्डल के लिए अनुपचन्द्र अधिकारी एवं निरंजन सिंह को, भरनो मण्डल के लिए लाल मोहन साहू एवं भूषण पाहन अशोक केशरी को, पुसो मण्डल के लिए अमन यादव एवं ईश्वर महतो को, बसिया मण्डल के लिए रामअवध साहू एवं विनोद भगत को, कामडारा मण्डल के लिए विजय सिंह एवं प्रफुल्ल कुमार विश्वाल को और पालकोट मण्डल का भूपन साहू एवं सूरजदेव सिंह, गोपाल केशरी को प्रभारी बनाया गया। गुमला जिला मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश भास्कर ने कहा कि बीते समय में दोनों चुनाव में अपनी सारी कमियों एवं गलतियों को सुधार कर हमें इस संगठनात्मक लोकतांत्रिक चुनाव में अपना पूर्ण योगदान देकर एक निष्पक्ष सक्षम सुसंगठित संगठन खड़ा करना है। बैठक में सागर उरांव, संयुक्ता देवी, जिला मंत्री संजय कुमार साहू, प्रदीप प्रसाद, निरंजन सिंह, भूपन साहू, विनोद कुमार, जगनारायण सिंह, सुरेश सिंह, गायत्री देबि मंगल सिंह भोगता, दामोदर कसेरा, संतोष देवघरिया, कर्मपाल सिंह, योगेंद्र सिंह, जगेश्वर सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाइक, श्रवण, रामस्वरूप सिंह, दिनेश, कौशलेंद्र, सनोज वर्मा सिकन्दर सिंह, जगत प्रसाद सिंह, शिव गुप्ता, विजय सिंह पिंटू, छोटे लाल उरांव, मनोहर बड़ाइक, अमित किशोर पांडे, किशुन गोप, नरेश सिंह, सूरजदेव सिंह, रामअवध साहू, प्रकाश नारायण सिंह, गोपाल केशरी, सुमित महली, अर्जुन सिंह, अरविंद सिंह, बबलू वर्मा, शम्भू सिंह, अरुण वर्मा, हरिशंकर साही, शिवदयाल व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लगातार जंगली हाथियों के झुंड के तांडव से ग्रामीण परेशान, वन विभाग व प्रशासन मौन



खबर मन्त्र संवाददाता

कैरो। थाना क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से रह रह कर दर्जनों की संख्या में जंगली हाथी के आने के कारण ग्रामीणों में भय के साथ साथ कई तरह का नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार दो दिन पूर्व कुडू थाना क्षेत्र के तान व कैरो थाना क्षेत्र के हुदु के बीच राहे जंगल से होते हुए सुकुरहुटू जंगल मे करीब 13 से 18 की संख्या में हाथियों का झुंड जमे हुए हैं। जो शाम होते ही किसानों के खेत मे लगे गेहूं सहित अन्य फसलों का नुकसान कर रहे हैं। इधर ग्रामीणों का कहना है कि जहाँ रात भर तरह तरह का उपाय जिसमें मशाल, ढोल नगाड़ा व अन्य व्यवस्था करके अपने फसल, मवेशी व परिवार रक्षा करना पड़ रहा है वहीं दूसरी ओर जब भी किसी के फसलों का नुकसान होता देखा जाता है तो हौसला टूटने लगता है। बीती रात जंगल से निकलकर मुख्य मार्ग व खेतों में फसल चट कर दिया गया किंतु न तो प्रसासन न ही बन विभाग द्वारा हाथी भगाने को लेकर कोई ठोस कदम उठाया जा रहा है। हाथियों के झुंड के द्वारा बीती रात्रि एड़ादोन में फलिन्द्र रविदास के खेत मे लगे मटर की खेती का नुकसान करने व अरुण उरांव का मकान का दरवाजा तोड़ दिया गया और घर में रखे चावल को बर्बाद कर दिया। वहीं अन्य कई किसान हैं जिनका नुकसान हुआ हैं। एड़ादोन के ग्रामीणों का कहना है शाम होते कुछ दूसरे गांव के ग्रामीण हाथी के निकलने का रास्ता में अपनी वाहन खड़ा जमा करके हल्ला गुल्ला करने लगते हैं जिस कारण हाथी निकल नहीं पा रहा है। मामले को लेकर वनक्षेत्र पदाधिकारी सुरेंद्र सिंह सहित अन्य लोगों से बात करने की कोसिस की गई किन्तु फोन रिसिव नही करने के कारण कोई भी जानकारी नही मिला कि क्या कोई टीम हाथी भगाने के लिए तैयार भी या ग्रामीणों को अपने हाल में छोड़ देना है। मामले पर सीओ कुमारी शिला उरांव का कहना है कि जिन किसानों का फसल या अन्य कुछ नुकसान हुआ है तो उन्हें आवेदन के साथ फोटो जमा करना होगा ताकि उसका लाभ दिलाने का कोशिस किया जाएगा।

# दो ट्रकों के बीच आमने-सामने की टक्कर, दो की मौत, दो गंभीर

## 4 घंटे तक ट्रक के केबिन में फंसे रहे चालक-उपचालक, कड़ी मशक्कत के बाद निकाले गए बाहर

- दुर्घटना के बाद लगभग 5 घंटे तक जाम रहा एनएच-75, फंसे रहे सैकड़ो वाहन
- चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत लाधुप सेन्हा फील्ड के पास की घटना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** एनएच 75 (अब 39) रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर बेकाबू रफ्तार का कहर फिर से देखने को मिला, जहां मंगलवार की अहले सुबह लगभग पांच बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत लाधुप-सेन्हा कांति झरना तोरणद्वार के समीप दो ट्रक के बीच आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक ट्रक के चालक और दूसरे ट्रक के उपचालक की मौत हो गई। जबकि एक ट्रक के चालक व दूसरा ट्रक के खलासी गंभीर रूप से घायल है। दुर्घटना इतनी भयावह व दर्दनाक थी कि दोनों ट्रकों के टक्कर के बाद दोनों वाहनों का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए व दोनों वाहनों के चालक-उपचालक केबिन में फंस गए। घटना के बाद लाधुप मुखिया विफई मुंडा की अगुवाई में ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए प्रशासनिक मदद से लगभग 4 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद फंसे चालक-उपचालक को बाहर निकाला व चंदवा स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां इलाज के दौरान डॉ. कंचन बाड़ा ने दो को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो को प्राथमिक इलाज के बाद रिम्स रेफर कर दिया। एक मृतक की पहचान एक ट्रक के चालक राजू उरांव पिता राजगीर उरांव (धनकारा लातेहार) व दूसरे मृतक की पहचान दुसरे ट्रक के उप चालक अंकोल यादव (मैनपुरी उत्तर प्रदेश) रूप में हुई, जबकि घायलों की पहचान मृतक राजू उरांव के फुफुरे भाई गोला उरांव पिता श्यामलाल उरांव (उप चालक) व सुनील कुमार यादव (कन्नौज, यूपी) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ट्रक जेएच-19बी-9340 ट्रक जमशेदपुर से सीमेंट लेकर मेदिनीनगर जा रही थी, जबकि दूसरी ट्रक सीजी-13-एई-7023 दिल्ली से दैनिक खाद्य सामग्री व गृह निर्माण की सामग्री लेकर उड़ीसा जा रही थी, इसी दौरान सेन्हा के समीप दोनो ट्रकों के बीच भिंड़त हो गयी। दुर्घटना के बाद एनएच 39 पूरी तरह से बाधित हो गया व लगभग 5 घण्टे तक आवागमन प्रभावित रहा। इस दौरान रांची-मेदिनीनगर व चतरा रूट पर चलने वाली बसें व अन्य वाहन मैक्लुस्कीगंज होते हुए आवागमन किये। थाना प्रभारी रणधीर सिंह ने कहा कि दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। पुलिस आगे की कारवाई में जुट गई है।

इधर, घटना के सूचना मिलते ही मृतक राजू उरांव व घायल गोला उरांव के परिजन चंदवा अस्पताल पहुंच गए थे, जिसका रोरोकर बुरा हाल था।



दुर्घटना के बाद लगा जाम।



घायलो को अस्पताल भेजते मुखिया व अन्य।

### मुखिया विफई मुंडा ने किया सराहनीय कार्य

इधर दुर्घटना के बाद लाधुप पंचायत के मुखिया विफई मुंडा ने मानवता का परिचय देते हुए ट्रकों में फंसे लोगों को निकालने व अस्पताल पहुंचाने में लगे रहे। अहले सुबह पांच बजे से हीं दुर्घटना के शिकार हुए लोगो की मदद जुटे रहे व फंसे लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल भेजने का कार्य किया।

## प्रकाश राम ने हरी झंडी दिखाकर श्रद्धालुओं को महाकुंभ स्नान के लिए किया रवाना




श्रद्धालुओं के जत्थे को रवाना करते विधायक।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के हेमपुर ग्राम से मंगलवार को महाकुंभ में स्नान के लिए 150 महिला-पुरुष का जत्था रवाना हुआ। जिसे लातेहार के भाजपा विधायक प्रकाश राम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाकुंभ में स्नान के साथ-साथ यह दल चार धाम की यात्रा भी करेगी। जिसमें बनारस, अयोध्या, विंध्याचल शामिल है। इस दौरान विधायक ने सभी लोगो की मंगलमय यात्रा की कामना किया। मौके पर भाजपा नेता कृष्ण यादव, अशोक साव, नन्दलाल यादव, मुकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## जेजेएमपी के दो उग्रवादियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

- लगातार चलाए जा रहे अभियान से नक्सली संगठन हुए है काफी कमजोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** जिले में माओवादियों का प्रभाव पूर्व की तुलना में कम हो चुका है। छोटे-छोटे संगठन टीएसपीसी/जेजेएमपी के विरुद्ध लातेहार पुलिस लगातार दबिश बनाए हुए है। लातेहार जिला पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में उग्रवादियों संगठनो के विरुद्ध अभियान चलाकर उग्रवादी संगठनो को काफी कमजोर किया गया है। विगत पांच महीनों जेजेएमपी के सब जोनल कमांडर शिवराज सिंह (05 लाख ईनामी), जेजेएमपी एरिया कमांडर जितेन्द्र सिंह (02 लाख ईनामी), जेजेएमपी एरिया कमांडर खुर्शीद अंसारी एवं जेजेएमपी के अन्य कई सक्रीय सदस्य को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। माओवादी संगठन के सक्रीय सदस्य चंद्रदेव सिंह, पुरन परहिया अन्य सक्रिय सदस्यों को भी प्रतिबंधित हथियार एवं गोलीयों के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। लगातार अभियान से त्रस्त आकर एवं माओवादी संगठन में आपसी कलह में ही अपने शीर्ष उग्रवादी नेता आरसीएम छोटु खेरवार उर्फ छोटु जी (15 लाख ईनामी) की भी हत्या हुई है। जिसके परिणामस्वरुप एवं झारखंड सरकार कि आत्मसमर्पण नीति नई दिशा से प्रभावित होकर 4 फरवरी दिन मंगलवार को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सदस्य पप्पु साव उम्र 32 वर्ष पिता रामचन्द्र साव, ग्राम होशिर एवं चन्दन प्रसाद उम्र 30 वर्ष पिता गोपाल साव ग्राम होशिर वर्तमान में छिपादोहर चेकनाका के पास दोनो थाना छिपादोहर, जिला लातेहार ने पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, सीआरपीएफ 11 बटालियन कमांडेंट यादराम बुनकर के समक्ष आत्मसमर्पण किया। ये दोनों नक्सली पिछले कई वर्ष पूर्व से ही प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी में शामिल होकर सक्रीय सदस्य रूप में काम कर रहे थे। यह बालूमाथ, चंदवा, लातेहार एवं उनके सीमावर्ती क्षेत्रो में कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रहे है।



आत्मसमर्पण करते जेजेएसपी उग्रवादी।

### नक्सलियों का अपराधिक इतिहास

आत्मसमर्पण किए नक्सलियों में पप्पू साव का अपराधिक इतिहास बालुमाथ थाना कांड सं 217/2018 धारा- 341/342/323/307/384/385/427/34 भादवि, 10/13 युएपीए एक्ट, 17 सीएलए एक्ट, 25(1-बी) ए आर्म्स एक्ट। बालुमाथ थाना कांड सं 220/2018 धारा-25(1-बी) ए /26/35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट, छिपादोहर थाना कांड सं-08/2018, छिपादोहर थाना कांड सं 04/2024 वहीं चंदन प्रसाद के अपराधिक इतिहास में छिपादोहर थाना कांड सं 04/2024 धारा-25 (1-बी) ए /26 (2) /35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट शामिल है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों की तस्करी एवं इसकी खेती पर रोकथाम करने पर चर्चा किया गया तथा विभिन्न स्तर पर समन्वय एवं सहयोग स्थापित करने हेतु ठउडफळसमिति के सभी सदस्यों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में अफीम की खेती के विरुद्ध थाना स्तर व अंचल स्तर पर की गई कार्रवाई की थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी से जानकारी ली गई। उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अफीम की खरीद बिक्री करने वाले कारोबारियों के विरुद्ध कार्रवाई करें। और जिन क्षेत्र में अफीम की खेती की सूचना मिलती है तो खेती के विनष्टीकरण के साथ-साथ जिनके द्वारा खेती की गई है और जो लोग उसमें संलिप्त हैं, उन्हें चिन्हित करते हुए उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई करें। पुलिस अधीक्षक ने जिले में अवैध अफीम, भांग की खेती और नशे के खतरे को नियंत्रित करने हेतु सभी थाना प्रभारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस पर सतत निगरानी रखने एवं ऐसी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल सूचित करने हेतु निर्देशित किया। आगे उन्होंने कहा कि किसी भी समाज के लिए ड्रग्स एवं नशीले पदार्थों आदि का सेवन बहुत ज्यादा घातक होता है। जिले में ड्रग्स की तस्करी एवं खेती दोनों किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए इसके लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री कुमार गौरव, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, सिविल सर्जन डॉ अवधेश सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार अजय कुमार रजक, प्रभारी पदाधिकारी सामान्य शाखा अजय कच्छप, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी उपस्थित थे।




बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व मौजूद अधिकारी।

## मोटरसाइकिल से गिर कर दो घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य पथ पर मंगलवार को ट्रक से चकमा खाकर मोटरसाइकिल सवार दो लोग गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुड्डू कुमार सिंह 20 वर्ष पिता बीता सिंह एवं उसकी मां असरतीय देवी 65 वर्ष पति बिता सिंह ग्राम जांजु थाना हेरहंज निवासी दोनों मोटरसाइकिल में सवार होकर हेरहंज बाजार से अपने घर जांजु जा रहे थे। इसी दौरान एक अज्ञात ट्रक के चकमें से बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद दोनो घायलो को स्थानीय लोगो मदद से बालूमाथ सीएचसी लाया गया। जहां डॉ. अलीशा टोप्पो द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

## जन शिकायत निवारण का किया गया आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में साप्ताहिक जन शिकायत निवारण का आयोजन किया गया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एकझएक कर उनकी समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। जन शिकायत निवारण में कुल 10 आवेदन प्राप्त हुए जो मुख्य रूप से भूमि विवाद, भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधित, ऑनलाइन रसीद, व्हील चेयर निर्गत करने के संबध, जन वितरण प्रणाली हेतु नए अनुज्ञप्ति के संबंध में, विकलांग पेंशन संबंधी जुड़े आवेदन आये। इस दौरान कुछ आवेदकों की समस्याओं का निष्पादन आन द स्पॉट किया गया और शेष आवेदकों के समस्याओं का यथाशीघ्र निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्यायें को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए , समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करें। उपायुक्त के निदेशानुसार आमजनों की समस्याओं के समाधान और शिकायत के निष्पादन हेतु जिला, अनुमंडल, प्रखंड स्तरीय के सभी पदाधिकारियों के कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार एंव शुक्रवार को जन शिकायत निवारण का आयोजन किया जाता है।



समस्या सुनते उपायुक्त।

## चंदवा में धूमधाम से सरस्वती पूजा संपन्न, नम आंखों से दी गई मां शारदे को विदाई



भंडारा का प्रसाद वितरण करते कमांडो क्लब के कार्यकर्ता।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा शहर सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में मंगलवार को सरस्वती पूजा धूमधाम के साथ संपन्न हो गयी। मंगलवार की सुबह विधिवत हवन के उपरांत सरस्वती माता की प्रतिमा का विसर्जन प्रारंभ हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान भक्तों ने चंदवा के देवनद दामोदर समेत विभिन्न नदी, तालाबों एवं सरोवर में विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमा को विसर्जित किया व नम आंखों से मां शारदे को विदाई दी। विसर्जन के दौरान बच्चे समेत युवा वर्ग डीजे के धुन पर थिरकते भी नजर आए। वहीं इस मौके पर चेतर पंचायत के सुकलकट्ठा में जतरा मेला आयोजित किया गया, जहां 13 गांवों से आये दर्जनों प्रतिमाओं का सामुहिक विसर्जन किया गया। इधर प्रखंड के कुछ स्थानों पर मंगलवार होने के वजह से प्रतिमा विसर्जन नहीं किया गया।

### मां सरस्वती कोचिंग सेंटर, कंचन नगरी में हुआ भंडारा कार्यक्रम

इसके पूर्व हवन पूणार्हुति के उपरांत थाना टोली स्थित मां सरस्वती कोचिंग सेंटर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं भंडारा एवं कमांडो क्लब कंचन नगरी समेत कई पूजा पंडालों में भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे शहर समेत आसपास के सैकड़ो श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कमांडो क्लब के अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि क्लब के द्वारा विगत 29 वर्षों से लगातार मां शारदे की प्रतिमा स्थापित की जाती रही है। कार्यकम को सफल बनाने में कृपाचार्य सिंह दारा, अक्षय यादव, चंदन, आकाश, रिंकू, दीपक, मनीष, संदीप रजक एवं महिला मोर्चा की माताओं बहनों ने अहम योगदान बनाया। वही पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर पुलिस निरीक्षक थाना प्रभारी रणधीर कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद देखी गई।

## कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में धूमधाम से संपन्न हुई मां सरस्वती पूजा, प्रतिमा विसर्जन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

बरवाडीह। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई। विद्यालय परिसर में भव्य रूप से आयोजित इस पूजा समारोह में छात्राओं एवं शिक्षकों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पूजा के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय हो उठा। विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की और ज्ञान एवं विद्या की देवी से आशीर्वाद की कामना की। शिक्षकों और छात्राओं ने मिलकर भोग, प्रसाद और आरती का आयोजन किया, जिससे पूरा माहौल आस्था और उल्लास से भर गया। पूजा के उपरांत मां सरस्वती की प्रतिमा विसर्जन भी हर्षोल्लास के साथ किया गया। विसर्जन यात्रा के दौरान छात्राओं ने पारंपरिक गीत गाए और जयकारे लगाए। सभी ने माता से विदाई लेते हुए पुनः अगले वर्ष आगमन की प्रार्थना की। विद्यालय की वार्डन सुनीता कुमारी ने भी इस शुभ अवसर पर छात्राओं को ज्ञान एवं शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें परिश्रम और समर्पण की भावना से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। समारोह के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार, छात्राओं और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा, जिससे यह आयोजन अत्यंत भव्य और यादगार बन गया।



मां सरस्वती की प्रतिमा।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, दो घायल

**बालूमाथ।** रांची-चतरा मुख्य पथ एनएच 22 पर एकीकृत बालूमाथ थाना क्षेत्र के नचना ग्राम के पास सोमवार की देर रात सरस्वती पूजा देखकर अपने घर लौट रहे तीन मोटरसाइकिल सवार युवकों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया और फरार हो गया। जिससे मोटरसाइकिल सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें से एक युवक संजीत उरांव 19 वर्ष पिता स्व रंथू उरांव की मौत घटनास्थल पर हो गई । वहीं दो अन्य युवक अरुण उरांव 17वर्ष पिता बालेश्वर उरांव, संदीप उरांव 18 वर्ष पिता ब्रमदेव उरांव सभी ग्राम छापाटोला थाना बारियातू निवासी घायल हो गए। घटना के बाद बारियातू पुलिस के सहयोग से सभी घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनो घायलो को बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## मनिका प्रखंड में श्रद्धा पूर्वक किया गया माता सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन

- श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ निकाला भव्य जुलूस,नम आंखों से दी माता को विदाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां सरस्वती की पूजा हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। वहीं क्षेत्र के श्रद्धालुओं के द्वारा दिन मंगलवार को हवन पूजन विधिवत रूप से पूरा करने के साथ ही माता सरस्वती का पूजा-अर्चना का कार्यक्रम संपन्न किया गया। जिसके उपरांत श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन किया। इस अवसर पर ब्लॉक गेट के समीप स्थित न्यू लाइंस क्लब, शिव मंदिर पचफेड़ी, देवी मंडप मंदिर बाजारटांड़, सनराइज विद्यालय, न्यू आदर्श विद्यालय, नवज्योति निकेतन विद्यालय, बालक मध्य विद्यालय मनिका, समेत प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय, मंदिरों एवं अन्य स्थानों के पूजा पंडालों से प्रतिमा विसर्जन करने को लेकर गाजे-बाजे के साथ भव्य विसर्जन जुलूस निकाला गया। इस दौरान भक्ति संगीत में स्कूली बच्चे, बच्चियां समेत अन्य श्रद्धालु झूमते-नाचते नजर आए। इस दौरान माता सरस्वती के जयकारे से पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। वहीं मां सरस्वती के पूजा को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। साथ ही विसर्जन जुलूस मुख्य पथ से होते हुए क्षेत्र भ्रमण कर विसर्जन स्थल पर पहुंची,जहां पर पुरोहित के द्वारा विधिवत मंत्र उच्चारण के साथ अंतिम पूजा संपन्न करवाया गया। जहां पर श्रद्धालुओं ने माता सरस्वती से विद्या का आशीर्वाद लिया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने नम आंखों से माता सरस्वती को विदाई देते हुए प्रतिमा का विसर्जन किया।



विसर्जन जुलूस में शामिल श्रद्धालु।

## धूमधाम से संपन्न हुई मां सरस्वती पूजा, हवन में विद्यार्थियों ने की आहुति

**बालूमाथ।** ज्ञान और विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा का त्योहार प्रतिमा विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया। एक दिन पूर्व सोमवार को मां सरस्वती की पूजा विभिन्न सरकारी गैर सरकारी विद्यालय,कोचिंग सेंटर एवं क्लबो में श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई थी। विद्यार्थियों ने को मां सरस्वती की भक्ति भाव से पूजन किया था और विद्या एवं बुद्धि की प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। पूजा के बाद मंगलवार को हवन का आयोजन किया गया था जिसमें विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के बीच आहुति दी। वही गुरुकुल विद्यालय के शिछक अजित ओझा ने हवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल आध्यात्मिक शुद्धि का प्रतीक है, बल्कि छात्रों में सकारात्मक ऊर्जा और एकाग्रता भी बढ़ाता है। वही हवन कार्यक्रम के बाद देर शाम तक मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न तलाब एवं नदियों में कर दिया गया। वहीं पूजा के दौरान बालूमाथ शहर में नो एंट्री लगा दिया गया था। एवं ट्रैफिक व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन तत्पर दिखाई दिया।



# वेदांता ईएसएल द्वारा आयोजित कुष्ठ-रोग निरोधक दिवस पर हुई मरीजों की जांच, दी गयी दवाइयां



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल लिमिटेड ने अपनी आरोग्य परियोजना के तहत निर्मल ग्राम अस्पताल परिसर में कुष्ठ रोग निरोधक दिवस का आयोजन किया। सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक समावेश के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में मोबाइल हेल्थ वैन ने 50 कुष्ठ रोगियों की स्क्रीनिंग की और उनके उपचार और सुधार में मदद के लिए आवश्यक दवाइयां प्रदान कीं। मरीजों को पोषण किट के साथ-साथ स्वच्छता और हाइजीन किट भी दी गईं।

एक जानकारीपूर्ण सत्र मे कुष्ठ रोग अस्पताल के प्रभारी बसंत कुमार और समन्वयक एंथनी ने कुष्ठ रोग प्रबंधन पुनर्वास और सामाजिक कलंक को कम करने के तरीकों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। मौके पर ईएसएल के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि कुष्ठ रोग भारत में एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है।

वेदांता ईएसएल में हम एक स्वस्थ और समावेशी समाज बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुष्ठ रोग के खिलाफ लड़ाई में एक समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है जिसमें जागरूकता सामाजिक समावेश और स्वास्थ्य संवर्धन पर ध्यान केंद्रित किया जाए। समुदाय को प्रारंभिक पहचान उपचार और रोकथाम के उपायों के बारे में जागरूक करना इस रोग के उन्मूलन और समय पर चिकित्सा हस्तक्षेप सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। साथ ही कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के लिए सहानुभूति और समाज में उनके समावेश को बढ़ावा देने व भेदभाव और कलंक को समाप्त करने के लिए आवश्यक है।

# तिलकोत्सव पर बाबा भोलेनाथ को मिली अंगूठी व बर्तन





**अब शिवरात्रि की पूर्व संध्या तक माता पार्वती को नहीं चढ़ेगा सिंदूर**

खबर मन्त्र संवाददाता

**बासुकीनाथ।** फौजदारी दरबार बाबा बासुकीनाथ के दरबार में बसंत पंचमी शुभअवसर पर सोमवार की देर रात्रि बाबा भोलेनाथ का तिलकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इसमें बतौर यजमान मंदिर के सचिव सह एसडीओ कौशल कुमार, मंदिर प्रभारी सह जरमुंडी बीडीओ कुंदन भगत ने भाग लिया। सरकारी पुजारी डब्लू बाबा की अगुवाई में पुरोहित प्रेमशंकर झा ने तिलकोत्सव किया। वर्षो से चली आ रही परंपरा के अनुसार बाबा को सोने की अंगूठी, चांदी का बाजूबंद, पीताम्बरी वस्त्र, अंगोछा, कांसा एवं पीतल के बर्तन, विभिन्न प्रकार के फल, मिष्ठान, नैवेद्य समेत अन्य सामग्री चढ़ाई गई। वहीं माता पार्वती की भी भव्यतापूर्वक पूजा की गयी। इस मौके पर पुजारी डब्लू बाबा, सहायक पुजारी गणेश झा उर्फ बोंगा बाबा, सहायक प्रबंधक सुभाष राव, पुरोहित प्रेमशंकर झा, मोहित झा, सारंग बाबा, कुंदन झा, उज्वल झा, आशीष बाबा, मन्दिरकर्मी शुभाष राव, मदन झा, ब्रजेश झा, रविन्द्र मोदी, मंदिर के विधिकर फुलेश्वर कुंवर, ज्योतिष कुंवर, फुलधरिया पिंकू राव, केशव राव, नरेश राव, मुन्ना राव समेत मंदिर के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### सालों पुरानी है बाबा के तिलकोत्सव की परंपरा

बासुकिनाथ मंदिर के पुजारी सदाशिव पंडा, डब्लू बाबा एवं पुरोहित प्रेमशंकर झा ने बताया कि बाबा बासुकिनाथ का तिलकोत्सव करने की परंपरा सैकड़ों वर्षों से अनवरत चली आ रही है। पूर्व में जब मंदिर का संचालन हंडवा स्टेट द्वारा होता था, उस समय से ही इस परंपरा का अनवरत निर्वहन होता था। तिलकोत्सव से विवाहोत्सव उपरांत घूंघट की रस्म अदायगी तक के कार्यों में सबों की भूमिका तय

## एक नजर में

### दुमका : खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक में डीसी ने दिये कई निर्देश

दुमका। समाहरणालय सभागार में खाद्य आपूर्ति विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी आंजनेयुलु दोड्डे किया। बैठक में डीसी दोड्डे ने खाद्यान्न आपूर्ति, पीडीएस दुकानों से राशन वितरण, धान अधिप्राप्ति समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। जिला आपूर्ति पदाधिकारी व संबंधित पदाधिकारी से लेते हुए निर्देश दिया कि पीडीएस दुकानों से लाभुकों को समय पर राशन वितरण सुनिशित करें। डीसी ने धान अधिप्राप्ति केंद्रों में धान की खरीद व किसानों के निबंधन से संबंधित कार्यों की बिंदुवार जानकारी लिया। उन्होंने धान अधिप्राप्ति लक्ष्य के अनुरूप त्वरित गति से संपन्न कराए जाने के लिए आपूर्ति पदाधिकारी को सतत निगरानी व अनुश्रवण करने निर्देश दिया। साथ ही जिले में संचालित सभी लैंप्स के कर्मी को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के निबंधित किसानों से संपर्क कर जागरुकता अभियान चलायें। उन्हें लैंप्स में ही धान आपूर्ति कराने के लिए प्रेरित करें। डीसी ने निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रतिदिन लैंप्स में धान अधिप्राप्ति की न्यूनतम मात्रा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में एसी, डीएसओ व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### बेरमो : आरकेएमयू यूनियन का पीओ के साथ परिचयात्मक बैठक

बेरमो/कथारा। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के प्रतिनिधियों का सोमवार को कथारा वासरी के परियोजना पदाधिकारी के साथ परिचयात्मक बैठक किया गया। इस अवसर पर यूनियन के पदाधिकारीयो ने परियोजना पदाधिकारी वी मोहन बाबू का फूलों का गुलदस्ता दे कर स्वागत किया साथ ही यूनियन से संबंधित कई मुद्दों को रखा। परियोजना पदाधिकारी ने यूनियन को सकारात्मक निदान का आश्वासन दिया। वहीं यूनियन द्वारा उत्पादन व उत्पादकता में पोओ को सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर परियोजना पदाधिकारी के अलावे राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, रंजय कुमार सिंह, दयाल वेदव्यास चौबे, कमलकांत सिंह, सुजीत मिश्रा, मनस कुमार सिन्हा, संजय सिंह, मो महमूद, संभु प्रसाद यादव, जगजीवन राम, बिनोद कुमार, राजू चौहान, नसीम अहमद, सुरेश महतो, पिंटू रॉय, धनंजय सिंह, उदय कुमार नाग, छत्रपाल प्रजापति, कुलदीप, उमेश कुमार सिंह सहित दर्जनों यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कसमार से 43 यात्रियों का जत्था महाकुंभ स्नान के लिये प्रयागराज रवाना

बोकारो। जिले के कसमार के बाजारटांड़ से 43 यात्रियों का जत्था महाकुंभ एवं निकटवर्ती तीर्थस्थलों के लिए रवाना हुआ। बस में सवार इन यात्रियों को शुभकामनाओं के साथ स्थानीय समाजसेवियों ने विदा किया। मौके पर समाजसेवी प्रकाश कुमार महतो ने कहा कि महाकुंभ का विशेष धार्मिक महत्व है। इस बार तीर्थराज प्रयागराज में लगा महाकुंभ अपने-आप में सनातन का महासमागम और आस्था का महोत्सव है। इसमें भाग लेना और संगम स्नान करना अत्यंत पुण्यदायक माना गया है। उन्होंने बताया कि कसमार से निकले उक्त सभी यात्री प्रयागराज के बाद बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी उसके उपरांत विंध्याचल तथा भगवान श्री राम की धरती अयोध्या होते हुए वापस बोकारो लौटेंगे। मौके पर प्रकाश के अलावा शेखर शरदेंदु सुजीत कुमार प्रजापति निरंजन ज्योति लाल महतो शीला देवी मीणा देवी भवानी शंकर महतो आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### बेरमो : मां सरस्वती की प्रतिमा का हुआ विसर्जन

बेरमो/फुसरो। फुसरो शहर में मां शारदे की पूजा-अर्चना शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होने के बाद मंगलवार को कई सरकारी, गैरसरकारी विद्यालय, कोचिंग सेंटर व चौक-चौराहों में स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विद्यालय के बच्चों और युवकों ने धूमधाम के साथ शोभा यात्रा निकाल कर स्थानीय दामोदर नदी और तालाबों में प्रतिमा का विसर्जन किया। इस दौरान युवकों ने मां सरस्वती के जयकारे लगा रहे थे। साथ ही विसर्जन के दौरान अबीर व गुलाल लगाकर विद्यालय के बच्चो ने होली भी खेली।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में वसंत पंचमी के दिन अक्षरारंभ संस्कार संपन्न

बोकारो। स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी में विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना कर विद्यालय एवं यहां के छात्रों के उत्तरोत्तर विकास हेतु कामना की। इस अवसर पर कल 51 बालकों का अक्षरारंभ संस्कार भी किया गया। विद्यालय के प्राचार्य राजेंद्र कामत ने बताया कि विद्या भारती योजना के तहत झारखंड के प्रत्येक विद्यालयों में आज के दिन माता सरस्वती के पूजन के उपरांत अक्षरारंभ संस्कार का आयोजन होता है जिसके तहत अपने विद्यालय में भी इस प्रकार का आयोजन किया गया। अक्षरारंभ की सारी व्यवस्था विद्यालय द्वारा नि:शुल्क की जाती है। उपस्थित अभिभावकों ने कहा कि आज के परिपेक्ष में इस प्रकार का आयोजन विलुप्ति के कगार पर है। विद्यालय द्वारा प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन करना प्रशंसनीय है। कुल 51 बालकों को स्लेट और लेखनी देखकर ओम अक्षर एवं ईश्वर नाम को लिखाकर अक्षरारंभ संस्कार कराया गया। इस अवसर पर प्रांतीय प्रतिनिधि सिद्धेश नारायण दास संकुल संयोजक मार्कण्डेय पाण्डेय विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के संरक्षक आरएन बैठा उपाध्यक्ष निरंजन कुमार सिंह कृष्णा राय कोषाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी समिति सदस्य डॉक्टर रामनारायण सिंह सहित सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं अभिभावक वृंद उपस्थित रहे।

### चेक बाउंस के मामले के निपटारे के लिए विशेष मध्यस्थता केंद्र का आयोजन

बेरमो/तेनुघाट कोर्ट। तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति स्वयं मध्यस्थता केंद्र पहुंचकर दो पक्षों के बीच स्पेशल चेक बाउंस से संबंधित लोक अदालत को लेकर समझौता कराने का कोशिश करते नजर आए। बताते चले की माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय के निर्देश पर मुकदमों का निष्पादन को लकर दोनों पक्षों के बीच में समझौता कराकर मामला का निष्पादन करने का प्रयास किया जाता है। जिसे लेकर न्यायालय से मुकदमा को मध्यस्थता केंद्र भेजा जाता है। जहां पर मध्यस्थ अधिवक्ता दोनो पक्ष को लेकर समझौता करने को लेकर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास करते हैं और दोनों पक्षों के अधिवक्ता भी मौजूद रहते हैं। जिसे लेकर एक मामला जो समझौता के लिए मध्यस्थता केंद्र में है। उस मामले में मध्यस्थ अधिवक्ता के साथ एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति स्वयं मध्यस्थता केंद्र पर पहुंचे और मध्यस्थ अधिवक्ता विश्वनाथ के साथ वे भी समझाने का प्रयास किया। जिसमें सफलता मिली और आने वाले समय में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो जाएगा। इस अवसर पर मध्यस्थ अधिवक्ता तपन कुमार दे और सुभाष कटरियार, अधिवक्ता मो शबीर, मुरली मनोहर वर्धन, दीपक कुमार गुप्ता, कृष्णा रजक, उपासी कुमारी, वीणा देवी, अतिशय कुमार आदि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### एएन कॉलेज प्रबंधन ने स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित



**दुमका।** आदित्य नारायण कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई-4 के स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. प्रमोद झा ने आयोजित विशेष शिविर एवं नियमित क्रियाकलापों में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राध्यापक डॉ रवि उल इस्लाम, शिक्षकेतर कर्मी संगीता सोरेन, मुंशी हांसदा आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ झा ने बताया इस तरह के कार्यक्रम कॉलेज में आयोजित किए जाते हैं। जिसमें नियमित भाग लेने वाले छात्र-छात्रा हैं। उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाता है। जिसके आधार पर उन छात्र-छात्राओं को आगे की पढ़ाई के लिए या नियोजन में प्राथमिकता मिलती है। इससे छात्रों में अनुशासन, देशभक्ति की भावना जागृत होती है। एनएसएस में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को अनेक तरह के अवसर आते हैं। जिनके माध्यम से विश्वविद्यालय, राज्य स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर तक के कार्यक्रमों एवं पुरस्कार जीतने एवं प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार जीतने का अवसर प्राप्त होता है। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्राओं में रूबी कुमारी, मेरीनीला हांसदा, मंजु हांसदा, अस्मा प्रवीण, राजनंदनी, प्रियंका कुमारी, मेधा कुमारी, जुली कुमारी, आदिति प्रियदर्शनी, सोनम कुमारी, सोनामुनी मुर्मू, तरन्नुम बेगम, श्वेता कुमारी आदि उपस्थित थीं।

### फुसरो के गिफ्ट सेन्टर के मालिक का निधन



**बेरमो।** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत पटेल नगर निवासी सह मेघदूत मार्केट स्थित गिफ्ट सेंटर के प्रोपराइटर 41 वर्षीय जिनेश टोलिया का हार्ट अटैक होने से निधन हो गया। लोगो ने केन्द्रीय अस्पताल ढ़ोरी लाया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। वे व्यवहार कुशल और मृदुभाषी थे। उक्त जानकारी हरिश दोशी ने दी। व्यवसाई जिनेश टोलिया के निधन पर16 वी लोकसभा सांसद रविंद्र कुमार पांडेय,बेरमो चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आर उनेश व कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उर्फ पिंटू सिंह, सहित जीएसटी मनोज कुमार सिंह, फुसरो बाजार के व्यवसाई दिनेश कुमार सिंह, कृष्ण कुमार चांडक, मंजूर हुसैन उर्फ जिया, इलियास हुसैन, जावेद खान, मोहम्मद रियाज अंसारी, मोहम्मद रईस आलम, सुशांत राईका, अभय सिंह, भोला दिगार आदि ने शोक व्यक्त किया।

# बोकारो चैंबर ने साइबर जागरुकता अभियान को लेकर बनाई कार्य-योजना

» गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस के निदेशक डॉ जरुहार ने साइबर जागरूकता अभियान में उसके उपयोग को रेखांकित किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा साइबर पुलिस बोकारो बैंकिंग संस्थान एवं डॉ राधाकृष्णन सहोदया काम्प्लेक्स के सहयोग से चलाये जाने वाले साइबर जागरूकता अभियान के आगे की कार्य-योजना के निमित्त गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस के निदेशक डॉ प्रियदर्शी जरूहार की अध्यक्षता में कॉलेज कैंपस में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में निदेशक डॉ जरुहार ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए चैंबर के प्रयास एवं साइबर पुलिस के सहयोग की सराहना करते हुए साइबर क्राइम जैसे ज्वलंत विषय अपना एवं अपने संस्थान के भरपुर सहयोग की बात कही।

उन्होंने अपने कॉलेज कैंपस में साइबर क्राइम विषय पर हुए अखिल भारतीय विशेषज्ञ की उपस्थिति में हुए कार्यक्रम के अनुभव को साझा करते हुए आगामी होने वाले साइबर जागरूकता अभियान में उसके उपयोग को रेखांकित किया। अभियान के संयोजक द्वय राजकुमार प्रिय एवं प्रशांत कुमार के द्वारा आगामी अभियान के रूपरेखा पर चर्चा की गई जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने अपने सुझाव दिए। तत्पश्चात निदेशक ने गुरू गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस के डॉ एपी वर्णवाल डॉ आरपी वर्मा रोहित प्रसाद वर्मा प्रमोद कुमार अपूर्वा सिन्हा एवं विधि सलाहकार पल्लवी प्रसाद विशेषज्ञ के रूप में तथा कॉलेज के अन्य तकनीकी विद्यार्थियों को भी इस अभियान के तहत जोड़ते हुए अभियान की सफलता की कामना की। बैठक में साईबर थाना- बोकारो के पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार अवर निरीक्षक कृष्ण कुमार कुशवाहा की महत्वपूर्ण उपस्थिति के साथ साथ पीयूष जैन रौशनी ठाकुर अनिल कुमार सिंह एवं अन्य उपस्थित रहे।

### हजारीबाग विवि की तर्ज पर हो मांगे पूरी, वापस लेंगे आंदोलन : महासंघ

**दुमका।** सिदो कान्हु मुर्मू विवि मुख्यालय एवं अंगीभूत कॉलेज कर्मियों का 26 नवंबर से जारी हड़ताल जारी है। विवि प्रशासन एवं कर्मियों के बीच गतिरोध कायम है। इस बावत महासंघ ने कुलसचिव को आवेदन सर्मपित किया है। जिसमें महासंघ के महासचिव नेतलाल मिर्धा ने बताया कि सातवें वेतनमान एवं एसीपी-एमसीपी लागू करने को उच्च शिक्षा निदेशालय में पदस्थापित पदाधिकारियों की मंशा सवालिया निशान में है। उन्होंने हाल में बिनोवा भावे विवि के तर्ज पर आंतरिक श्रोत से एसीपी-एमसीपी का लाभ देने की विश्वविद्यालय प्रशासन की पहल पर आंदोलन समाप्त कर सकते है। इस बावत महासंघ ने एक बैठक भी आहूत की। जिसमें आंदोलन समाप्त करने की पहल करते हुए एक बंधय पत्र भी देने को लेकर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि लगातार आंदोलरत होने एवं विवि प्रशासन की अनदेखी से कर्मी तीन माह के वेतन भुगतान नहीं होने से आर्थिक संकट झेलने को विवश है।

# गोड्डा : संगठन चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** भाजपा कार्यालय गोड्डा में मंगलवार को चुनाव पर्यवेक्षक पूर्व सांसद बृजमोहन राम, जिला चुनाव प्रभारी अभय कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व भाजपा के संगठन पर्व के चुनाव के निमित कार्यशाला सम्पन्न हुई। सभी बूथ पंचायत और मंडल स्तर पर मंडल चुनाव अधिकारी और सह चुनाव अधिकारी का चयन किया गया। जिसमें चुनाव पारदर्शी तरीके से करवाने हेतु मंडल का चुनाव अधिकारी बनाया गया। प्रत्येक बूथों पर चुनाव कराया जाएगा जिसमें 11 सदस्यों की कमिटी होगी जिसमें 4 महिला सदस्य होगी इसके बाद मंडल अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा और उसके बाद जिला अध्यक्ष के लिए चुनाव होगा जिसमें जिला कमिटी का गठन किया जाएगा। जो बाद में प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव में भागीदारी निभाने का कार्य करेगी। कार्यशाला में जिला सह चुनाव अधिकारी अजय साह अनीता सोरेन, जिला महामंत्री मुरारी चौबे, राजेश टेकरीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेश झा, दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष लिलसी हेम्ब्रम, मंत्री डोली गुप्ता, सह मिडिया प्रभारी प्रितम गाडिया, श्रीकांत शाह,एवं सभी मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# बेरमो : कैंसर के प्रति जागरूकता को लेकर रैली का आयोजन

## कैंसर का जोखिम महिलाओं में अधिक होता है: डॉ सेलीना




खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो। मंगलवार को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जनजागरूकता हेतु बोकारो जिला अन्तर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में रैली, स्क्रीनिंग कैम्प, समूह बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डॉ सेलीना टूडू की अध्यक्षता में जागरूकता रैली सदर अस्पताल से गर्गा पुल तक के लिये रवाना किया गया। डॉ सेलीना टूडू द्वारा बताया गया कि कैंसर तेजी से बढती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। कैंसर के बढते खतरों को लेकर लोगों को जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। एनसीडी कोषांग द्वारा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुख कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाईकल कैंसर की जांच की जाती है। डॉ टूडू द्वारा बताया गया कि भारत ही नही दुनियाभर में महिलाये ब्रेस्ट और सर्वाईकल यानी बच्चेदानी के कैंसर का सामना कर रही हैं। मुहं का कैंसर महिला और पुरूष दोनों में होता है। इससे स्पष्ट है कि कैंसर का जोखिम महिलाओं में अधिक है इस लिये उन्हें अधिक सावधान रहना चाहिए। सरकार तीनों कैंसर के स्क्रीनिंग पर जोर दे रही हैं और इसकी सुविधा सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध है। डॉ निकेत चौधरी एवं डॉ विकास कुमार दन्त चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो के द्वारा बताया गया कि सदर अस्पताल बोकारो में मुहं के कैंसर की स्क्रीनिंग सुविधा उपलब्ध है साथ ही सामुदाय स्तर पर कैंसर की जांच सभी सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी द्वारा आयुष्मान आरोग्य मन्दिर पर की जा रही है साथ ही साथ तम्बाकू छोडने हेतु परामर्शी सेवा उपलब्ध कराई जा रही है अगर कोई व्यक्ति तम्बाकू छोडना चाहता है तो उसे छोडने हेतु दवा की उपलब्धता भी कराई जाती है। जांच के दौरान यदि कोई व्यक्ति सम्भावित कैंसर का मरीज मिलता है तो उसे उच्च स्वास्थ्य संस्थान में रेफर किया जाता है। साथ ही सभी आमजनमानस को अवगत कराया जा रहा है कि सदर अस्पताल में धुम्रपान/तम्बाकू की लत छुडवाने हेतु निकोटीन पैच की भी सुविधा उपलब्ध है आप सभी इसका सुविधा का लाभ अवश्य लें। कार्यक्रम में डॉ सेलिना टूडू जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम समन्वयक एनएचएम, जिला कार्यक्रम कार्यक्रम सहायक आरती कुमारी मिश्रा एवं जिला परामर्शी मो असलम के साथ अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# वकीलों ने की मुख्यमंत्री से चंद्रपुरा, दुगदा जरीडीह को बोकारो कोर्ट से जोड़ने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से अधिवक्ताओं के प्रतिनिधिमंडल ने इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि के नेतृत्व में मुलाकात कर सर्वप्रथम उन्हें अधिवक्ता हित में लिए गए मेडिकल इंश्योरेंस और पेंशन स्कीम लागू करने के धन्यवाद दिया।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने आए दिन अधिवक्ताओं पर हो रहे हमले से बचाव के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट विधानसभा से पास करवाने की मांग की तथा जनहित में चंद्रपुरा- दुगदा- जरीडीह को बोकारो कोर्ट के क्षेत्राधिकार में जोड़ने की मांग की।

मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी मांग को विधानसभा के पटल पर रखेंगे और जल्द लागू करवाने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री के साथ चंदनकियारी विधायक उमाकांत रजक गांडेय विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन जेएमएम के बोकारो जिलाध्यक्ष हीरा लाल मांझी मंटू यादव मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल में अधिवक्ता अतुल कुमार विनोद कुमार सिंह अमरदेव सिंह आदि शामिल थे।

# निर्माणाधीन पुल का पिलर धंसा



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिले के कसमार प्रखंड में साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे पुल का स्तंभ ढलाई के तीन दिन के बाद ही धस जाने के मामले पर मंत्री योगेंद्र महतो ने जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने कहा कि बंदोंटांड़ गांव साढ़े तीन करोड़ की लागत से बन रहे पुल में उजागर होने के साथ ही मामले पर संज्ञान लेते हुए जांच की बात कही है। बताते चले की पुल के टूटने के साथ पुल के ढलाई के बाद इसका पुन निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कर रहे ठेका कंपनी के कर्मचारी का कहना है कि पुल का पाया धस गया था जिसके तोड़कर फिर से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस पुल के निर्माण होने से कई गांवों के लोगो को फायदा होगा जिसमे कसमार प्रखंड के फुटलाही, हसलता और आस पास के क्षेत्र के रहनेवाले लोगो को इसका फायदा होगा। जहां पहले नदी होकर पार होना पड़ता था। यह पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत स्वीकृत है।

## पेज 1 का शेष

### महाकुंभ का वैभव देख भूटान नरेश अभिभूत

सीएम योगी आदित्यनाथ और भूटान के राजा जिम्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने गंगा की जलधारा पर कलरव कर रहे साइबेरिया पक्षियों को अपने हाथों में पीले रंग की बास्केट में दाना रखकर चुगाया। संगम में स्नान-ध्यान के दोनों अक्षयवट का दर्शन करने पहुंचे। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान जी के मंदिर में मत्था टेका। इसके बाद दोनों नेताओं ने बड़े हनुमान मंदिर के नजदीक बने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र पहुंचकर महाकुम्भ के दिव्य-भव्य और डिजिटल स्वरूप का भी अवलोकन किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत-भूटान मित्रता एवं सांस्कृतिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। यात्रा के दौरान प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' और विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ के महंत जगद्गुरू संतोष दास (सतुआ बाबा) सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे। भूटान नरेश सोमवार को ही लखनऊ पहुंचे थे। मंगलवार को उनके साथ सीएम योगी भी प्रयागराज पहुंचे और संगम में आस्था की डुबकी लगायी।

### झारखंड की फल व सब्जियां अब जायेंगी विदेश

निसा के निदेशक के मानना है कि राज्य में किसान बड़ी मात्रा में सब्जी और फल का उत्पादन करते हैं, लेकिन उन्हें अपनी मेहनत का ज्यादा लाभ नहीं मिल पाता है। अगर हम झारखंड की सब्जियों और फलों का 10% भी निर्यात करने में सक्षम हो जायें, तो राज्य के सब्जी और फल उत्पादकों की आय दोगुनी से भी अधिक हो जाएगी।

### तुष्टीकरण खत्म कर संतुष्टीकरण नीति बनायी

उन्होंने कहा कि संविधान की भावना है कि सबको बेहतर स्वास्थ्य मिले, स्वास्थ्य को लेकर दुनिया में चर्चा भी हो रही है। कुछ लोग अपने राजनीतिक लाभ के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में अडंगा डाल रहे। कुछ राजनीतिक दलों ने गरीबों के लिए अस्पताल के दरवाजे बंद कर रखे हैं इसका नुकसान कैंसर के मरीजों को उठाना पड़ रहा है। इस बजट में भी हमने कैंसर की दवाईयों को सस्ता करने का प्रावधान है। दो सौ डे केयर सेंटर बनाने का निर्णय लिया गया है जिसका मरीज के साथ साथ उनकी देखभाल करने वाले को भी लाभ मिलेगा।

## स्पीड न्यूज

### 'हेरी फेरी-3' कास्ट मेरे बिना रहेगी अधूरी : तब्बू



**नयी दिल्ली।** फिल्म निर्माता एवं निर्देशक प्रियदर्शन की सुपरहिट हास्य फिल्म हेरा फेरी में अभिनय करने वाले मूल कलाकारों में शामिल अभिनेत्री तब्बू ने फिल्म के तीसरे संस्करण को लेकर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों से कहा है कि उनके बिना हेरी फेरी-3 की कास्ट अधूरी रहेगी। हेरा फेरी में तब्बू के सह-कलाकार अक्षय कुमार ने हाल में इंस्टाग्राम पर प्रियदर्शन को जन्मदिन की बधाई दी थी जिसके जवाब में फिल्म निर्माता ने कहा था कि वह हेरा फेरी 3 बनाने के लिए तैयार हैं। तब्बू ने इंस्टाग्राम पर कुमार के पोस्ट को सोमवार की रात फिर से साझा करते हुए लिखा कि बेशक, कास्ट मेरे बिना पूरी नहीं होगी।

### मणिपुर में सात उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने सात संदिग्ध उग्रवादियों को गिरफ्तार करके उनके पास से भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि कल मंत्रिपुखरी ठाकुरबारी, हीनगांग थाना के अतंर्गत पांच सक्रिय उग्रवादी संगठन के सदस्य गिरफ्तार किए गये तथा उनके पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद किए। एक और अन्य घटना में, थौबल जिले के यरीपोक थाना के अतंर्गत एक सक्रिय उग्रवादी संगठन के कैडर को गिरफ्तार किया गया।

### छत्तीसगढ़ के डीजीपी बने अरुण देव गौतम

**रायपुर।** अरुण देव गौतम छत्तीसगढ़ के नए डीजीपी बनाए गए हैं। मंगलवार को छत्तीसगढ़ गृह विभाग के जारी आदेश के मुताबिक विष्णुदेव सरकार में उन्हें छत्तीसगढ़ पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अधिकारियों के नाम दिल्ली यूपीएससी को भेजे गए थे। जिसके बाद उनके नाम का ऐलान किया गया है। छत्तीसगढ़ में वे 6 जिलों के एसपी और दो रेंज के आईजी भी रह चुके हैं। आईपीएस अरुण देव गौतम गृह सचिव के रूप में भी काम कर चुके हैं।

### कपड़ा मंत्रालय ने चार स्टार्ट-अप को दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कपड़ा सचिव नीलम शमी राव ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन के तहत 10वीं अधिकार प्राप्त कार्यक्रम समिति (ईपीसी) की बैठक में चार स्टार्ट-अप को मंजूरी दे दी। मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि स्वीकृत मेडिकल टेक्सटाइल्स, औद्योगिक टेक्सटाइल्स और सुरक्षात्मक टेक्सटाइल्स के प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। मंत्रालय ने बताया कि समिति ने सामान्य दिशा-निदेशों के तहत तकनीकी वस्त्रों में पाठ्यक्रम आरंभ करने के लिए तीन शैक्षणिक संस्थानों को लगभग 6.5 करोड़ रुपये के अनुदान की भी मंजूरी दी।

### मनमोहन सिंह के स्मृति स्थल को प्लॉट आवंटित

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के स्मारक स्थल बनाए जाने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के स्मृति स्थल के साथ लगते प्लॉट को आवंटित किया है। सूत्रों के मुताबिक इस संबंध में सरकार पूर्व प्रधानमंत्री के परिवार के जवाब का इंतजार कर रही है। सरकार ने स्मृति स्थल के लिए 25 लाख रुपये भी आवंटन किये हैं। आवास मंत्रालय ने मनमोहन सिंह के परिवार को इस निर्णय से अवगत कराया और उनसे अनुरोध किया कि वह एक ट्रस्ट तैयार करें।

# दिल्ली में विधानसभा चुनाव आज, तैयारी पूरी

## 70 सीटों पर सुबह सात बजे से शुरू होगा मतदान

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव की 70 सीटों पर बुधवार सुबह सात बजे से मतदान शुरू हो जाएगा। मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से बनाए रखने के सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं और आज दोपहर से सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के कर्मचारी ड्यूटी के लिए रवाना हो चुके हैं। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की और उन्हें दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपनी मतदाता सूचना पर्ची सौंपी। श्री वाज के साथ नयी दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी सनी कुमार सिंह और बूथ लेवल अधिकारी सुरेश गिरी थे। उन्होंने राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के मतदाता जागरूकता और सुविधा प्रयासों के बारे में जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र को मजबूत बनाएं। आयोग ने विशेष रूप से पहली बार मतदान करने वाले युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों से मतदान केंद्रों तक पहुंचने की अपील की है।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटों पर कल सुबह से मतदान शुरू होगा और चुनाव नतीजे आठ फरवरी को घोषित किये जायेंगे। इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में सभी सीटों पर 699 प्रत्याशी मैदान में हैं। चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यतः तीन प्रमुख दलों- सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप), विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस पार्टी ने एक दूसरे के खिलाफ तीखे हमले किए। तीनों पार्टियों के बीच दिल्ली के मतदाताओं को लुभाने के लिए लोक-लुभावन चुनावी वायदे करने की होड़ देखी गयी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, कल सुबह सात बजे से राष्ट्रीय राजधानी के सभी 70 सीटों पर मतदान के लिए कुल 1.56 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 83,76,173 पुरुष, 72,36,560 महिला और 1,267 उभयलिंगी मतदाता शामिल हैं। इस बार लिंग अनुपात 864 और ईपी रेशिया (इलेक्टर टू पॉपुलेशन रेशियो) 71.86 दर्ज किया गया है, जिससे स्पष्ट है कि महिलाओं की भागीदारी भी मजबूत होगी।

इस बार युवा और वरिष्ठ नागरिकों की अच्छी-खासी भागीदारी देखी जा रही है। कल के मतदान में 18-19 वर्ष के 2,39,905 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे, जो कि युवाओं की लोकतंत्र में बढ़ती रुचि को दशार्ता है। वहीं 85 वर्ष से अधिक उम्र के 1,09,368 वरिष्ठ नागरिक और 100 वर्ष से अधिक उम्र के 783 मतदाता भी लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएंगे। इसके अतिरिक्त 79,885 दिव्यांग मतदाता और 12,736 सेवा मतदाता भी सूची में शामिल हैं। दिल्ली में इस बार कुल 13,766 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। पूरी दिल्ली में 2,696 मतदान स्थल तय किए गए हैं, ताकि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके। चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए कुल 97,955 कर्मचारी और 8,715 स्वयंसेवकों की तैनाती की गई है। मतदान के दिन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की 220 कंपनियां, होमगार्ड के 19,000 जवान और दिल्ली पुलिस के 35,626 पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि मतदान निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में हो सके।

# ट्रंप ने टैरिफ को 30 दिनों के लिए टाला

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** मैक्सिको के बाद अमेरिका ने कनाडा पर भी टैरिफ लगाने के फैसले को 30 दिनों के लिए टाल दिया है। यह निर्णय तब लिया गया जब दोनों देशों ने सीमा सुरक्षा को और मजबूत करने पर सहमति जताई। ट्रंप ने दो दिनों पहले मैक्सिको और कनाडा पर 25-25 फीसदी और चीन पर 10 फीसदी टैरिफ लगाने की घोषणा की थी। इस फैसले के करीब 24 घंटे बाद ही ट्रम्प ने मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम से बातचीत के बाद टैरिफ को एक महीने के लिए टालने पर सहमति जता दी। चीन से आयात पर लगाए गए टैरिफ फिलहाल जारी रहेंगे। ट्रंप ने कहा है कि कनाडा सीमा के जरिये अमेरिका में आने वाली फेंटानिल जैसी अवैध ड्रग्स रोकने के लिए कदम उठाने के बाद टैरिफ 30 दिनों तक रोकने का निर्णय लिया गया है। इससे पहले कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने ट्रम्प से फोन पर बातचीत के दौरान फेंटेनाइल की तस्करी रोकने के लिए विशेष जांच दल नियुक्त करने का वादा किया।

# गुजरात में भी लागू होगा यूसीसी : पटेल

एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति गठित



**गांधीनगर।** उत्तराखंड के बाद गुजरात में भी समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू की जाएगी। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। इस समिति को 45 दिनों में अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश करनी होगी। उत्तराखंड के बाद गुजरात समान नागरिक संहिता लागू करने की पहल करने वाला दूसरा राज्य बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में रहने वाले सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और विशेषाधिकार सुनिश्चित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। गुजरात में समान नागरिक संहिता की आवश्यकता की जांच करने और कानून का मसौदा तैयार करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक पांच सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति के सदस्यों में वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सी.एल. मीना, एडवोकेट आर.सी. कोडेकर, पूर्व कुलपति दक्षेस ठाकर, सामाजिक कार्यकर्ता गीताबेन श्रॉफ को रखा गया है। राज्य में समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने की योजना के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है, ऐसे में प्रधानमंत्री ने देशभर में समान नागरिक संहिता लागू करने का निर्णय लिया है। देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार सुनिश्चित करना है।

# शेयर बाजार में तूफानी तेजी

## सेंसेक्स 1397 अंक उछलकर 78,583 पर पहुंचा

### निवेशकों ने 5.45 लाख करोड़ कमाया

- निफ्टी 378 अंक तेजी के साथ 23739 पर हुआ बंद

एजेंसी



**मुंबई।** अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाने के लिर्णय को अगले तीस दिनों तक टालने के निर्णय से एशियाई बाजारों में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत मंलगवार को शेयर बाजार करीब दो प्रतिशत तक उछल गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1397.07 अंक अर्थात 1.81 प्रतिशत की छलांग लगाकर करीब चार सप्ताह बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 378.20 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने छह लाख करोड़ रुपये का इजाफा हो गया। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 425.24 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.54 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.70 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.35 प्रतिशत उछलकर 43,075.22 अंक और स्मॉलकैप 1.20 प्रतिशत मजबूत होकर 49,801.07 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4073 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2509 में लिवाली जबकि 1410 में बिकवाली हुई वहीं 154 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2899 कंपनियों के शेयरों में से 1951 में तेजी जबकि 863 में गिरावट रही वहीं 85 में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में एफएमसीजी की 0.13 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 में तेजी रही।

इससे कैपिटल गुड्स 3.42, कमोडिटीज 1.63, सीडी 0.37, ऊर्जा 2.50, वित्तीय सेवाएं 2.00, हेल्थकेयर 1.59, इंडस्ट्रियल्स 2.59, आईटी 1.36, दूरसंचार 0.88, यूटिलिटीज 1.95, ऑटो 0.97, बैंकिंग 2.17, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.94, धातु 1.63, तेल एवं गैस 2.40, पावर 2.31, रियल्टी 0.35, टेक 1.29, सर्विसेज 1.11 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 1.34 प्रतिशत चढ़ गए। विदेशी बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। जापान का निक्केई 0.72 और हांगकांग का हैंगसेंग 2.83 प्रतिशत मजबूत रहा। वहीं ब्रिटेन का एफटीएसई 0.21, जर्मनी का डैक्स 0.10 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.06 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स 501 अंक की तेजी के साथ 77,687.60 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 77,402.37 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली से कारोबार के अंतिम चरण में 78,658.59 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 77,186.74 अंक के मुकाबले 1.81 प्रतिशत की तेजी लेकर 78,583.81 अंक पर पहुंच गया। निफ्टी भी अंत में 23,361.05 अंक की तुलना में 1.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,739.25 अंक पर बंद हुआ।



नयी दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलते रॉयल भूटान आर्मी के लेफ्टिनेंट जनरल बाटू शेरिंग।

### निशिकांत दुबे ने राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का दिया नोटिस

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सोमवार को दिए बयान पर विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। निशिकांत दुबे ने पत्र में दावा किया है कि राहुल गांधी ने बिना प्रमाण दिए गंभीर आरोप लगाए हैं। दुबे ने कहा कि राहुल ने देश में मोबाइल निर्माण की स्थिति और चीन के भारतीय सीमा को कब्जाने जैसी गलत बयानी की है। उनका बयान न केवल ऐतिहासिक तौर पर तथ्यों को विकृत करता है बल्कि देश का उपहास करने और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा कम करने वाला है।

## गुजरात में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट आइपीएस चुडासमा ने दिया इस्तीफा

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के तौर पर मशहूर अभय चूडासमा ने अपने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया है। वर्तमान में गुजरात पुलिस में अतिरिक्त डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं। वेइसी वर्ष अक्टूबर में सेवानिवृत्त होने वाले थे। आईपीएस चुडासमा मूलरूप से भावनगर, गुजरात के रहने वाले हैं। उन्होंने 3 जनवरी को सुबह 10 बजे पुलिस प्रमुख को अपना इस्तीफा सौंप दिया। वह वर्तमान में गुजरात पुलिस में अतिरिक्त डीजीपी के पद पर कार्यरत हैं। अभय चुडासमा को गुजरात पुलिस का सुपर कॉप कहा जाता है और वे गुजरात पुलिस के कई महत्वपूर्ण मामलों में शामिल रहे हैं। उन्होंने अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट केस सहित कई अन्य महत्वपूर्ण मामले सुलझाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। वह काफी समय से साइट पोस्टिंग पर कार्यरत थे। उनके अचानक इस्तीफे ने सभी अटकलों पर विराम लग गया है।



### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अनुभव के लिए : सीतामरण

नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि पिछले साल घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजनाका उद्देश्य नौकरियां प्रदान करना नहीं था, बल्कि इसका उद्देश्य युवाओं को नौकरी के लिए तैयार करने और उन्हें कौशल प्रदान करना था। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं को शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप या एक्सपोजर प्राप्त करने की अनुमति देना चाहती है। इसके बाद वे नौकरी की तलाश में बेहतर स्थिति में होंगे। वित्त मंत्री ने राज्य सभा में बताया कि पिछले साल शुरू हुई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के पायलट प्रोजेक्ट के तहत उद्योगों ने 1.27 लाख अवसर प्रदान किए हैं।

# प्रगति यात्रा के 20 हजार करोड़ की योजनाओं को मंजूरी

- बिहार : कैबिनट की बैठक में 136 प्रस्तावों को मंजूरी
- सोनपुर हरिहरनाथ मंदिर में काशी विश्वनाथ की तर्ज पर बनेगा कॉरिडोर

पटना। मुंगेर के लिए प्रस्तावित प्रगति यात्रा पर निकलने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट बैठक हुई। जिसमें 136 प्रस्तावों पर मुहर लगी। जिसमें दूसरे और तीसरे चरण की प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने जो घोषणाएं की थी, उनको स्वीकृति दी गई है। जिनका बजट 20 हजार करोड़ का है। इससे पहले 10 जनवरी को हुई कैबिनेट की बैठक में 55 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई थी। इसमें 21 प्रस्ताव केवल सीएम नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा से संबंधित थे। जो करीब तीन हजार करोड़ रुपये के थे। हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर बनाया जाएगा। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल निदेशालय का गठन होगा। साथ ही बिहार में सीपेक टाकरा विश्व कप (किक वॉलीबॉल) के आयोजन को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट की बैठक में प्रगति यात्रा से जुड़ी 20 हजार करोड़ की 82 योजनाओं को मंजूरी दी गई है। जिसमें पथ निर्माण विभाग के 41 और जल संसाधन विभाग के 12 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। दरभंगा और पूर्णिया बस स्टैंड के निर्माण को मंजूरी मिली है। मधेपुरा के सिंधेश्वर स्थान मंदिर के विकास पर 90 करोड़ 27 लाख रुपये खर्च किए जाने और कुशेश्वर स्थान के विकास के लिए 44 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। काशी विश्वनाथ मंदिर की तर्ज पर हरिहरनाथ मंदिर के विकास को भी मंजूरी मिली है।

## सरकारी दफ्तरों में बड़े पैमाने पर होगी बहाली : नीतीश




6341 कनीय अभियंताओं व 496 अनुदेशकों की नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कहा कि सरकारी दफ्तरों में बड़े पैमाने पर बहाली की तैयारी चल रही है। विभागों में रिक्त पड़े पदों को चिह्नित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद कक्ष में 6837 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं और अनुदेशकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उन्होंने यह बात कही। कुल 6341 कनीय अभियंताओ तथा श्रम संसाधन विभाग के अधीन 496 अनुदेशकों की नियुक्ति हुई है। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 10 नवनियुक्त कनीय अभियंताओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि वह सभी नवनियुक्त लोगों से यही अपेक्षा करेंगे कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक ढंग से करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पुनः बिहार के सभी जिलों का दौरा कर रहे हैं। वहां कि समस्याओं और जरूरतों से अवगत हो रहे। जिन समस्याओं और जरूरतों की जानकारी मिल रही उनका यथाशीघ्र निराकरण किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 के पहले बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी। इससे सभी भली-भांति अवगत हैं। हमलोग आरंभ से बिहार को आगे बढ़ाने में लगे हैं। केंद्र सरकार का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।